रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 78,593.07 -166.33
डॉलर 83.935 -0.062
रांची सर्राफा
10 ग्राम 68,880 | 01 किलो 91,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 07 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 186, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 नीरज चोपड़ा फाइनल में पहुंचे...

## एक नजर

### कोकर चौक के पास सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र के कोकर चौक के पास तेज रफ्तार गाड़ी ने बच्चे को टक्कर मार दी। इस हादसे में बच्चे की मौत हो गई। मृत बच्चे का नाम अजीत बताया जाता है। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन, वे जाम हटाने के लिए तैयार नहीं हुए। देर रात तक जाम लगा हुआ था।

### वाराणसी में दो मकान धराशायी, एक की मौत

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप येलो जोन में सोमवार देर रात को दो पुराने मकान धराशायी हो जाने से नौ लोग घायल हो गए, जबकि एक महिला की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा से फोन कर घटना की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने मंडलायुक्त को सभी घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

### आडवाणी दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर बिगड़ गई है। उन्हें मंगलवार को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपोलो अस्पताल के मुताबिक 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी को न्यूरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही हैं। चिकित्सकों की टीम द्वारा उनके स्वास्थ्य की निगरानी रखी जा रही है।

### द्रौपदी मुर्मू को फिजी में सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**सुवा।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में फिजी की राजधानी सुवा में हैं। फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे मैवलीली कटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया। यह फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच मित्रता के गहरे संबंधों का परिचायक है।

## आज कल




# मंईयां सम्मान योजना की दिक्कतें दूर करें : सीएम



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राज्य के सभी वरीय पदाधिकारियों, जिला उपायुक्तों तथा सीएससी के वरीय पदाधिकारियों के साथ झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर बैठक की। बैठक में सीएम ने वरीय पदाधिकारियों को योजना का लाभ लेने में दीदी-बहनों को आ रही कठिनाइयों को दूर करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि किसी भी जरूरतमंद दीदी-बहनों को योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए विभाग जल्द से जल्द दिशा-निर्देश जारी करे। वहीं, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते ने सभी उपायुक्तों को पत्र जारी कर कहा है कि ऑनलाइन के आलावा ऑफलाइन मोड में भी आवेदन प्राप्त किए जाएं।

## मंईयां योजना आवेदन में हो रही परेशानी जल्द ही दूर की जाएगी : कल्पना सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड की महिलाओं के आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से



हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का 21 से 50 उम्र तक सभी वर्गो की महिलाओं-बहनों को लाभ दिलाने के लिए प्रखंडों की पंचायतों व गांवों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। योजना को लेकर जिलेभर की महिलाएं-बहनें शिविर में बढ़-चढ़कर का भाग ले रही हैं।

योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वे स्वयं भी आवेदन कर रही हैं और अन्य को आवेदन करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। शनिवार से ही शहरी क्षेत्र सहित पूरे जिले भर में लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने को लेकर कैंप लगाए गए थे, लेकिन कुछ कैंपों में अव्यवस्था के कारण आवेदन जमा करने आई महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस बीच, मंगलवार को सतारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू गिरिडीह के सदर प्रखंड के तेलोडीह पंचायत भवन कैंप पहुंचीं। पंचायत भवन में मौजूद महिलाओं से सीएम मंईयां सम्मान योजना के फॉर्म भरने में प्रक्रिया में हो रही परेशानियों से अवगत हुईं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि फॉर्म भरने में आ रही तकनीकी परेशानियों से सीएम अवगत हैं। जल्दी आप सभी के वगैर परेशानी के फॉर्म जमा होंगे। साथ ही कहा कि उनकी परेशानियां को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी बहनों के वास्ते इस योजना की शुरुआत की है। कल्पना सोरेन ने कहा कि फॉर्म भरने में हो रही परेशानी को लेकर सीएम हेमंत सोरेन चितिंत हैं और विभागीय स्तर पर लगातार बैठकें कर तकनीकी अड़चनों को दूर करने की दिशा में काम कर रहे हैं। शिविर की समय सीमा 10 अगस्त से बढ़कर 15 अगस्त तक कर दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना का बिचौलियों से दूर रखने के वास्ते ही फार्म निःशुल्क मुहैया कराये जा रहे हैं। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक सुदीप्य कुमार सोनू समेत स्थानीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## जयप्रकाश पटेल को झारखंड हाई कोर्ट से नहीं मिली राहत

नवीन मेल संवाददाता



- दल-बदल मामले में गंवाई है झारखंड विधानसभा की सदस्यता

**रांची।** दल-बदल मामले में झारखंड विधानसभा की सदस्यता गंवाने वाले मांडू क्षेत्र के पूर्व विधायक जयप्रकाश पटेल को झारखंड हाई कोर्ट से तत्काल कोई राहत नहीं मिल पाई है। झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबींद्र नाथ महतो के ट्रिब्यूनल ने 25 जुलाई को जयप्रकाश पटेल की विधायकी रद्द कर दी थी। पटेल ने इस फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने स्पीकर ट्रिब्यूनल के फैसले पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, इस याचिका पर सुनवाई आगे जारी रहेगी। इसे लेकर शिकायतकर्ता झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को नोटिस जारी किया गया है। जयप्रकाश पटेल वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा के लिए चुने गए थे। इस साल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ले ली थी और उसके टिकट पर हजारीबाग लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे। पार्टी बदलने के बावजूद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया था। विधानसभा में भाजपा विधायक दल एवं प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने उनके खिलाफ स्पीकर के ट्रिब्यूनल में दल-बदल की शिकायत दर्ज कराई थी।

शेष पेज 11 पर

ब्रिटेन से अब तक शरण के लिए नहीं मिला ग्रीन सिग्नल

## बाहर जाने की सुरक्षित व्यवस्था होने तक भारत में रहेंगी हसीना



-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में भले ही अन्य देशों के जरूरतमंद राजनयिकों, अन्य क्षेत्र के जाने -माने लोगों को सुरक्षा देने का बेहतरीन रिकॉर्ड है, जिनको राजनीतिक कारणों से इसकी बहुत जरूरत होती है। लेकिन वहां आव्रजन नियमों के तहत किसी को शरण लेने या अस्थायी शरण लेने के लिए यात्रा करने की अनुमति देने का कोई नियम नहीं है। लेकिन इधर तो शेख हसीना अपने विरुद्ध बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर छात्र आंदोलन व हिंसा के चलते 5 अगस्त को देश छोड़ भारत भाग आईं हैं। और अज्ञात स्थान पर हैं। हालांकि उन्होंने ब्रिटेन से पनाह मांगी है, उनके परिवार के लोग व रिश्तेदार वहाँ हैं। उनके एक रिश्तेदार वहाँ सांसद भी हैं। वे लोग हसीना के ब्रिटेन जाने में जो अड़चन आ रही हैं , उसको दूर करने के लिए प्रयासरत भी हैं। उनके एक रिश्तेदार सांसद ने 5 अगस्त को ही ब्रिटिश सरकार व संबंधित मंत्री से मिलकर इसके लिए कहा व लिखा है। लेकिन अड़चन यह है कि ब्रिटेन के गृह कार्यालय के अनुसार देश के आव्रजन नियम उन व्यक्तियों को ब्रिटेन आने की अनुमति नहीं देते हैं, जो वहां शरण लेने के लिए आते हैं। उसमें कुछ ऐसे क्लाज देखे जा रहे हैं जिसके चलते वह एक बार ब्रिटेन चली आवें , फिर बाक़ी सब पूरा किया जाता रहेगा।

शेष पेज 11 पर

### शेख हसीना की बहन रेहाना की बेटी तुलिप ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सांसद

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शेख हसीना को ब्रिटेन में शरण नहीं मिला तो फिनलैंड या जर्मनी या आयरलैंड या अमेरिका में भी शरण लेने की कोशिश सकती हैं। शेख हसीना के साथ उनकी बहन शेख रेहाना भी विदेश शरण लेने जाएँगी। शेख रेहाना, शेख हसीना की छोटी बहन हैं। वर्ष 1975 में भी बांग्लादेश में ऐसा विद्रोह हुआ था जिसमें प्रदर्शनकारियों ने शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान , उनकी मां व तीन बेटों की हत्या कर दी थी । उस समय शेख हसीना अपने पति वाजिद मियां तथा छोटी बहन शेख रेहाना के साथ जर्मनी में थीं, सो वे बच गईं। वरना पूरा परिवार खत्म हो गया होता। रेहाना का जन्म 13 सितंबर 1955 में हुआ था और वो बांग्लादेश के पिता कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान के परिवार की सबसे छोटी बेटी हैं। शेख रेहाना की शुरुआती पढ़ाई लिखाई शाहीन स्कूल से हुई। 1971 में जब बांग्लादेश का मुक्ति संग्राम शुरू हुआ तब पाकिस्तानी फौज ने शेख रेहाना को भी नजरबंद कर दिया था।

शेष पेज 11 पर

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति मो शहाबुद्दीन ने संसद भंग की, रिहा हुईं खालिदा जिया

**ढाका।** हिंसाग्रस्त बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन का



रास्ता साफ हो गया। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को संसद भंग कर दी। ढाका से प्रकाशित ट्रिब्यून के अनुसार, एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीनों सशस्त्र बलों के प्रमुखों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और छात्र आंदोलन के नेताओं के साथ राष्ट्रपति शहाबुद्दीन की बैठक के निर्णय के आधार पर, राष्ट्रीय संसद को भंग कर दिया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार एक जुलाई से पांच अगस्त तक छात्र आंदोलन और विभिन्न मामलों में हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इनमें से कइयों को पहले ही रिहा किया जा चुका है।

# बरही में स्टील प्लांट में विस्फोट, एक की मौत

## पांच मजदूर गंभीर रूप से झुलसे, चार रांची रेफर

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में हो रहा एक का इलाज



**हजारीबाग।** जिले के बरही में पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय प्लांट की चिमनी में मंगलवार को हुए जोरदार ब्लास्ट में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि पांच मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। सभी झुलसे श्रमिकों को तत्काल हजारीबाग शहर के आरोग्यम अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चार श्रमिकों को रांची के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार प्लांट की चिमनी में दोपहर में करीब 12:00 बजे धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि वहां काम कर रहे मजदूर हवा में दूर तक उछल गए। सभी 80 से 90 फीसदी झुलस गए थे। एक मजदूर जितेंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। रेफर किए गए घायलों में राजू, राजेश, शैलेश और रामदेव हैं। एक मजदूर नरेंद्र कुमार का इलाज आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है। बरही में झारखंड इंडस्ट्रीयल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) की ओर से इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। यहां कई उद्योग लगने शुरू हुए हैं। जिस पवनपुत्र स्टील एंड एलॉय कंपनी के प्लांट में विस्फोट हुआ है, वह करीब दो साल पहले यहां स्थापित हुआ है। अस्पताल में मजदूरों का स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव भी पहुंचे। इधर, ब्लास्ट की वजह से फैक्टरी को भी काफी नुकसान पहुंचा है। ब्लास्ट कैसे हुआ, इसके बारे में फिलहाल प्लांट की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। घटना के बाद उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित बरही घटनास्थल पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया।

## लोहरदगा में आटा चक्की फटने से एक की मौत, दो बच्चे हुए घायल

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा जंगल मुहल्ला के समीप मंगलवार को आटा चक्की ब्लास्ट होने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल बच्चों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार सेन्हा जंगल मुहल्ला निवासी 21 वर्षीय असफाक अंसारी घर पर मंगलवार को आटा पिसाई कर रहा था। इस दौरान चक्की ब्लास्ट कर गया, जिससे वह घायल हो गया। साथ ही, वहां खड़े 6 वर्षीय तंजील अंसारी और 3 वर्षीय साकिब अंसारी भी गम्भीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सेन्हा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उन्हें सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया। अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही असफाक अंसारी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।

## बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ निरंतर संपर्क में है सरकार : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश के हालात पर मंगलवार को लोकसभा में बयान देते हुए कहा है कि बांग्लादेश में कार्यरत राजनयिक मिशनों के माध्यम से सरकार बांग्लादेश में रह रहे भारतीय समुदाय के साथ निकट और निरंतर संपर्क में है। लोकसभा में बांग्लादेश के हालात की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री ने बताया कि जनवरी 2024 में हुए चुनाव के बाद से, बांग्लादेश की राजनीति में भारी तनाव, गहन विभाजन और बढ़ता ध्रुवीकरण देखा गया।

शेष पेज 11 पर

## लगातार आदेश के बाद भी नहीं हो रहा ट्रैफिक में सुधार

### हाई कोर्ट में हुई ट्रैफिक व्यवस्था पर सुनवाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची के ट्रैफिक एसपी पर नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट के कई आदेशों के बावजूद भी राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए लांग टर्म प्लान बनाने की जरूरत है। सात वर्षों से यह जनहित याचिका चल रही है, लेकिन रांची में जाम की समस्या का समाधान नहीं निकल पाया है। कोर्ट ने अवैध ढंग से चल रहे ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान ट्रैफिक एसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। कोर्ट ने उनसे सड़क के विभिन्न चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पोस्ट एवं उसमें वॉशरूम की व्यवस्था के संबंध में जानना चाहा। झारखंड हाई कोर्ट में रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हो रही थी। इस पर ट्रैफिक एसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची में 60 ट्रैफिक बूथ एवं 50 ट्रैफिक पोस्ट चिह्नित किए गए हैं।

शेष पेज 11 पर

### रांची में यातायात को बेहतर बनाने के लिए एसक्यूआरटी तैनात



**रांची।** राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करवाने के लिए स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम (एसक्यूआरटी) तैनात की गई है। डीआईजी अनूप बिरथरे और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को सीसीआर से स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम को ऑन किया। डीआईजी और एसएसपी ने स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम को हरी झंडी दिखाकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए रवाना किया। बाइक सवार ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को दिनभर भ्रमणशील रहते हुए रांची की ट्रैफिक दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी दी गई है। रांची डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर 10 बाइक की एक स्पेशल टीम बनाई गई है।

शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# विकसित राष्ट्र बनने के लिए सभी की हो व्यापक दृष्टि



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हम में से अनेक लोग चाहते हैं कि विदेशों की तरह स्वर्गिक सुविधाएं हमें मिलें सरकारी नौकरी पक्की मिले पर हमें निजी कंपनी की तरह काम न करना पड़े । हमारे व्यवसाय में दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति हो पर टैक्स न देना पड़े ।विश्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प चुनौतीपूर्ण है। इसके लिए भारत को मध्य आय के जाल से निकलना होगा और लगातार 7 से 10 प्रतिशत की विकास दर से वृद्धि करनी होगी। मौजूदा विकास दर की गति से अमेरिका के चौथाई जीडीपी तक पहुंचने में भारत को 75 साल लग जाएंगे ।27 जुलाई को नीति आयोग के शासी निकाय की बैठक में भी इस रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिए है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय उद्योग परिसंघ के सम्मेलन में कहा था कि अब विकसित भारत के लिए उद्योगों की अहम भूमिका है। ऐसे में अब सरकार से विकसित भारत के स्पष्ट रोडमैप की अपेक्षा की जा रही है। नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने



कहा कि विकसित देश बनाने के लिए कई अनुकूलताएं भारत के पास हैं। चूंकि यह दशक तकनीक और भू-राजनीतिक बदलाव का है, अतएव भारत को इस मौके का पूरा फायदा उठाना होगा और ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आए। प्रधानमंत्री ने गांवों से गरीबी समाप्त करने का लक्ष्य तय करने और जिलों को विकास के वाहक बनाने का आह्वान किया है।नीति आयोग के दृष्टिपत्र में कहा गया है कि 'जनसांख्यिकी, लोकतंत्र और विविधता' के तीन स्तंभों पर विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले 70 वर्षों में मुश्किल से एक दर्जन मध्यम आय वाले देश ही उच्च आय वाले विकसित देश बन पाए हैं। ऐसे में कई बड़े लक्ष्य की चुनौतियों के बीच भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ा जाएगा। भारत को एक विकसित देश बनने के लिए 18,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय के साथ 2047 तक करीब 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आवश्यकता है। विकसित भारत के लिए देश में प्रत्येक नागरिक के पास गुणवत्तापूर्ण आवास, 24 घंटे शुद्ध पेयजल और बिजली आपूर्ति, हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड और बैंकिंग सुविधाओं सहित उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच जरूरी होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए वर्ष 2024-25 का आम बजट महत्वपूर्ण है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों मूडीज, एसएंडपी, फिच आदि ने वित्त वर्ष 2024-25 के भारत के बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट में राजस्व घाटा एवं राजकोषीय घाटा कम करने की प्रतिबद्धता दिखाई गई है।शेष 23 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है, लेकिन असंभव नहीं है। 2047 तक 18,000 डॉलर वार्षिक प्रति व्यक्ति आय के लक्ष्य को हकीकत में बदलने के लिए दो अंकों की वृद्धि लगातार बनाए रखनी होगी। सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, जापान, जर्मनी जैसे देशों ने दशकों तक ऊंची विकास दर से विकसित देश का सम्मान पाया है। इन देशों के विकसित देश बनने में संस्थागत और सामाजिक बदलावों से भी बड़ी मदद मिली है। सिंगापुर ने अफसरशाही में सुधार किया, कोरिया ने अभिनव निजी-सार्वजनिक भागीदारी विकसित की है, तो जापान ने अपने सार्वजनिक क्षेत्र में नियमन और न्यायपालिका में पूरी तरह पश्चिमी उदारवादी मॉडल अपनाने की रणनीति अपनाई।भारत को इनके अलावा ऊर्जा क्षेत्र की मांग पूरी करनी होगी। औद्योगिक प्रतिस्पर्धा बढ़ानी होगी। ग्रामीण व शहरी असमानता दूर करनी होगी। इन सबके साथ-साथ इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि देश में इस समय जिस तरह पुरातन व्यवस्थाओं और सख्त अफसरशाही ढांचे की वजह से निर्णय प्रक्रिया में देरी होती है, उसमें व्यापक सुधार लाया जाए। विकसित भारत के लिए जरूरी होगा कि कृषि के अतिरिक्त श्रम बल के लिए उद्योग और सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजित किए जाएं। देश में न्यायिक प्रक्रिया और कानून के प्रवर्तन में सुधार और सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं को श्रम शक्ति में अधिक भागीदारी देने और अन्य सामाजिक बदलावों को लागू करने जैसे अभियानों के लिए प्रबल राजनीतिक और सामाजिक सहमति बनानी होगी।इसमें बड़ी बाधा वोट बैंक की भेदभाव वाली राजनीति सबसे बड़ी आबादी और भ्रष्टाचार है ।





## एक नजर

### मृतक के परिजनों से मिले सन्नी टोप्पो ने की आर्थिक मदद

**चान्हो ।** प्रखण्ड के पतरातु ग्राम में मंगलवार को मृतक स्वङ्ग पवन महतो के परिवार से मिले भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो परिवार से मिलकर आर्थिक सहयोग कया। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया। कुछ दिनों पहले पवन महतो की आकस्मिक मृत्यू हो गई थी। परिवार में अकेला कमाऊ सदस्य थे। पवन भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता थे।

### एसएनएमएमसीएच की एनआईसीयू में एक वार्मर पर 4 नवजात का इलाज

**धनबाद।** धनबाद के एनआईसीयू वार्ड में भर्ती नवजात के इलाज में घोर लापरवाही बरती जा रही है. स्थिति यह है कि एनआईसीयू वार्ड की वार्मर मशीन पर एक साथ चार नवजात को रखकर इलाज किया जा रहा है. एसएनएमएमसीएच के एनआईसीयू में कुल 11 वार्मर मशीन हैं. सभी वार्मर में दो से चार नवजात का इलाज चल रहा है. एनआइसीयू में वार्मर की संख्या बढ़ाने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने कई बार पहल की लेकिन, मुख्यालय से कोई जवाब नहीं आया. डॉक्टरों के अनुसार एक वार्मर मशीन पर एक से अधिक नवजात को नहीं रखा जा सकता है.

### बसंत बिहार कालोनी के घरों में जली लाईट

**रामगढ़।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश में रामगढ़ विधानसभा के रामगढ़ कैंट मंडल क्षेत्र अंतर्गत विश्वकर्मा मंदिर समीप बसंत बिहार कालोनी में ट्रांसफॉर्मर जलने के 24 घंटा के अंदर 200 केबीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया।

मुख्यमंत्री ने विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

# समारोह स्थल की साज-सज्जा का बेहतर प्लानिंग करें : हेमन्त सोरेन



*महोत्सव में पहुंचने वाले सभी आगंतुकों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान रांची में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 9 एवं 10 अगस्त 2024 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखण्ड आदिवासी महोत्सव सम्पूर्ण गरिमा और भव्यता के साथ मनाया जाय। महोत्सव में पहुंचने वाले सभी आगंतुकों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सांस्कृतिक समारोह स्थल में आगंतुकों के बैठने की पूरी व्यवस्था हो। साज-सज्जा तथा भव्यता में कोई कमी न रहे इस हेतु पूरी तैयारी एक बेहतर प्लानिंग के साथ करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झारखंड की समृद्ध कला, संस्कृति को प्राथमिकता के तौर पर शामिल करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम की भव्यता झारखंड के कला-संस्कृति पर केंद्रित हो यह सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन के दौरान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान परिसर में लगे पेड़-पौधों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखें। मौके पर विभागीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि कार्यक्रम के दौरान समारोह स्थल पर लगे एक भी पेड़-पौधों को नुकसान न पहुंचे इस निमित्त पूरी तत्परता के साथ विशेष ध्यान रखा जा रहा है। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में आयोजित कल्चरल प्रोग्राम में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता के तौर पर मौका दें।

# झारखंड एक समृद्ध राज्य होने के बावजूद अभी तक अपेक्षित : भोला सिंह



**सिल्ली।** सोमवार की देर रात ट्रेन से बनारस के लिए रवाना हुए। वे मुरी स्टेशन पर रांची से सड़क मार्ग से आए। वीआईपी लाउंज में वे बीजेपी के कार्यकर्ताओं से मिले। संगठन एवं स्थानीय मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि झारखंड राज्य जेएमएम एवं कांग्रेस की सरकार से पूरी अराजकता माहौल है। वर्तमान हेमंत सरकार ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जनता के साथ अन्याय किया है। आने वाले विधान सभा चुनावों में झारखंड की जनता हिसाब चुकता करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग के लोगों के लिए कई योजनाएं लागू की है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आया है। झारखंड एक समृद्ध राज्य है बावजूद इसका अभी तक अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ही इस राज्य का समुचित विकास कर सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। संगठन के मुद्दे पर बातचीत की एवं कार्यकर्ताओं से विधानसभा के चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा। इस मौके पर भाजपा के कमलेश राम, अमित महतो, अंबुज रजक समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### नवनियुक्त जिला महामंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष को दी बधाई



**सिल्ली।** जेबीकेएसएस/ जेएलकेएम के द्वारा सर्वसम्मति से नीतीश कुमार महतो को रांची जिला महामंत्री एवं प्रवीण को रांची जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। जिला महामंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दोनों नव नियुक्त युवा नेताओं को सिल्ली के युवाओं ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। नव नियुक्त जिला महामंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद दोनों युवा नेताओं ने कहा कि पार्टी द्वारा जो भी दायित्व हम लोगों को दिया जाएगा उसकी पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ निर्वाह किया जाएगा। जेबीकेएसएस/जेकेएलएम के प्रवक्ता राजू महतो, युवा मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार, महिला मोर्चा वरिय उपाध्यक्ष नविता देवी, सक्रिय सदस्य रमेश कुमार महतो,अजीत महतो,सरोज सिंह,सुधीर महतो,लालू महतो,अभिषेक महतो,अक्षय महतो,बबलू महतो,जगदीश महतो,सोनू महतो,सतीश महतो आदि ने बधाईयां दी।

### कावरियों का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना



**चान्हो।** प्रखंड के हुटार एवं टांगर बीजुपाड़ा से कावरियों का जत्था मंगलवार को बाबाधाम के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो एवं जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने भगवान भोलेनाथ के उद्घोष के बीच रामपताका दिखा कर बीजुपडा एवं हुटार से एक साथ जत्था रवाना किया। इस दौरान जत्थे में जा रहे लोगों ने बताया कि यह यात्रा 10 दिनों की और यात्रा देवघर बाबा धाम के बाद बासुकीनाथ, राजगीर, अयोध्या, विंध्याचल, बनारस, व बंशीधर नगर होते हुए वापस होगी। इससे पूर्व बीजुपडा एवं हुटार गांव में सन्नी टोप्पो,आशुतोष तिवारी का ढोल - नगाड़े , शहनाई की धुन के साथ भोले नाथ के जयकारे से स्वागत किया गया। वहीं दूसरा जत्था कावरिया संघ, टांगर बिजूपाड़ा के द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। शिवालयों में पूजा-अर्चना व जलाभिषेक के साथ कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। सभी यात्रियों को रवाना करते हुए उनके सुखद और मंगल यात्रा की कामना किया। इस मौके पर सदानंद सिंह, अरविन्द सिंह,अजय मिश्रा सहित अन्य शिव भक्त शामिल हुए।

### उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल में तीन दिवसीय नशा मुक्त भारत अभियान का हुआ शुभारंभ



**खलारी।** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में ब्रह्माकुमारीज द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत में विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जयंती ने ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला की नियमित बीके प्रीति बहन सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। बीके प्रीति बहन ने अपने संबोधन में कहा कि जिम्मेदार नागरिक एक सशक्त राष्ट्र की पहचान है, जिसका राष्ट्र सेवा में बहुत बड़ा योगदान होता है। हमारी पहचान हमारे देश से बनती है और हमसे ही हमारा देश है। किसी भी नागरिक की पहचान देश की नागरिकता के बिना अधूरी है। प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका देश की गरिमा को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कहा कि हमारे युवाओं में जिस तेजी से नशे का सेवन बढ़ रहा है उस पर चिंता होना स्वाभाविक है। लेकिन यह समय केवल चिंता का नहीं बल्कि चिंतन का और समाधान की ओर तेज गति से बढ़ने का है। आध्यात्मिक चेतना, चिकित्सा, सामाजिक एकजुटता और राजनीतिक इच्छाशक्ति के द्वारा इस स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। कहा कि इस दिशा में ब्रह्माकुमारीज द्वारा चलाया जा रहा नशा मुक्त भारत अभियान व्यसनों से प्रभावित लोगों को जागृत करने में सहायक होगा।

## 22 अगस्त को कंप्यूटर ऑपरेटर मुख्यमंत्री आवास के समक्ष देंगे धरना, करेंगे प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

झारखण्ड राज्य सामाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटरों के मांगों को सरकार द्वारा नहीं माने जाने पर सभी कंप्यूटर ऑपरेटर आंदोलन रत्त हैं। सभी कंप्यूटर ऑपरेटर सरकार की नीतियों से असंतोष व्यक्त करते हुये पांच एवं छह अगस्त को दोनों दिन काला बिल्ला लगाकर कर कार्यालय में अपना कार्य किया। संघ के पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झारखण्ड के सभी जिलों में सामाजिक सुरक्षा के कम्प्यूटर ऑपरेटरों के द्वारा काला बिल्ला दो दिनों के लिए लगा कर कार्य किया। कंप्यूटर ऑपेटर संघ के लापुंग शाखा के कंप्यूटर ऑपरेटर सुजीत कुमार ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर के मानदेय के विसंगति को दूर करते हुये सरकार झारखण्ड राज्य में एकरूपता लाए। कंप्यूटर ऑपरेटर को पूर्ण बचाव के अवसर दिये जाएं तथा कंप्यूटर ऑपरेटर की छटनी पर रोक लगाई जाय। दूसरी मांग सभी कार्यरत सामजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं अन्य कार्यरत कर्मी की सेवा सामाजिक सुरक्षा के स्वीकृत रिक्त लेखा लिपिक के पद एक मुश्त वरीयता के आधार पर समायोजित किया जाय।

# सड़क की जर्जर हालत से ग्रामीण नाराज, की धान रोपनी



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** प्रखंड के ग्राम मंदरो के ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर यह असामान्य तरीका अपनाया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत के लिए मांग की जा रही है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने बीचोबीच सड़पर धनरोपनी की और अपना आक्रोश जताया। विरोध प्रदर्शन की खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क की बदहाल स्थिति का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। डॉ. भगत ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया और आए दिन हो रही दिक्कतों से अवगत कराया। इस कदम से ग्रामीणों में उम्मीद बंधी है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी शमीम अख़्तर आजाद, आनंद सिंह, देवेंद्र साहू, मौलाना जलील, बिग्लू साहू, नसीम आलम, बरता सिंह, महबूल अंसारी, इस्तियाक अंसारी, रोजामत अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## खाटूनरेश का हरियाली पर्व अनुष्ठान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार खाटूनरेश का हरियाली पर्व अनुष्ठान विधि विधान रूप से मनाया गया । खाटूधाम की परंपरा के अनुसार श्रावण मास के अमावस्या स्नान के बाद बाबा श्याम का हरियाली पर्व मनाया जाता है । आज बाबा श्याम को नवीन पोशाक पहनाकर केसर चंदन का तिलक श्रृंगार किया गया। हरियाली पर्व होने के कारण आज सभी देवी देवताओं एवं खाटूनरेश को हरे रंग का पोषक पहनाया गया । सुबह मंगल आरती के बाद भोग लगाकर परदा लगाया गया। उसके बाद प्रातः कालीन श्रृंगार करके 8:30 बजे की श्रृंगार आरती की गई । दोपहर 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे पट लगा दिए गए। दोपहर के बाद हरियाली पर्व अनुष्ठान मंदिर के आचार्य द्वारा विधि विधान से प्रारंभ किया गया। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि आज के हरियाली पर्व के लिए बेंगलुरु से विशेष साथ कलर के गुलाब से बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया था।सभी देवी देवताओं एवं गुरुजनों का भी भव्य दिव्य श्रृंगार किया गया। गणेशजी श्यामेश्वर महादेव एवं हनुमानजी महाराज को लाल गुलाब का माला पहनाया गया था। आज के विशेष भोग में दिलकुसार का प्रसाद बनाया गया था। विशेष भोग सेवा सुभाष रौनक पोद्दार द्वारा पंचमेवा भोग प्रिंस अजमानी पोशाक सेवा अजय विद्या मयंक ऋषिका जैन द्वारा निवेदित था । विशेष श्रृंगार दर्शन के लिए भक्तों का ताता मंदिर में संध्या 5:00 बजे से लग रहा।

भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# स्तनपान बच्चों के भविष्य के लिए जरूरी : निहारिका श्रीवास्तव



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

भारती ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूसन के अंर्तगर्त भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में स्तनपान जागरूकता सप्ताह पर एक दिवसीय स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा स्तनपान का परिचय, लाभ, तकनीक पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया और नाटिका द्वारा अन्य विद्यार्थियों को जागरूक कराया गया। क्रार्यक्रम में प्रिंसिपल निहारिका श्रीवास्तव ने स्तनपान दिवस के थीम पर विस्तार पुरवक विवरण दिया एवं जानकारी को अपने परिवार के सदस्यों तथा समाज के साथ साझा करने का सुझाव दिया। प्रिंसिपल निहारिका श्रीवास्तवा ने कहा कि स्तनपान बच्चों के भविष्य के लिए जरूरी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के सचिव नितिन परासर और एजुकेसनल सेक्रेटरी डॉ दिपाली परासर थे। मौके पर निहारिका श्रीवास्तवा, अंजेला गाड़ी, अदिती ज्योति दहांगा, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी, पुनम मिंज, क्रिसटिना किसकु, अरपना कुमारी, शशिभूषण जायसवाल, तुलसीदास अलॉटमेंट आदि शामिल हुए।

## आमजनों की समस्याओं से डीसी हुई अवगत

**रांची/कोडरमा।** डीसी मेघा भारद्वाज ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न इलाके के लोगों ने अपनी समस्याओं को डीसी के सामने रखा। डीसी ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में गैरमजरूआ जमीन का अतिक्रमण मुक्त करने, दाखिल-खारिज, अनुकंपा पर नौकरी देने, आयुष्मान कार्ड बनाने, जमीन पर आवास बनाने, शिक्षक नियुक्ति, जमीन विवाद, राशन कार्ड समेत कई मामलों में आवेदन दिया। जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों की जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

बेड़ो प्रखंड और नरकोपी थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक

# 14 घरों को तोड़ा, महिला ने डर से परिवार सहित किया पलायन



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड और नरकोपी थाना क्षेत्र के वैद्यखिजरी, करगे पतरा टोली, डोरंडा पीपर टोली, बिल्टी, करकरी टंगराटोली, सेरो बिहाडी.टोली में 18 जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण क्षेत्रों में भारी दहशत व्याप्त हो गया है। दर्जनों लोगों के घरों की दिवारों को तोड़कर और घर में रखे अनाज को खाकर जंगली हाथियों ने खूब तांडव मचाया। कई लोग जंगली हाथियों को सामने देखकर भाग कर जान बचाने में सफल रहे। जंगली हाथियों की खौफ से सेरो बिहाड़ी में चमारी भगताइन पति स्वर्गीय महादेव उरांव नामक एक आदिवासी महिला परिवार सहित अपना घर छोड़कर पलायन कर गया। नरकोपी थाना क्षेत्र के रहने वाले सोमी उराईन, तेतरी उराईन, बालक गडेरी, गोयन्दा उरांव, मंगरा उरांव, रामवृक्ष महतो, नौशाद अंसारी, कर्मा उरांव, भौवा उरांव, प्रदीप उरांव, राजो दरबानी, निजामूल खान, शकील खान, मुजीब अंसारी सहित अन्य लोगों के घरों को जंगली हाथियों ने या तो ध्वस्त कर दिया या फिर भारी नुकसान पहुंचाया। दो लोगों के मुर्गी शेड को बुरी तरह छतिग्रस्त कर दिया। जंगली हाथियों के झुंड ने गांव में तब प्रवेश किया जब लोग गहरी नींद में थे।

## रांची रोड चौक से लेकर इफिको गेट तक जल्द बनेगा सड़क

**रांची/ रामगढ़।** छावनी परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर एक में कांग्रेस पार्टी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष महेश यादव एवं वरीय उपाध्यक्ष राजू वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान राजू वर्मा ने कहा कि जब ममता देवी विधायक थी, उस वक्त उन्हें रांची रोड चौक से लेकर इफिको गेट तक सड़क निर्माण को लेकर आवेदन सौंपा गया था। ममता देवी ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि आज सड़क की नापी हो गई। उम्मीद है कि जल्द सड़क का निर्माण होगा। लोगों की मेहनत जल्द ही साकार होगी।

# बेड़ो प्रखंड के पुरियो ग्राम पंचायत में मुखिया ने किया पक्की नाली निर्माण योजना का शिलान्यास

*नाली का हमें बहुत दिनों से इंतजार था, यहां खासकर बरसात के दिनों में कीचड़ की वजह से बहुत दिक्कत होती थी*



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के ग्राम पंचायत पुरियो के फादिलमर्चा में मुखिया नीरज कुजूर ने 15 वीं वित्त योजना से बनने वाली 400 फिट लम्बी पक्की नाली का शिलान्यास किया, इस मौके पर मुखिया ने कहा कि पंचायत का विकास ही मेरे लिए सबसे बड़ी संतुष्टि है, और मैं इसी कारण पंचायत के विकास के लिए 24घंटे तत्पर रहता हूं। मौके पर ग्रामीण मुकेश कुमार महतो ने मुखिया को धन्यवाद देते हुए बताया कि इस नाली का हमें बहुत दिनों से इंतजार था, यहां खासकर बरसात के दिनों में कीचड़ की वजह से बहुत दिक्कत होती थी, पर अब नाली बन जाने के बाद हम सभी को कीचड़, गंदगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर वार्ड सदस्य नीतू देवी, लाभुक समिति अध्यक्ष अनिल महतो,सचिव संतोष महतो, पंचायत सचिव चांदनी कुमारी,ग्रामीण दिनेश महतो, राजेंद्र महतो, महावीर महतो, प्रकाश उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## भूमि पूजन के साथ पूजा पंडाल का निर्माण शुरू

**रांची/ रामगढ़।** रामगढ़ युवा संघ गोला रोड़ चट्टी बाजार की ओर से 10 वां श्रीगणेश महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंगलवार को पूजा पंडाल के समीप भूमि पूजन किया गया। मुख्य पुजारी विष्णु शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करवाया। जबकि, संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने बतौर यजमान पूजन किया। प्रभात अग्रवाल ने बताया कि 7-11 सितंबर तक पांच दिवसीय श्रीगणेश भव्य महोत्सव मनाया जाएगा। लाल बाग के तर्ज पर गणपति बप्पा की 20 फीट की मूर्ति विराजमान होगी। गणपति को 251 किलो का एक लड्डू भोग लगाया जाएगा। इसके अलावा आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण होगा। धार्मिक अनुष्ठान में संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, सचिव सूरज प्रजापति, कोषाध्यक्ष टिंकू कुमार, योगेश घोरपडे आदि लोग उपस्थित थे।

## दिल्ली स्वतंत्रता दिवस समारोह

# राज्य के शिक्षाविद और एक किसान होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वतंत्रता दिवस पर नई दिल्ली में लाल किले पर आयोजित मुख्य समारोह में झारखंड के शिक्षाविद और एक किसान को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। दोनों ने कड़ी मेनहत से राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाई है। दोनों पश्चिम सिंहभूम के रहने वाले हैं। पश्चिम सिंहभूम के टोंटो के मोहन सिंह बारी प्रगतिशील किसान हैं। उन्होंने बागवानी के जरीए ग्रामीणों को काफी प्रोत्साहित किया है। वहीं, पश्चिम सिंहभूम के गुदड़ी के रहने वाले दुशासन सिंह ने स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से मुख्यधार में लाने का काम किया है। इस मेहनत के कारण उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए विशेष अथिति के रूप में निमंत्रण मिला है।

### जिला प्रशासन ने दोनों को किया नामित

उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा ने कहा कि 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह के लिए विशेष अतिथि के रूप में जिले के आकांक्षी प्रखंड से दो लोगों को नामित करने के लिए झारखंड सरकार के योजना एवं विकास विभाग की ओर से मांग की गयी थी। इसी आलोक में मोहन सिंह बारी और दुशासन सिंह को नामित किया गया है।





### दुशासन सिंह ने किए ये काम

दुशासन सिंह अपने क्षेत्र में ड्रॉपआउट रेट कम करने के लिए घर-घर जाकर बच्चों से मिलते हैं और स्कूल में नामांकन कराते हैं। अभिभावकों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक करते हैं। 50 से अधिक ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में ला चुके हैं। 20-20 किलोमीटर दूर से आने वाले बच्चों का भी नामांकन विद्यालय में कराया है।

# न्यूजीलैंड में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.66 करोड़ की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

न्यूजीलैंड में नौकरी के नाम पर 1.66 करोड़ रुपये की ठगी कर ली गई। इस मामले की जांच को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता से शिकायत की गई है। यह शिकायत चाइल्ड राइट्स फॉउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने मंगलवार को की है। शिकायत में कहा गया है कि गुमला जिला के बसिया का रहने वाला आवेदक विनेश कुमार साहु के माध्यम से पता चला कि डॉ मीना एस गोप इनको बताया कि न्यूजीलैंड ऑक्लैंड सिटी हॉस्पिटल में नौकरी लगा देंगी। मीना एस गोप के माता-पिता इनके ही गांव सोनमेर के रहने वाले हैं, जिसे ये बहुत दिनों से जानती है, जो अभी गोवा में रहते हैं। ये उनके माता को फोन के माध्यम से पता किया तो उनके माता ने बताया कि बेटी मीणा छह वर्षों से न्यूजीलैंड में रहती है। तब इनलोगों को विश्वास हो गया। इसके बाद मीना एस गोप इनलोगों को अपने विश्वास में लेकर कहने लगी कि मैं न्यूजीलैंड ऑक्लैंड सिटी हॉस्पिटल की सेक्रेट्री हूं। इसके बाद इनलोगों को बहुत सारे प्रलोभन दी कि वीजा बनवा देगी और वहीं खाने रहने की सारी व्यवस्था करा देगी और महीने का एक लाख रुपया सैलेरी दिया जाएगा। डीजीपी से किए गए शिकायत में कहा गया है कि मीना एस गोप ने कहा कि न्यूजीलैंड ऑक्लैंड सिटी हॉस्पिटल में नीचे पद के लिए प्रति व्यक्ति चार लाख और उच्च पद के लिए आठ लाख और 12 लाख रुपये देना होगा तो इनलोगों ने कुल 14 लोगों का अलग-अलग तारीख को कुल 1.66 करोड़ रुपये बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची के पास विजय शर्मा नाम के व्यक्ति को दिया गया। इसके बारे में इनलोगों को कॉन्फ्रेंस कॉल करके पैसा लिफाफा में मीना एस गोप ने इनको देने के लिए कहती थी। काफी दिन बीत गये पर न इनलोगों को वीजा दिला पायी ना ही नौकरी दिलवायी। इनलोगों से नौकरी दिलाने के नाम से ठगी किया गया है। जब ये लोग फोन करके पैसे वापस करने की बात बोलते हैं तो यो पैसा भी वापस नहीं कर रही है। इस तरह यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उक्त मामला अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिकिंग से संबंधित है।




# राज्य के 476 पुलिसकर्मियों के इलाज के लिए 1.72 करोड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**516 पुलिसकर्मियों ने आवेदन दिया था, जिसमें 40 पर स्वीकृति नहीं दी गई**

राज्य में तैनात 476 पुलिसकर्मियों के मेडिकल बिल को मंजूरी देते हुए 1.72 करोड़ की पुलिस मुख्यालय ने स्वीकृति दे दी। झारखंड पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष की बैठक में मंजूरी दी गयी। कल्याण कोष स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में जवानों के इलाज से संबंधित प्रस्तावित राशि को अंतिम स्वकृति मंजूर किया गया। शारीरिक रूप से बीमार पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को झारखंड पुलिस सहायता कल्याण कोष से बड़ी सहायता राशि मिलने की उम्मीद है। किडनी ट्रांसप्लांट, कैंसर जैसे गंभीर बीमारी के लिये झारखंड पुलिस सहाय एवं कल्याण कोष से उन पुलिसकर्मियों के लिए राहत राशि मंजूर की गई है, जिन्होंने इलाज के वास्ते पुलिस मुख्यालय में आवेदन दिया था। यह राशि पांच हजार रुपये से लेकर 1.20 लाख तक निर्धारित की गई है। 516 पुलिसकर्मियों ने आवेदन दिया था, जिसमें 40 पर स्वीकृति नहीं दी गई। 476 आवेदनों की मंजूरी के बाद इलाज के लिए 1.72 करोड़ की मंजूरी दी गई है।

कई पुलिसकर्मियों ने अपनी पत्नी के प्रसव के दौरान सीजर ऑपरेशन, बच्चेदानी में इंफेक्शन समेत गर्भ संबंधी कई समस्याओं की चिकित्सा के लिए विभाग से आर्थिक मदद मांगी थी। साथ ही कई पुलिसकर्मियों ने अपने माता, पिता व संतानों के इलाज के लिए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दे कल्याण कोष से सहायता का आवेदन दिया था।

# पंडरा बाजार समिति के सभी चापाकल खराब, पानी के लिए तरस रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंडरा बाजार समिति से प्रतिदिन करोड़ों रुपये का कारोबार होता है। बाजार में 15 से 20 हजार लोगों का प्रतिदिन आना जाना रहता है। ऐसे जगह पर पानी की किल्लत होना मानवता को झकझोरता है। बाजार समिति में लगभग पन्द्रह से सोलह चापाकल का निर्माण कभी हुआ था। लेकिन सारे चापाकल खराब पड़े हैं। कुछ चापाकल के ढांचे बचे हैं जो बताते हैं कभी यहां चापाकल हुआ करता था। दर्जन से उपर यहां गार्ड काम करते हैं, नहाने-धोने की समस्या उनलोगों की आम हो गई है। एक पानी टंकी है, वहां समय से तीन टाइम पानी आती है। वहीं कभी ऐसा होता है कि दो दिनों तक पानी आती ही नहीं है। इस बाजार में डेढ़ सौ से उपर ट्रक, छोटे वाहन आते हैं। डाइवर, खलासी, किसान, दुकानदार, खरीददार सबको पानी की जरूरत होती है, मगर चापाकल खराब है। गौरतलब है कि पंडरा बाजार समिति के पणन सचिव मासिक मात्र दस हजार रूपए ही मेनटनेंस के नाम खर्च कर सकते हैं। अब इस राशि से चापाकल बनाए या अन्य व्यवस्थाओं को देखे।





**कृषि बाजार समिति पंडरा में 2015 के बाद से मूलभूत सुविधा समाप्त कर दी गई है। कई बार कृषि सचिव से मिलकर बिजली, पानी, सड़क, पानी निकासी की समस्याओं को बताया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।**

**संजय माहुरी अध्यक्ष**
**रांची चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**

# श्रीभूमिदेवी लक्ष्मी की अवतारिका श्रीअंडाल देवी की जयंती आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में दक्षिण भारत के सुप्रसिद्ध श्रीआण्डाल देवी की जयन्ती श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के उत्तम योग से युक्त 07अगस्त बुधवार को द्रविड़ शैली में मनाया जाएगा। प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में सनातन परमात्मा श्रीवेंकटेश्वर समेत श्रीश्रीदेवी एवं भूमिदेवी की समुज्ज्वला परिरंजीत शुद्धोदका महाभिषेकम् होगा। फिर श्रृंगार, महाआरती, नैवेद्यम, महास्तुति, अर्चना, गोष्ठी, शातुमोरा और तदियाराधन आदि के पश्चात् आम श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन हेतु मन्दिर के बाहरी कपाट खोल दिये जायेंगे। इसके उपरांत श्रद्धालु भक्तजन श्रीआण्डाल देवी को समर्पित रक्षा सूत्र- आशीर्वाद स्वरुप धारण करेंगे।



**श्रीआण्डाल देवी-** श्रीभूमि देवी लक्ष्मी की अवतारिका हैं। इन्हें गोदई, नाचियार, गोदा और गोदम्बा के नाम से भी जाना जाता है। भगवान रंगनाथ ने इनका एक नाम चुड़िकोड़त्ते भी दिया तथा भगवान रंगनाथ की पत्नी होने के कारण इन्हें रंगनायकी नाम से भी संबोधित किया जाता है। दक्षिण भारत के श्रीविल्लीपुत्तूर माता गोदाम्बा देवी का स्थान है तथा जगतनियंता श्रीमन्नारायण हरि रंगनाथ का स्थान श्रीरंगम (तिरिचुरापल्ली) है। तुला लग्न के पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के बेला में सभी मंगलकारक योग के संगम काल में श्रीविष्णुचित सूरि एक महान सन्त- भगवान् की सेवा में तुलसी वन लगा रहे थे। जमीन खोदने के क्रम में जैसे ही कुदाल का छेव मारा कि भूमि के भीतर से एक अपूर्व सौन्दर्यमयी बालिका गोदांबा निकली। यह लक्ष्मीजी के अंश से अवतरित बालिका गोदाम्बा के नाम से प्रसिद्ध हुई। श्रीअण्डाल (गोदाम्बा) की पूजा-उपासना करनेवालों के यहां आधि-व्याधि, रोग - बलाएं, ग्रह - बाधाएँ, जरा, मृत्यु तथा शोक और भय का प्रवेश नहीं होता। खास कुमारी कन्याओं का विवाह शीघ्र हो जाता है। श्रीआण्डाल देवी के आशीर्वाद से पुष्ट रक्षा सूत्र अवश्य धारण करना चाहिए।

# पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेगा रूटा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (रूटा) की आवश्यक बैठक मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची में डॉ. उमेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पुरानी पेंशन स्कीम(ओ.पी.एस) को जल्द से जल्द लागू कराया जायेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री से मिला जायेगा और उनसे आग्रह किया जाएगा कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों को उनके भविष्य के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जाए। उपस्थित सभी शिक्षकों ने एकस्वर से पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग को एकस्वर से सहमति दी । यदि सरकार हमारी जायज मांग को नहीं पूरा करती है तो जारी चरणबद्ध आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा । मुख्यमंत्री से मिलने के लिए संघ की ओर से समय लिया जा रहा है । उनसे मिलने और उनके विचार जानने के पश्चात आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में डॉ. शाहीन परवीन, डॉ. शाहीन राजिया, डॉ. बहालेन होरो, डॉ. अनुजा विवेक, श्रीमति सुमंति तिर्की, श्रीमती संगीता तिग्गा, डॉ. अवध बिहारी महतो इत्यादि सहायक प्राध्यापक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने करवाया भगवान शिव का श्रृंगार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने भगवान शिव का श्रृंगार किया। भगवान शिव का श्रृंगार पहाड़ी मंदिर में सुबह 12:30 बजे किया गया। पहले दूध-दही व शहद से बाबा का अभिषेक किया गया, फिर श्रृंगार और आरती की गयी। हर हर महादेव के जयघोष के साथ हर्षोल्लास से शिव की आराधना की गई। बाबा की जय जयकार से पूरा पहाड़ी मंदिर गूंज उठा। मौके पर भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। संयोजिका रंजू मालपानी, कंचन सोमानी ने मिलकर पूरे कार्यक्रम की तैयारी की। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।




कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, संयोजिका रंजू मालपानी, कंचन सोमानी, पूजा अग्रवाल, रितु पोद्दार, रीना अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल, कोमल पोद्दार, कोमल झुनझुनवाला, निकिता जालान , कविता सोमानी, कविता जालान, पायल जैन, डोली बंसल, आशा सराफ उपस्थित थी।

## हाई कोर्ट ने केस फाइल करने के नए नियम पर फैसला सुरक्षित रखा

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में केस फाइल करने के नये नियम पर मंगलवार को पूर्ण पीठ ने सुनवाई की। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस राजेश शंकर और जस्टिस अरुण कुमार राय की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की।

पूर्व में सुनवाई करते हुए अदालत ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया, झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन और रजिस्ट्रार जनरल को प्रतिवादी बनाया था।

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर आईजी अभियान ने जिलों के एसपी के साथ की बैठक

## जिलों में चुनाव सेल गठित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को आईजी अभियान एवी होमकर ने जिलों के एसपी के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक के दौरान आईजी अभियान ने विधानसभा चुनाव-2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी जिलों को अपने-अपने जिलों में चुनाव सेल गठित करते हुए चुनाव संबंधी कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इस दौरान गैर जमानतीय वारंटों का निष्पादन करने, हिस्ट्री शीटरों, फिरारियों एवं अन्य सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध सख्त एवं निरोधात्मक कार्रवाई करने, अन्तर्राज्जीय एवं अन्तर जिला चेक पोस्टों का प्रभावशाली क्रियान्वयन, अवैध शराब, मादक पदार्थ, हथियार, नकद के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने, नक्सल विरोधी अभियान को और प्रभावशाली करने, बलों की आवश्यकता का आकलन एवं उनके सुरक्षित आवागमन, बलों के आवासन की योजना बनाने, सुदूरवर्ती एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए हेलीड्रॉपिंग प्लान बनाने, शैडो एरिया की पहचान करते हुए चुनाव के दौरान संचार व्यवस्था के लिए योजना बनाने, पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों का चुनाव संबंधी प्रशिक्षण कराने तथा सभी जिला में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एवं भीआईपी मॉनिटरिंग सेल का गठन एवं प्रभावशाली क्रियान्वयन कराने का निर्देश दिया। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर अन्य राज्यों की सीमावर्ती जिलों को अन्तर्राज्जीय समन्वय बैठक करने तथा सभी जिलों को अन्तर जिला एवं अन्तर्राज्जीय आसूचना का सम्यक आदान प्रदान करने तथा पूर्व में प्रतिवेदित चुनाव संबंधी काण्डों का अनुश्रवण एवं त्वरित निष्पादन के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में आईजी अभियान-सह-राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी अमोल विनुकांत होमकर, जैप डीआईजी पटेल मयुर कनैयालाल, एसटीएफ डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, डीआईजी जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट अश्विनी कुमार सिन्हा, डीआईजी संचार एवं तकनिकी सेवाएं एस कार्तिक, डीआईजी विशेष शाखा एवं चाईबासा, गढ़वा, साहेबगंज, लातेहार एवं गिरिडीह एसपी भौतिक रूप से तथा राज्य के प्रक्षेत्रीय आईजी, डीआईजी, एसएसपी एवं एसपी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया।



# मंईयां सम्मान योजना से भाजपा मुद्दाविहीन : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां महिला सम्मान योजना की सफलता और इसे महिलाओं के द्वारा हाथों-हाथ लेने के लिए सरकार और महिलाओं के प्रति आभार प्रकट किया है। झामुमो ने इस योजना को लेकर बाबूलाल मरांडी समेत अन्य भाजपा नेताओं के आरोपों को अनर्गल बताया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पहले दिन अधिक हिट्स होने के कारण सर्वर स्लो हो गया, जिसका निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना से भाजपा सेटबैक में चली गयी है। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा मुद्दाविहीन हो गयी है, उसे समझ ही नहीं आ रहा है कि वह कौन सा मुद्दा लेकर चुनाव और जनता के बीच जाये। लोकसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा को कोई मुद्दा नहीं मिल रहा था, तो घुसपैठ का मुद्दा लायी। मगर, इसमें घुसपैठ कम और हिंदू-मुस्लिम अधिक था। जब यह भी हवा हो गया, तो अब सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर ऊंगली उठा रही है। झामुमो महासचिव ने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं, छात्रो, किसानों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, रसाईया के लिए कई लाभों की घोषणा की है। सुप्रियो ने कहा कि अगर केंद्र सरकार हमारा बकाया 1.36 लाख करोड़ लौटा दे, तो ऐसी कई योजनाएं हमारी सरकार ला सकती है। जीएसटी का भी बकाया केंद्र सरकार नहीं देती है। उन्होंने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों की अधिकांश मांगें सरकार ने मान ली है।



# न्यूज बॉक्स

## जमीन विवाद में मारी गई थी राजेश मुंडा को गोली, एक आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के पास एक अगस्त को राजेश मुंडा को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इस घटना में शामिल सौरभ कुमार सिंह नाम के एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बतलाया कि वह चन्दवे बस्ती के राम पाहन, जो जमीन दलाली का काम करता है, उसके साथ लोगों को धमकाने का काम किया करता है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि राजेश मुण्डा का राम पाहन के साथ फोरलेन सड़क में अधिग्रहण की जाने वाली जमीन, अंचल कार्यालय में जमीन के दस्तावेजीकरण और मुआवजा को लेकर जमीनी विवाद था। राम पाहन के कहने पर ही जमीनी विवाद को लेकर राजेश मुण्डा की हत्या करने का आपराधिक षडयंत्र रचा गया था। राम पाहन पूर्व में हत्याकांड शामिल रहा है। गिरफ्तार आरोपित मूल रूप से बिहार के गोपालगंज का रहने वाला है। वर्तमान में वो गोन्दा थाना क्षेत्र के पतराटोली में रहता है। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया।

## जेईपीसी 405 स्कूलों का रिपोर्ट कार्ड जारी करेगी

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद शिक्षा प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए 80 मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और 325 ब्लॉक स्तरीय मॉडल स्कूल के लिए रिपोर्ट कार्ड जारी करेगी। इन स्कूलों का मूल्यांकन अलग-अलग मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। रिपोर्ट कार्ड स्कूलों के प्रदर्शन का व्यापक मूल्यांकन प्रदान करेंगे और मासिक आधार पर प्रकाशित किए जाएंगे। अगस्त में 405 स्कूलों की रिपोर्ट जारी होने वाली है। इस पहल का उद्देश्य मजबूत प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। कई मानदंडों पर स्कूलों का मूल्यांकन करके, रिपोर्ट कार्ड सुधार के क्षेत्रों में मूल्यवान किया जाएगा और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। स्कोरकार्ड विभिन्न डोमेन पर आधारित होगा, जिसमें 1100 अंकों के सीखने के परिणामों पर आधारित होगा। जिसमें 600 अंकों के लिए सामान्य रखरखाव और बुनियादी ढांचा, 250 अंकों के लिए संस्थागत सेटअप और 50 अंकों के लिए जांच के बाद जजमेंट होगा।

## जेएसएससी ने जारी किया संशोधित परीक्षा कैलेंडर

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की आगामी परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर जारी कर दिया है. इस कैलेंडर में पूर्व में मांगे आवेदन और वर्तमान में मांगे आवेदन के परीक्षाओं की संभावित तिथि जारी कर दी गई है। झारखंड नगर पालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की परीक्षा अगस्त के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है। झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा प्रतियोगिता परीक्षा अगस्त के अंतिम सप्ताह में होगी। झारखंड महिला पर्यवेक्षक प्रतियोगिता परीक्षा अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है। मैट्रिक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा अक्टूबर के दूसरे सप्ताह होने की संभावना है। झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में होने की संभावना है। झारखंड पारामेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा नवंबर के अंतिम सप्ताह में होने की संभावना है। झारखंड स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 26-27 अगस्त को

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में 26 और 27 अगस्त को अलबर्ट एक्का चौक के पास जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, अजय मारु व समिति अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम व महिला गोविंदा टीम हिस्सा लेगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है। बाल गोपाल और दही हांडी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मेन रोड स्थित केडिया साइकिल व स्टेशन रोड स्थित पतंजलि बाबा रामदेव के सेंटर में संपर्क किया जा सकता है। संरक्षक रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और पूर्व सांसद अजय मारू होंगे. अध्यक्ष मुकेश काबरा हैं। स्वागत समिति में पुनीत पोद्दार, जवाहर तनेजा, संजीव विजयवर्गीय, चंद्रकांत रायपत, छवि बिरमानी, राजीव चटर्जी, ललित केजरीवाल, मुकेश मुक्ता, विजय अग्रवाल, शिशिर रावत, प्रकाश धेलिया, प्रतीक मोर, पवन बजाज, मनीष साहू, रामकुमार कुंवर शामिल हैं।

## डायल 112 का प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को जागरूक करें : डीजीपी

**रांची।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने डायल 112 के सुचारू रूप से क्रियान्वयन और आम जनता के बीच प्रचार-प्रसार कर जागरुकता और रिस्पॉन्स टाइम में और अधिक सुधार लाने के जैसे बिंदुओं पर चर्चा की। डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस के स्तर से एक क्यूआरकोड का निर्माण कर सार्वजनिक स्थानों और सभी पब्लिक ट्रांसपोर्ट, पार्क, स्कूल, कॉलेज जहां छात्रों का अवागमन होता हो, वहां लगाया जाये ताकि पीड़ित के द्वारा अविलंब स्कैन कर 112 पर समय पर सूचना दी जा सके। एडीजी अभियान ने बैठक के दौरान डायल 112 का प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को जागरूक करने लिए डायल-112 से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर त्वरित और तार्किक कार्रवाई करने को लेकर निर्देश जारी किये। रिस्पॉन्स टाइम में अपेक्षित सुधार लाने के लिए आम जनता से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर कम समय में निष्पादन करने पर चर्चा की गयी। डायल-112 से संबंधित मोबाईल एप डाउनलोड करने के लिए सभी एसपी को अपने-अपने जिलो में स्कूल और कॉलेजों में कैंप लगाने छात्रों को प्रेरित करने का निर्देश दिया।

## ऑल इंडिया पोस्टल एंड आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन ने दिया धरना

**रांची।** ऑल इंडिया पोस्टल एण्ड आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन ने राष्ट्रीय आह्वान पर मंगलवार को ऑल इंडिया पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन ने एक दिवसीय धरना दिया। मौके पर एमजेड खान ने कहा कि यह धरना देश के प्रत्येक अतिरिक्त निदेशक, सीजीएच एस कार्यालय के सामने दिया जा रहा है। इस धरने में धरना में रांची एवं धनबाद के सीजीएचएस के लाभार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इससे पूर्व 29 जुलाई को ईमेल कैंपेन के तहत प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, कैबिनेट सचिव एवं महानिदेशक, सीजीएचएस को 14 सूत्री मांगों सहित ईमेल किया गया था। मौके पर केडी राय व्यथित, त्रिवेणी ठाकुर, गौतम विश्वास, त्रिलोकीनाथ साहू, सुखदेव राम, रमेश सिंह, एस पी मंडल, एन के मंडल, फनी रजक,चंदेश्वर राम,धनेश्वर गोस्वामी, हसीना ग्रेस तिग्गा, बी बारा,कर्मेंद्र कुमार, राजेंद्र महतो, अवधेश पाठक,सर्वेश नायक, एस गोराई, महावीर सिंह,राज किशोर सिंह यादव, रफी अहमद,रामचंद्र प्रसाद,चंद्रप्रकाश, देवचरण साहू आदि शामिल थे।

## प्रखंडों में बड़े कार्यक्रम करने की बनी योजना

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद, झारखंड प्रांत की टोली बैठक रांची स्थित प्रांत कार्यालय शक्ति आश्रम, किशोरगंज चौक में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का प्रारंभ संगठन में तीन बार प्रणवोच्चार, एकता मंत्र व तेरह बार विजय महामंत्र से हुआ। बैठक में गत माह हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया विश्व हिंदू परिषद की स्थापना श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन 1964 में हुई थी। यह वर्ष 2024 संगठन का षष्टिपूर्ति वर्ष है।

# सरकार दिव्यांगों के समावेशी विकास पर कर रही फोकसः चंपाई सोरेन

- अनाथ बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पर भी सरकार का फोकस
- दिव्यांगजनों के शिक्षा के लिए स्टेट यूनिवर्सिटी की परिकल्पना पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि दिव्यांगजनों को सामान्य जीवन में समावेशी भागीदारी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए दिव्यांगजनों के लिए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की परिकल्पना की गयी है। वह मंगलवार को होटल बीएनआर में आयोजित स्टेट लेवल कंसल्टेटिव वर्कशॉप को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सोच यह है कि मनुष्य जीवन के लिए कुछ ऐसा करें, जो मिसाल बन सके। दिव्यांगजनों के लिए समावेशी विश्वविद्यालय एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सब के पास सब कुछ नहीं है। हमारे दिव्यांगजन भी उनमें शामिल हैं। उनके समावेशी विकास पर फोकस किये बिना संपूर्ण विकास की बात बेमानी होगी। सामान्य मानव जीवन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके, इसके लिए प्रयास जारी है। उन्होंने सरायकेला खारसावां के राजनगर प्रखंड में ओडिशा की सीमा पर स्थित एक गांव का जिक्र करते हुए बताया कि वहां के स्कूल के नेत्रहीन हेडमास्टर कैसे शिक्षा देते थे। उनके ही कार्यों से प्रेरणा लेकर दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना की पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड मूल रूप से धनी प्रदेश है। जंगल-झाड़ से सुसज्जित है, लेकिन पिछड़ा भी है। पिछड़ेपन के लिए वह किसी की आलोचना नहीं कर रहे हैं, लेकिन आगे इसे कैसे विकसित बनायें, इस पर सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति हो, तो हर समस्या का समाधान संभव है। सरकार उच्चतर शिक्षा के लिए लगातार सुविधाएं विकसित कर रही है। छात्रों को हर सुविधा दी जा रही है। अनाथ बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पर भी सरकार का फोकस है। उन्होंने कार्यशाल में आये प्रबुद्धजनों से कहा कि उनके सुझाव लेकर वह समावेशी दिव्यांग विश्वविद्यालय की परिकल्पना को साकार करेंगे। कार्यशाला में उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि समाज के विशेष वर्ग दिव्यांगजनों के लिए समावेशी वातावरण बनाना होगा। यह सिर्फ विभाग ही नहीं, हम सभी का दायित्व है। समावेशी दिव्यांग विश्वविद्यालय की परिकल्पना में भी यही तथ्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की क्षमता पहचान कर उनके विकास पर फोकस करना हमारा लक्ष्य है। दिव्यांगजनों की कुल 21 कैटेगरी है। उनकी कैटेगरी के अनुसार उनकी आवश्यकता को ध्यान में रख उनके लिए कोर्सेज डिजायन करना होगा। क्लास डिजायन करना होगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि लातेहार जिले में बतौर उपायुक्त अपनी पदस्थापना के दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए एक नई सुबह नामक कार्यक्रम की शुरूआत की थी। उसी तरह देवघर में उड़ान और गुरुकुल कार्यक्रम के माध्यम से 40 हजारों दिव्यांगों को लाभ पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि दिव्यागजनों के अलावा सामान्य छात्रों के लिए भी विभिन्न योजनाएं लेकर आएंगे। कार्यशाला में निदेशक उच्चतर शिक्षा रामनिवास यादव, असिस्टेंट रजिस्टार कोऑपरेटिव सर्विस विवेक सिंह, संस्था मनोविकास, दिल्ली के मैनेजिंग सेक्रेटरी डॉ. अलोक भुवन, निदेशक तकनीकी शिक्षा सुनील कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## आजीवन सजा काट रहे 30 कैदियों को रिहा किए जाने पर बनी सहमति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन 67 कैदियों के रिहाई से संबंधित मामलों पर पुनः विचार किया गया जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली दो बैठकों में अस्वीकृत किए गए थे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 67 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के मामलों पर अधिकारियों के साथ गहन-विचार विमर्श किया। समीक्षा के क्रम में न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार विचार-विमर्श के उपरान्त 30 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी स्वीकृति दी। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी विधि (न्याय) विभाग नलिन कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, न्यायायिक आयुक्त दिवाकर पांडेय, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड अनुराग गुप्ता, कारा

# किसानों को कृषि और वन उपज के लिए प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करें : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक पर्षद की तृतीय बैठक संपन्न हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि झारखंड में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। इसे बढ़ावा देने के लिए सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड का गठन हुआ है। इसका उद्देश्य विभिन्न वनोपज का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना है। ऐसे में इस सहकारी संघ की जानकारी किसानों तक पहुंचनी चाहिए, ताकि वे इससे जुड़कर उत्पादों का लाभ ले सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस तरह मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है उसे परंपरागत कृषि काफी प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसानों को वैकल्पिक कृषि के लिए भी तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि कृषक पाठशाला राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस कृषक पाठशाला में किसानों को वैकल्पिक खेती का प्रशिक्षण दें। उन्हें वनोपज से जोड़ें। इसके लिए उन्हें संसाधन भी उपलब्ध कराने की पहल करें ताकि विपरीत परिस्थितियों में वे कृषि कार्य से जुड़कर अपने को मजबूत बनाए रख सकें। महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र फुदी को प्रोफेशनल तरीके से चलाने का सुझाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि फुदी स्थित नवनिर्मित सहकारिता प्रशिक्षण केंद्र में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उसे प्रोफेशनल तरीके से चलाया जाए। यदि आवश्यक हो तो राष्ट्रीय सहकारी संघ अथवा राष्ट्रीय प्रशिक्षण सहकारी परिषद् से समझौता ज्ञापन कर वहां प्रोफेशनल-वोकेशनल कोर्सेज करवाया जाए ताकि राज्य के नवयुवकों का स्किल विकास हो, उन्हें रोजगार मिल सके। पीपीपी मोड में भी चलने की संभावना तलाशी जाए।

### वनोपज एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठाया जाये

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनोपज एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समुचित कदम उठाएं जाने चाहिए। वनोपज से जुड़े ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ें। इनके उत्पादन से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण दें, ताकि वह व्यावसायिक रूप से इनका उत्पादन कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाह तथा रेशम -तसर की खेती की झारखंड में काफी संभावनाएं हैं। ऐसे में इसके उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करें। उन्होंने कहा कि केंदू पत्ता वनोपज को भी सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ के दायरे में लाने की संभावनाएं तलाशें। इससे केंदू पत्ता के उत्पादन से जुड़े श्रमिकों को फायदा मिलेगा।

### सभी लैम्प्स-पैक्स को पूरी तरह क्रियाशील करें

मुख्यमंत्री ने राज्यभर में अवस्थित सभी लैम्प्स-पैक्स को पूरी तरह क्रियाशील करने का निर्देश अधिकारियों को दिया, ताकि किसानों को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि लैम्प्स और पैक्स से आज भी किसानों की एक बड़ी संख्या निबंधित नहीं है। ऐसे में छूटे हुए सभी किसानों को जोड़ने की पहल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लैम्प्स-पैक्स भवनों की मरम्मत के साथ उसके उचित रख-रखाव और बेहतर प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में लाह, इमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, आंवला, महुआ, करंज, रेशम और तसर जैसे कई वनोपज हैं, जिसकी उपयोगिता और बाजार में काफी ज्यादा मांग है लेकिन इसके उत्पादकों को इसका उचित फायदा नहीं मिल रहा है।

### मधु संग्राहकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए

**मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मधु संग्राहकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए। उनका समूह बनाकर सिध्कोफेड से जोड़ा जाए एवं उनके मधु को वैश्विक बाजार उपलब्ध करने के लिए अमूल, सफोला, हिमालय जैसी बड़ी कंपनियों-संस्थाओं से समझौता ज्ञापन किया जाए ताकि मधु संग्राहकों को उचित मूल्य मिल सके एवं लोगों को उच्च गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्यवर्धक मधु उपलब्ध हो सके।**

# राज्य सरकार से नई योजना के सफल कार्यान्वयन की उम्मीद नहीं : प्रतुल शाहदेव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पर पलटवार करते हुए सरकार की योजनाओं के कार्यान्वन के रिकॉर्ड पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जो सरकार आज तक स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति नहीं बना पाई, 1932 का खतियान लागू नहीं कर पाई, बेरोजगारी भत्ता नहीं दे पाई, ऐसी सरकार से किसी नई योजना के सफल कार्यान्वयन की उम्मीद करना भी बेमानी है। प्रतुल ने कहा कि दरअसल इस सरकार के भ्रष्टाचार ने झारखंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल घूम आए। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री अभी जेल में हैं। मुख्यमंत्री के तमाम दरबारी जेल के भीतर हैं। राज्य में हाहाकार मचा है। विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। इन सबसे ध्यान बांटने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिना तैयारी के 'मइयां सम्मान योजना' को ले आए । प्रतुल ने कहा कि पहले ही चार दिनों में इस योजना के प्रति सरकार की मंशा की कलई खुल गई। अधिकांश जगह सर्वर डाउन है। बिचौलिये हावी हैं। फार्म जमा नहीं हो पा रहा है। यह स्पष्ट दिख रहा है कि चुनाव को देखकर सरकार की हड़बड़ी ने बड़ी गड़बड़ियां करा दी। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार में महिला उत्पीड़न की घटनाओं ने झारखंड के पहले 19 वर्षों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पांच वर्षों में लगभग 7000 बहू-बेटियों की इज्जत लूटी गई। सरकार ने आज तक श्वेत पत्र जारी करके यह नहीं बताया कि इसमें से कितने अभियुक्तों को फास्ट ट्रेक कोर्ट के जरिए सजा दिलाई गई। जानकारी के मुताबिक बहुसंख्य मामलों में तो चार्जशीट भी दाखिल नहीं हुआ। प्रतुल ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर झारखंड मुक्ति मोर्चा को अब अपने निश्चय पत्र में किए गए वायदे भी याद नहीं है। आज की पत्रकार वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके मेनिफेस्टो में चूल्हा भत्ता का कोई जिक्र नहीं है जबकि उनके 'निश्चय पत्र' के 'महिलाओं के अधिकार' चैप्टर में स्पष्ट रूप से लिखा है कि महिलाओं को प्रतिमाह ?2000 चूल्हा खर्च के रूप में मिलेगा।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना

# जीना है तो डर के जियो, जीवन में एक पल भी हंसना न : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार के लिए राजकीय एंथम लिखा है। उन्होंने मंगलवार को एक्स पर ट्वीट कर एंथम में लिखा है कि जीना है तो डर के जियो, जीवन में एक पल भी हंसना न, । साथ ही कहा है कि प्रदेश में आए दिन हो रही चोरी से एक बार तो स्पष्ट हो चुकी है कि चोरों को सरंक्षण देने वाली हेमंत सरकार ने झारखंड में चोरी को राजकीय व्यवसाय मान लिया है, तभी तो चोरी और चोरों पर कार्यवाही करने के बजाव उनको प्रोत्साहित किया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि झारखंड में चोरों का आतंक अंधेरे की गहराई से अधिक भयावह हो चुका है। अब झारखंड का हाल ऐसा हो गया है कि लोगों को अंधेरों से ज्यादा, चोरों से डर लगने लगा है। अंधेरे की शिकायत तो फिर भी सूरज से की जा सकती है लेकिन चोरी की शिकायत किससे की जाए। शासन-प्रशासन तो चोरों को तथा उनकी चोरी को बचाने में लगा हुआ है। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि झारखंड में जैसे मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों का मन डोलता रहता है, ठीक वैसे ही सरकारी भवनों की नींव भी डोल रही है, कब, कैसे, किसके ऊपर ये गिर जाएं, ज्योतिषी भी नहीं बता सकते हैं। ये हेमंत का लूटखंड है। यहां सिर्फ बाइक चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य नहीं है, बल्कि बिल्डिंगों में घुसते समय, अपना कार्य करते समय हेलमेट की आवश्यकता और बढ़ जाती है। क्योंकि, न जाने कब कौन सी छत टूटकर आपके जीवन पर विराम लगा दे। कहीं छत से कंक्रीट और प्लास्टर टूट कर गिर रहा है, तो कहीं पिलर का कोई हिस्सा, तो कहीं पूरा का पूरा भवन गिरने की तैयारी कर चुका है। यहां सुरक्षा अपने और अपने सिर की सिर्फ हेलमेट के हाथों है, सरकार का सुरक्षा से कोई वास्ता नहीं है। हेमंत सरकार से जनता का विश्वास तो पहले ही टूटकर, गिरकर बिखर चुका है, अब भवनों और नींवों का विश्वास भी टूटकर गिरता दिखाई पड़ रहा है।

# किशोरावस्था की बहुत सी समस्याओं का निदान काउंसिलिंग से हो सकता है :डॉ लाल

### लोक स्वास्थ्य संस्थान नामकुम में किशोर स्वास्थ्य पर दो दिनी राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शुरू




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य नोडल पादधिकारी डॉक्टर लाल माझी ने कहा है कि किशोरवास्था से संबंधित बहुत सारी समस्याओं का निराकरण अच्छे मार्गदर्शन, परामर्श और काउंसिलिंग से किया जा सकता है। स्वास्थ्य टीम से उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में होने वाले बदलावों की चर्चा किशोरों से करें और उन्हें दूसरे साथियों से सकारात्मक चर्चा हेतु जागरुक करें। किशोर मित्र किशोरों के लिए संदेशवाहक के रूप में कार्य करें, जिससे किशोरों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम अपने उद्देश्य को पूर्ण करने में सफल हो सके। नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के सभागार में मंगलवार को वह राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम( आरकेएसके) की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। गुमला, लोहरदगा, दुमका और हजारीबाग जिलों से आए आरकेएसके ब्लॉक ट्रेनिंग टीम (बीटीटी), एएनएम, आरकेएसके कॉर्डिनेटर और डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कॉर्टिनेटर को एडॉलसेंट हेल्थ एंड वेलनेस डे किट से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रह है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था सिनी के प्रतिनिधि भी इस प्रशिक्षण में सहयोग कर रहे हैं। इसी विषय पर दूसरे बैच का दो दिनी प्रशिक्षण 21 अगस्त से आरंभ होगा। इसमें साहिबगंज, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा के बीटीटी, एएनएम, डीपीसी और आरकेएसके कॉर्डिनेटर को ट्रेनिंग दी जाएगी।

डॉ माझी ने कहा कि 10 से 19 वर्ष तक के आयुवर्ग देश की कुल आबादी का पांचवा हिस्सा है। यह एक बहुत बड़ा अवसर है, जो देश का सामाजिक और आर्थिक भाग्य तो बदल सकता है। भारत में किशोरों की ये बड़ी आबादी यह आवश्यक बनाती है कि राष्ट्र सुनिश्चित करे कि वे जीवंत, रचनात्मक शक्ति बनें जो स्थायी और समावेशी विकास में योगदान दे सकें। किशोरों को उनकी क्षमता को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और अन्य क्षेत्रों में निवेश किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर-किशोरियों को स्वस्थ जीवनशैली हेतु प्रोत्साहित करना है। उनके पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार करना, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य हेतु जागरूक करना, मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु उन्हें जागरुक करना जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। कार्यक्रम में आरकेएसके की राज्य समन्वयक रफत फरजाना ने भी प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक जानकारी दी।

### रेलवे का प्रीमेच्योर रिटायरमेंट का आदेश रद्द

# झारखंड हाई कोर्ट से डीआईजी आरपीएफ संतोष दुबे को बड़ी राहत




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने धनबाद के तत्कालीन सीनियर कमांडेंट रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) संतोष कुमार दुबे के मामले में रेलवे बोर्ड द्वारा उन्हें प्रीमेच्योर रिटायरमेंट दिए जाने के आदेश को मंगलवार को निरस्त कर दिया। साथ ही कोर्ट ने उनका जॉइनिंग अविलंब करने का आदेश रेलवे बोर्ड को दिया है। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया है। झारखंड हाई कोर्ट से विभागीय कार्रवाई पर रोक के बावजूद रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने प्रीमेच्योर रिटायरमेंट दे दिया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।संतोष कुमार दुबे वर्तमान में डीआईजी आरपीएफ पद पर लखनऊ में पदस्थापित थे। दरअसल, संतोष कुमार दुबे के आरपीएफ में चक्रधरपुर, धनबाद और रांची डिवीजन में पदस्थापित रहने के दरमियान उन पर 1.48 करोड रुपये की आय से अधिक संपत्ति का मामला सीबीआई ने दानापुर, पटना में 10 जुलाई, 2013 को दर्ज किया था। इसके बाद आरपीएफ नई दिल्ली ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलाने के आदेश दिया था। सीबीआई ने संतोष कुमार दुबे की अधिकांश पोस्टिंग जो झारखंड में थी, के दौरान उन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है। संतोष कुमार दुबे द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने का चेक पीरियड 1998 से 2013 तक सीबीआई ने रखा है। मामले में सीबीआई ने 28 जून, 2022 को संतोष कुमार दुबे, उनकी पत्नी प्रिया दुबे एवं अन्य खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इसके बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पटना ने 22 जुलाई, 2022 को मामले में संज्ञान लिया था। 31 जनवरी, 2023 को आरपीएफ, नई दिल्ली ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू किया था।

## न्यूज बॉक्स

### विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा सुलभ हो : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ. सुनील चंद्र दुबे, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ. डीके सिंह, झारखण्ड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टीएन साहु ने राजभवन में भेंट की एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। मौके पर राज्यपाल म ने उपस्थित सभी कुलपतियों से कहा कि विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा सुलभ हो, हमारे विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करें तथा एकेडमिक कैलेंडर का पूर्णतः पालन हो। हमारे विश्वविद्यालय छात्रहित में सदा सक्रियता से कार्य करें। हमारे शिक्षण संस्थानों में सर्वत्र ज्ञान का माहौल हो एवं सभी अनुशासित होकर अपना कार्य करें। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त राज्यपाल से सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ. गोपाल पाठक ने राजभवन में भेंट की एवं विश्वविद्यालय की स्थिति से अवगत कराया।

### सूक्ष्म खाद्य उद्यम क्षेत्र के हजारों उद्यमियों को 153 करोड़ रुपये के निवेश से मिली सब्सिडी : सत्यानंद



**रांची।** राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में उद्योग विभाग की ओर से आयोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना (पीएमएफएमई) का औपचारिकीकरण बैंकर्स कॉन्क्लेव-2024 का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले कई उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते छोटे उद्यमियों को राज्य सरकार के स्तर से दी जा रही मदद की जानकारी दी और कहा कि पीएमएफएमई एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य उद्यम के क्षेत्र में सूक्ष्म स्तर पर उद्यमियों को वित्तीय एवं तकनीकी सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा अबतक इस योजना के तहत कुल 153 करोड़ रुपये के निवेश से हजारों छोटे उद्यमियों को सब्सिडी प्रदान की गयी है। इस योजना के माध्यम से लगभग बारह हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर उद्योग विभाग के सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव सहित अन्य कई पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस का 'एक मुलाकात अपनों के साथ' अभियान शुरू

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस का 'एक मुलाकात अपनों के साथ' अभियान मंगलवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम के तहत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रांची महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कांके शहरी प्रखंड, मोराबादी प्रखंड, रातू रोड उत्तर प्रखंड, रातू रोड दक्षिण प्रखंड, किशोरगंज, हिदपीढ़ी, अरगोड़ा, हिनू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, कार्यकतार्ओं तथा कांग्रेसजनों से मुलाकात की और संगठन तथा सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। सबसे पहले वे कांके शहरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल उरांव से उनके आवास में मिले। इसके बाद मोराबादी प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विक्की करमाली के आवास में कांग्रेसजनों से मुलाकात की। इसके अलावा भी उन्होंने कांग्रेस के अन्य क्षेत्रों के नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात की और उनसे सरकार की योजनाओं पर चर्चा की।

### चॉक बॉल संघ ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**रांची।** झारखंड राज्य चॉक बॉल की ओर से जयपाल सिंह स्टेडियम में 14 वी जूनियर राष्ट्रीय चॉक बॉल प्रतियोगिता में जलंदर में भाग लेकर आए हुए खिलाड़ियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। ज्ञात है कि झारखंड चॉक बॉल कि बालिका टीम तीसरा स्थान प्राप्त कर झारखंड का नाम पूरे देश में रौशन किया था। इसी को लेकर संघ की ओर से खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी दीपक वर्मा, चॉक बॉल झारखंड के महासचिव ब्रजेश कुमार, अंश वर्मा, जय श्रीवास्तव, समेत कई गणमान्य व्यक्तियो ने खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। यह जानकारी सचिन लोहड़ा ने दी।

### अद्वितीय प्रतिभा की धनी थीं सुषमा स्वराज : कर्मवीर

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज की पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि स्व. सुषमा स्वराज अद्वितीय प्रतिभा की धनी थी। पार्टी में कार्य करने वाली बहनों केलिए वे प्रेरणा स्रोत हैं। श्री सिंह ने कहा कि स्व. सुषमा जी को ईश्वर ने बहुमुखी प्रतिभा से संपन्न बनाया था। वे कुशल वक्ता, कुशल संगठनकर्ता व राजनेता रहीं। भारत की विदेशमंत्री के रूप में उन्होंने अपनी नई पहचान बनाई थी। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,पंकज सिन्हा, मनोज दुबे आदि शामिल थे।

### भूमि विवाद में हुई थी राजेश मुंडा की हत्या

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के पास बीते एक अगस्त को राजेश मुंडा नाम के व्यक्ति को अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इस घटना में शामिल सौरभ कुमार सिंह नाम के एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अपराधी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बतलाया कि वह चन्दवे बस्ती के राम पाहन, जो जमीन दलाली का काम करता है, उसके साथ लोगों को धमकाने का काम किया करता है। राजेश मुण्डा का राम पाहन के साथ फोरलेन सड़क में अधिग्रहण की जाने वाली जमीन, अंचल कार्यालय में जमीन के दस्तावेजीकरण और मुआवजा को लेकर जमीनी विवाद था। राम पाहन के कहने

### अवैध हथियार रखने के दोषियों को सात साल की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार क्यूम अंसारी और निजाउल अंसारी को दोषी करार देते हुए सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने मंगलवार को दोषियों पर 13 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुमार्ने की राशि नहीं देने पर दोनों को अतिरिक्त नौ महीने जेल काटनी होगी। पहला दोषी क्यूम अंसारी नगड़ी थाना क्षेत्र के बरसा गांव निवासी और निजाउल अंसारी लोहरदगा के कुडू थाना के जोनरो गांव निवासी है। दोनों को पुलिस ने सात सितंबर, 2018 को लोडेड देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ नगड़ी थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 139/18) दर्ज कराई थी।

### पारा शिक्षकों के नियमितीकरण संबंधी असम सरकार के फैसले को प्रदेश भाजपा ने सराहा

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने असम सरकार द्वारा पारा शिक्षकों के नियमितीकरण के फैसले की सराहना की है। वहीं असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा को बधाई एवम शुभकामनाएं दी। श्री बाउरी ने कहा कि भाजपा सरकार और इंडी ठगबंधन की सरकारों की नीति और नीयत में यही फर्क है। कहा कि भाजपा नेतृत्व की सरकार अपनी घोषणाओं को जमीन पर उतारने में विश्वास करती है जबकि कांग्रेस झामुमो राजद की सरकार जनता को ,किसानों को युवाओं को महिलाओं को केवल धोखा देती है। कहा कि एक तरफ लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा के नेतृत्व वाली असम की भाजपा सरकार ने 5 वर्षों से सेवा दे रहे अनुबंधित समग्र शिक्षा असम के पारा शिक्षकों को बिना कोई परीक्षा की औपचारिकता किए नियोजित करने का फैसला लिया है।

## एक नजर

### इनरव्हील क्लब मरीजों के बची फूड पैकेट और वस्त्र व मच्छरदानी का किया वितरण

**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब द्वारा मंगलवार को सदर अस्पताल रामगढ़ में मरीजों के बीच फूड पैकेट एवं नवजात शिशुओं के लिए छोटे-छोटे कपड़े एवं मच्छरदानी का वितरण किया गया। मौके पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने बताया मां का दूध बच्चों का सर्वोत्तम आहार है । उन्होंने कहा की नवजात बच्चों की उनकी माता समय-समय पर टीकाकरण अवश्य करवाए। साथ ही 6 महीने तक नवजात शिशुओं को सिर्फ मां की दूध ही पिलाएं। वहीं, माताएं भी पौष्टिक आहार का सेवन करें । ताकि नवजात शिशुओं को मां का दूध उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर हॉस्पिटल से डॉ उदय श्रीवास्तव,डॉ प्रज्ञा श्रीवास्तव एवं डॉ तनुश्री मौजूद थे। मौके पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार,सचिव नवालजीत कौर, अनुराधा श्रॉफ, नीरू साहनी, परमजीत कौर, जसप्रीत कौर, शर्मिष्ठा दत्ता, रंजू अरोड़ा, स्वीटी सोनी, मेघा बगडिया, विनीता अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता कर चोरी के मामले की दी जानकारी

**रामगढ़।** मंगलवार को सुबह में सूचना मिली कि टाटा कंपनी के कर्मचारी के चीरा टोंगरी स्थित क्वार्टर एम/01 में अज्ञात चोरो द्वारा रात्री में ताला तोड़कर क्वार्टर से लाखों रुपया के सामान की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में आवेदक महताब आलम के लिखित आवेदन के आधार पर मांडू (वे०बो०) थाना कांड सं०-187/2024 दिनांक-05.08.2024 धारा-331(4)/305 बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात चोर के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया। उक्त बातें मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया की पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निर्देशानुसार कांड का उद्भेदन एवं चोरी गये सामान की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में टीम गठित कर चोरी की गयी समानों की बरामदगी हेतु सूक्ष्मता से सभी बिन्दुओं पर कार्य करते हुए मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त राजू रज्जक पिता जालो रज्जक सा० ईसीसी कॉलोनी पानी टंकी घांटोटांड से गिरफ्तार किया गया। बताया की अभियुक्त के निशानदेही पर कांड में चोरी गये सभी समानो को बरामद किया गया ।

### मुख्यमंत्री मंईयां योजना बनी महिलाओं के लिए सिरदर्द

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री मंईयां योजना शहर की महिलाओं के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। शहर के तहसील कचहरी में महिलाओं का आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने के लिए एक कंप्यूटर लगाया गया है। मंगलवार को यहां करीब 600 महिलाएं फॉर्म जमा करने के लिए इक्कठा हुई। फॉर्म जमा करने में कंप्यूटर ऑपरेटर को काफी वक्त लग रहा था। ऑपरेटर ने कहा कि सर्वर डाउन है। इस कारण महिलाओं को घंटों इतजार करना पड़ा। अधिकांश महिलाओं ने कहा कि घर का सारा काम छोड़कर फॉर्म जमा करने के लिए आई हूं, लेकिन यहां फॉर्म जमा ही नहीं हो रहा है। तब महिलाओं ने महिला जन अधिकार मंच की अध्यक्ष मधु गुप्ता को फोन पर मामले की पूरी जानकारी दी। इसके बाद मधु गुप्ता तहसील कचहरी पहुंची और महिलाओं से बात की।

# फैक्ट्री ब्लास्ट के घायलों को मनीष जायसवाल ने की मदद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मंगलवार को बरही रियाडा कंपनी परिसर में संचालित पवन पुत्रा प्लांट के चिमनी में ब्लास्ट होने की अत्यंत दुखद घटना में आधा दर्जन से अधिक मजदूर चपेट में आ गए। जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी है और अन्य झुलसे लोगों में एक हजारीबाग में तत्काल भर्ती और शेष रांची रेफर किया गया है।
घटना की जानकारी पाते ही हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल गंभीर दिखे। उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल घायलों की मदद के लिए अपने सहकर्मी रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। रंजन चौधरी तत्काल आरोग्यम हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों कि हरसंभव मदद में जुट गए। इस घटना पर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और हजारीबाग के प्रसिद्ध समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह भी घायलों कि मदद के लिए अस्पताल पहुंचे। इसी बीच सांसद मनीष जायसवाल ने संबंधित कंपनी से मानवता के नाते घायलों के समुचित इलाज और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। साथ ही हजारीबाग जिला प्रशासन और राज्य सरकर से आग्रह किया कि ऐसे कंपनियों में सुरक्षा मानकों की यथोचित जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करें ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। उन्होंने यह भी कहा की इस घटना के घायलों के हर संभव इलाज और मदद भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोग लगे हुए हैं। इस घटना के घायलों और मृतक मजदूरों के परिवार को हरसंभव सहायता के लिए मैं उनके साथ खड़ा हूं ।

*सांसद मनीष जायसवाल ने संबंधित कंपनी से मानवता के नाते घायलों के समुचित इलाज और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की*

## राधा गोविंद विवि के छात्रों ने किया सुधा डेयरी बोकारो का शैक्षणिक भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान विभाग के छात्रों ने सुधा डेयरी, बोकारो सेक्टर 12 का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डेयरी उद्योग की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना और उन्हें इस क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और प्रक्रियाओं से अवगत कराना था। कृषि विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका कुमारी और व्याख्याता वीरेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में छात्रों का दल इस दौरे में शामिल हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डेयरी उद्योग की गहन समझ प्रदान करना था। भ्रमण की शुरूआत सुधा डेयरी के सभागार में हुई, जहां डेयरी के अधिकारियों ने छात्रों का स्वागत किया। प्रोसेसिंग इकाई में, छात्रों ने देखा कि दूध को विभिन्न उत्पादों में कैसे परिवर्तित किया जाता है। जैसे कि दही, पनीर, मक्खन और घी, उन्होंने यह भी देखा कि प्रसंस्करण के दौरान दूध की पोषक तत्वों को कैसे सुरक्षित रखा जाता है। कृषि विज्ञान विभाग के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय कुलाधिपति बी.एन साह, ट्रस्ट के सचिव सुश्री सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो. (डॉ.) समरेंद्र नाथ साहा, उपकुलपति प्रो.(डॉ.) रश्मि, कुलसचिव प्रो.(डॉ.) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार परीक्षा नियंत्रक प्रो.(डॉ.) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## न्यूज बॉक्स

### सास-ससुर के नाम पर लगाये गए पेड़



**दारू।** दारू प्रखंड के इरगा पंचायत के बड़वार गांव के मध्य विद्यालय बड़वार स्कूल के प्रांगण में दारू प्रखंड के जिला परिषद गीता देवी के द्वारा अपने सास ससुर के नाम पर 111 पेड़ लगाएं। इस मौके पर जिला परिषद गीता देवी एंव उनके पति सोनू साव, बड़वार स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभु राम ,स्कूल के सभी शिक्षक और ,अध्यक्ष राजकुमार यादव, ओर स्कूल के सभी बच्चे शामिल हो कर बहुत ही उत्साह से पेड़ लगाया गया। साथ ही जिला परिषद गीता देवी ने बतलाया कि पेड़ हमारे जीवन का अंग है। पेड़ लगाने से हम सभी को एक स्वच्छ हवा मिलेगा। और वर्षा भी अधिक होती है। उन्होंने बहुत कम शब्दो मे बोले कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। अंततः उन्होंने वंहा पर उपस्थित सभी लोगो से पेड़ लगाने के लिए अपील किये।

### सांसद मनीष जायसवाल ने की हजारीबाग में जैविक उद्यान के निर्माण की मांग



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र की जनहित की मांगों को प्रत्येक माध्यम से सरकार के समक्ष रखने के लिए सांसद मनीष जायसवाल संकल्पित हैं।इसी दिशा में मंगलवार को उन्होंने केंद्रीय वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर मेरु- डंडई वन क्षेत्र और कनहरी पहाड़ क्षेत्र में जैविक उद्यान विकसित करने की मांग रखी।उन्होंने श्री यादव को बताया कि इन क्षेत्रों में चारों ओर घना जंगल है जिसमें कई जंगली जानवर को देखा गया है। पहाड़ पर प्रतिदिन दूरदराज से सैकड़ों पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार तथा सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है। श्री जायसवाल ने बताया कि अगर सरकार रांची स्थित बिरसा मुंडा जैविक उद्यान की तर्ज पर उक्त स्थान को सुसज्जित व विकसित करें तो राजस्व में काफी वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के और अधिक अवसर मिलेंगे।

### बंद घर में संदेहास्पद स्थिति में महिला का शव मिला

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम लगनवां में बंद घर से एक विवाहित महिला का शव संदेहास्पद परिस्थिति में मिला है। शव संगीता देवी पति संटू कुमार सिंह की है जिसे गोरहर पुलिस ने बरामद की है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। ग्रामीणों के अनुसार मृतका का 5 वर्षीय पुत्र ने घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह पड़ोसियों को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर घर का ताला तुड़वाया। तत्पश्चात देखा की संगीता देवी का शव घर में पड़ा है। वही मृतका के माइके वालों के द्वारा आंशका जताई जा रही है कि रविवार को गांव के प्रोग्राम में डीजे बज रही थी। इसी दौरान घटना को अंजाम सास, ससुर समेत अन्य लोगों ने दी है। उसे मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया गया है। घटना के बाद से सास ससुर, फरार हैं। वही सास, ससुर ने मृतक के 5वर्षीय पुत्र को पड़ोसी के पास छोड़कर भाग गये। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि शरीर में कई जगह चोट के निशान और खून देखने से प्रतीत होता है कि संगीता की हत्या किया गया है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मृतका के मायके चिगलाबार, थाना कोडरमा को दी। जिसके बाद मायके वाले ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि संगीता की हत्या पति, सास, ससुर समेत अन्य दो तीन व्यक्ति के द्वारा की गई है।

### फुटबॉल खेल के प्रति खिलाड़ियों का जुनून शानदार : शेफाली गुप्ता



**हजारीबाग।** खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टुर्नामेंट कटकमदाग एवं कटकमसांडी प्रखण्ड में दिन मंगलवार को दुसरा दिन का खेल मुकाबला भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर शुभारम्भ किया। इस दौरान खिलाडियों का हौसला बढाया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि कटकमदाग एवं कटकमसांडी प्रखण्ड फुटबॉल के लोकप्रिय खेल के प्रति खिलाडियों का जुनून काफी शानदार है। 'खेलो विधानसभा हजारीबाग' फुटबॉल टुर्नामेंट ग्रामीण प्रतिभा को उजागर करने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। आशा व उम्मीद करती हूं कि कई खिलाड़ी उभरकर अपने माता- पिता तथा क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। मौके पर विशेष रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा हजारीबाग एथलीट फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार, संघ के सचिव कुलेश्वर गोप, हैप्पी आनंद कुमार, पवन गुप्ता, साजन कुमार, रंजीत कुमार, विकास कुमार, सरोज कुमार, प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार, डबल्यू प्रिया दर्शी, सुरेश कुमार, साहिल कुमार एवं श्रावण कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मंईयां सम्मान नहीं, जनता परेशान योजना सरकार ने चलाई है : टोनी जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा टोनी जैन ने झारखंड सरकार पर तंज कसते हुए कहा की यह ठगने वाली सरकार झारखंड की भोली भाली जनता को सिर्फ सपने दिखाकर सत्ता हासिल करना चाहती है। अबुआ आवास सिर्फ बबुआ लोगों को दे रही है। दो सौ यूनिट बिजली का सपना दिखाकर लोगों के घर से बिजली ही काट दे रही है। मंइयां समान नहीं जनता परेशान योजना शुरू की गई है। जनता का कहना है कि यह योजना पता नहीं कब तक चलेगा इसकी राशि सिर्फ क्षणिक सत्ता के लिए दिखावट के लिए अंतिम समय में चलायी गई है। इतने प्रकार की कागज का मांग हो रहा है जिससे अधिकतर जनता वंचित रह जाएगी।

## जिप सदस्य कुमकुम देवी ने धान रोपाई कर किसानों का बढ़ाया हौसला



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में विगत कई दिनों से अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं किसानों के हौसला अफजाई के लिए जिला परिषद सदस्या सह भाजपा नेत्री कुमकुम देवी अपने खेतों में धनरोपा की। बताया कि हमारे क्षेत्र के अधिकांश लोग खेती-बाड़ी कर अपना जीवन यापन करते हैं। इस बार की अच्छी बारिश देखकर फसलों की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है। कहा कि किसान की बेटी हूं और किसान परिवार में ही ब्याही गई हूं। बचपन से ही खेतों में काम करना मन को सुकून देता है ।अब भाग दौड़ अधिक हो गया है। इसलिए खेतों में कम समय दे पाती हूं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा की खेती बाड़ी में अब नई-नई तकनीक का प्रयोग हो रहा है ,ताकि फसल की पैदावार अधिक हो ।इसलिए आप सब नई तकनीक व उन्नत बीजों का उपयोग करें ।बताया कि झारखंड विधानसभा को चुनाव नजदीक आ गया है ।जिसकी तैयारी में पूरी तरह लगी हूं। भाजपा में शुरू से रहकर हमने पार्टी को मजबूती देने का कार्य किया है। बरकट्ठा विधानसभा के सभी जरूरतमंद लोगों की सेवा में दिन-रात एक कर बिताया है। पूरी उम्मीद है पार्टी से टिकट अवश्य मिलेगा और विजई होऊंगी।

### सौर ऊर्जा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है

## बिजली की लागत में भी कमी आएगी : सुधीर मंगलेश




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड के प्रियातु में अग्रगति रामगढ़ एवं टेरी नई दिल्ली संस्था द्वारा सिलाई उद्योग में सौर ऊर्जा प्रणाली संचालन एवं रखरखाव तथा ऋण मुहैया संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथु मुखिया वीणा देवी उपस्थित हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सौर ऊर्जा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है, जो हमारे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है। इस कार्यक्रम से हमारे क्षेत्र में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और लोग इसके फायदों से अवगत होंगे। और कहा, यह कार्यक्रम हमारे क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के उपयोग से न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी, बल्कि बिजली की लागत में भी कमी आएगी। टेरी संस्था के प्रशांत कुमार ने सौर ऊर्जा के संचालन एवं रखरखाव पर विस्तृत जानकारी लोगों को देते हुए कहा कि लोगों को अलग-अलग व्यवसाय के लिए लोगों को सौर ऊर्जा प्रणाली से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अग्रगति के जिला समन्वयक बिलाल अंसारी ने अगर गति के सभी तरह के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों की सिंचाई मुर्गी शेड फोटोकॉपी मशीन आदि सभी कार्यों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा। इस कार्यशाला का संचालन अग्रगति संस्था के जिला समन्वय श्याम सुंदर महतो ने किया और सीसीएल के सीएसआर फंड को टेरी संस्था दवाई लाकर अग्रगति संस्था के साथ मिलकर लोगों को 50% अनुदान राशि पर सौर ऊर्जा वितरण किया जा रहा है। जिसमें संस्था द्वारा 16 लाभुकों के बीच सौर ऊर्जा का वितरण किया गया। मौके पर समाजसेवी अब्बास अंसारी, कुलदीप महतो, दिलीप महतो, टिकेश्वर महतो, जेएसपीएल से लखन शार्मा, संजय महतो आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पंजीकरण जारी

## कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह ने विभिन्न पंचायतों का किया दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। कटकमदाग**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कटकमदाग प्रखंड के विभिन्न पंचायतों जैसे खपरियांवा, नवादा, ढ़ेगुरा, बेस, कुशुम्भा, अडरा, सुल्ताना, कटकमदाग, पसई, सलगावां, मयातु आदि का दौरा कर मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के पंजीकरण शिविरों का निरीक्षण किया। उपस्थित महिलाओं एवं कर्मचारियों से बातचीत की। मुन्ना सिंह ने पंजीकरण शिविरों में पहुंचकर आंगनवाड़ी सेविकाओं, माताओं एवं बहनों से मुलाकात की और उनके अनुभवों और समस्याओं को सुना। उन्होंने उपस्थित लोगों को योजना से जुड़ी जानकारी दी और समय रहते पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुन्ना सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना समाज की उन महिलाओं के सम्मान और कल्याण का प्रतीक है। जिन्होंने अपने परिवार और समाज को संवारने में आजीवन योगदान दिया है। हमें गर्व है कि हम इस योजना के माध्यम से उनकी सेवा कर रहे हैं और हम सुनिश्चित करेंगे कि इसका लाभ हर जरूरतमंद महिला तक पहुंचे। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी और झामुमो हमेशा जनता के हित में कार्यरत रही है और आगे भी रहेगी। हमारा उद्देश्य है कि हर योजना का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे और हम इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता और अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। मुख्य रूप से उपस्थित बबलू सिंह , रंजीत यादव, विक्की कुमार धान, मो सोहेल, पप्पू सिंह, भोला सिंह, पिंटू कुमार, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### कुंटू बाबू ने ट्रांसफार्मर लगवाकर ग्रामीणों की समस्याओं का किया निदान

**रामगढ़।** मंगलवार को गोला क्षेत्र के डभातू गांव में वरिष्ठ भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने नारियल फोड़ कर फीता काट 200 केबीए के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया जिसके बाद वहां उपस्थित सभी ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। मौके पर उपस्थित भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्यशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा की बिजली आज हमारी मूलभूत जरूरतों में शामिल हो चुकी है । कहा की अक्सर मेरे विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत प्राप्त होती हैं जिसपर संज्ञान लेते हुए मैं विद्युत विभाग के अधिकारियों से मिलकर अब तक दर्जनों गांवों में नए ट्रांसफार्मर लगवा चुका हूं और आगे भी यथा संभव लॉगिन की मदद करने का आश्वासन देता हूं। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू साव, मंडल महामंत्री जितेंद्र साव, विजय ओझा, विकाश मानी पाठक, सूरज कुमार, रोशन महतो आदि उपस्थित थे ।

### 15 दिनों से अनुसचिवीय कर्मचारी हड़ताल पर, सभी कार्य ठप

## झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की 9 सूत्री मांग जायज : भुनेश्वर प्रसाद मेहता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड राज्य की अनुसचिवीय कर्मचारिय संघ की हड़ताल 15 दिन से लगातार जारी है। जिससे पूरे झारखंड में सरकारी कार्यालय ठप पड़ा हुआ है। जिससे जनता काफी परेशान है। इस परेशानी को देखते हुए हजारीबाग के पूर्व सांसद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता के पास लगातार जनता की शिकायतें आती रही। जिससे भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने हजारीबाग समाहरणालय द्वार पर 15 दिनों से चल रही अनुसचिवीय कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को जायज बताते हुए कर्मचारियों की अनिश्चित हड़ताल को अविलंब सरकार को समाप्त करने का मांग किया। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि इन कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पूरे राज्य भर में प्रखंड से लेकर जिला तक के विकास सहित सभी आम जनता के कार्य ठप पड़े हुए हैं। झारखंड सरकार अभी तक कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर समस्या का समाधान करने का प्रयास नहीं कर रही है। जो काफी निंदनीय विषय है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हड़ताल का समर्थन करते हुए झारखंड सरकार से मांग करती है, कि अविलम्ब अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों से वार्ता कर हड़ताल को समाप्त करवाने का काम करें।

### सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद ने बाबूलाल मरांडी को लिखा पत्र

## बरकट्ठा विस से उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की

**बरकट्ठा।** बरही अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने की मांग किया है। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन से ही भाजपा का सक्रिय सदस्य रहते हुए पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद प्रतिनिधि,ओबीसी मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष,लोकसभा चुनाव कोर कमेटी सदस्य एवं वर्तमान में सांसद प्रतिनिधि हूं। साथ ही मैं आरएसएस का प्रथम एंव प्राथमिक सदस्य का प्रशिक्षण लिया हूं। मेरी शैक्षणिक योग्यता एमए, बीएड, व एलएलबी है। मैं पिछले तीस सालों से भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता रह कर अपना योगदान दिया हूं। बरकट्ठा विधानसभा वैश्य बहुल क्षेत्र है। पूर्व में तत्कालीन विधायक खगेन्द्र प्रसाद एंव स्व चितरंजन यादव, अमित यादव को 2009 विधायक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हूं। अगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी मुझे बरकट्ठा विधानसभा से उम्मीदवार बनाती है तो मैं पार्टी के निर्णय पर खरा उतरुंगा। पिछले दो बार से गलत उम्मीदवार चयन से यहां भाजपा पराजित हो रहा है। वर्ष 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा के लगभग सभी कार्यकताओं ने भाजपा छोड़कर निर्दलीय प्रत्याशी के साथ चल गये।

### खाद्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बरही एफसीआई गोदाम का किया औचक निरीक्षण

**बरही।** ओबीसी महापंचायत कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान मंगलवार को झारखंड के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता बरही प्रखंड परिसर स्थित एफसीआई गोदाम पहुंचे और गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने गोदाम का व्यवस्था देखकर काफी संतुष्ट दिखे। उन्होंने पत्रकारों से बात करने पर बताया कि मैंने इससे पूर्व अन्य जगहों पर कई एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया है लेकिन बरही की व्यवस्था देख संतुष्ट हूं। गोदाम की सफाई से लेकर वजन एवं डायरी के अनुसार खाद्यान्न सभी चीजें ठीक मिली है। इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ स्थानीय विधायक, मंत्री के सचिव, बीडीओ, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संयज यादव, एफ सी आई गोदाम प्रबंधक पुरुषोत्तम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अपने लोगों को पहचानने की है जरूरत ताकि सदन में आपकी भागीदारी हो सुनिश्चित : बन्ना




**बरही।** टाउन हॉल बरही में विधानसभा स्तरीय ओबीसी महापंचायत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं खाद्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही विधायक उमाशंकर अकेला, प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू, स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला, जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, अनिल यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। मंच का संचालन डॉ प्रकाश कुमार व ओबीसी जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत मे सभी अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### सदन में आपकी भागेदारी सुनिश्चित हो : बन्ना गुप्ता

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि अपने लोगो को पहचानने की जरूरत है ताकि सदन में आपकी भागेदारी सुनिश्चित हो। अपने मन के डर को मिटाइए। केंद्र सरकार आपस में लोगों को लड़ाकर शियासत कर रही है ऐसे लोगों को अब हटाने का समय आ गया है। कांग्रेस आपस में प्रेम और मोहब्बत बांटने का काम करती है। हम महात्मा गांधी के वंशज है हम मारेंगे नही पर मानेंगे भी नहीं।

## एक नजर

### सर्पदंश से हुई युवक की मौत



**सिमडेगा।** सिमडेगा में जहरीले सांप का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है लगातार सांप के काटने के मामले सामने आ रहे हैं और लोगों की जान जा रही है बीती रात जहरीले सांप के काटने से सेवई खूंटी टोली गांव निवासी एरियस मिंज नामक 25 वर्षीय युवक की सिमडेगा सदर अस्पताल में मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वह अपने घर में जमीन में सोया हुआ था इसी दौरान 4:00 बजे सुबह उसे सांप में काटा और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी ।परिवार वालों को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने उसे तुरंत अंधविश्वास में पड़कर झाड़ फूंक करवाने वाले व्यक्ति के पास ले गए जहां पर काफी देर तक झाड़-फूंक चली और जब सुनवाई नहीं हुई तब जाकर परिवार वालों ने उसे मंगलवार की सुबह करीब 8:00 बजे सदर अस्पताल सिमडेगा लाया ,जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।इधर इसकी सूचना सिमडेगा थाना को दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

### आमजनों की समस्याओं से अवगत हुई डीसी

**कोडरमा।** डीसी मेघा भारद्वाज ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न इलाके के लोगों ने अपनी समस्याओं को डीसी के सामने रखा। डीसी ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में गैरमजरूआ जमीन का अतिक्रमण मुक्त करने, दाखिल-खारिज, अनुकंपा पर नौकरी देने, आयुष्मान कार्ड बनाने, जमीन पर आवास बनाने, शिक्षक नियुक्ति, जमीन विवाद, राशन कार्ड समेत कई मामलों में आवेदन दिया। जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों की जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

### जुगसलाई में कचरा सफाई कार्य ठप कर्मचारी हड़ताल पर गए

**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद अंतर्गत डोर टू डोर कचरा उठाने वाले सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को काम ठप्प कर दिया. वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मियों ने उक्त कदम उठाया। इस दौरान सफाईकर्मियों ने काम को बंद कर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की मांग है कि सफाई एजेंसी क्यूब वेस्ट मैनेजमेंट श्रम कानून को पालन करने, अपर श्रमायुक्त के साथ हुई त्रिपक्षीय समझौते को लागू करने, झारखंड सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने, समय पर वेतन देने, ईएसआईसी और पीएफ घोटाला बंद करने समेत विभिन्न मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की।

### जुगसलाई में रेलवे ने एफओबी निर्माण को लेकर हटाया अतिक्रमण

**चाडिल।** जुगसलाई रेलवे रेलवे फाटक के पास मंगलवार को रेलवे लैंड डिपार्टमेंट ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान वहां की 25 झुग्गी झोपड़ियों को तोड़ा गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी संख्या में आरपीएफ के जवान और स्थानीय थाना की पुलिस मौजूद रही। इससे पूर्व लैंड डिपार्टमेंट द्वारा जुगसलाई रेलवे क्रॉसिंग के दोनों छोर पर स्थित रेलवे की जमीन पर बसे लोगों को नोटिस थमाया गया था, ताकि वे जल्द से जल्द स्थान को खाली कर दें। बाद रेलवे के लैंड डिपार्टमेंट द्वारा रेलवे क्रॉसिंग के दोनों छोर पर रेलवे के जमीन पर बुलडोजर चलाया गया।

## शैडो एरिया मतदान केंद्रों पर संचार सुविधा को लेकर डीसी ने की बैठक

# जिन जगहों पर दूरसंचार की सुविधा उपलब्ध नहीं वहां नेटवर्क बहाल किया जाये : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन तैयारी में लगा है। इसी के तहत मंगलवार को शैडो एरिया के मतदान केन्द्रों पर संचार व्यवस्था पुख्ता तरीके से लागू हो इसकी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने दूरसंचार सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें बीएसएनएल, एयरटेल, जिओ सर्विसेज सहित अन्य कंपनियों के अधिकारी शामिल हुए।
उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया के वैसे शैडो जोन जहां दूरसंचार की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उसे चिन्हित कर वहां नेटवर्क बहाल करने के लिए कदम उठाएं। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शैडो जोन वाले बूथों पर पहुंचे और नेटवर्क बहाल करने की पहल करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, अंचलाधिकारी मो० इम्तियाज अहमद, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी, एडीएम चंद्रशेखर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिमडेगा उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की हुई बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा बानो, कोलेबिरा एवं जलडेगा प्रखंड के 41 सामुदायिक वन पट्टा एवं सामुदायिक वन संसाधन पर अधिकार हेतु अनुमोदन दिया गया। इस दौरान समिति द्वारा सभी 41 मामलों का विस्तृत जांच कर सहमति दी गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, जिला परिषद सदस्य अजय एक्का एवं जिला परिषद् सदस्य शांति बाला सहित वनाधिकार समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

### योजनाओं को निश्चित समय पर करें पूरा : मथुरा महतो



**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति के सभापति मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में परिसदन सभागार में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं को लेकर पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदने और उसे फिर से पुरानी स्थिति में लौटाने को लेकर विभिन्न तकनीकी पदाधिकारियों से जानकारी ली गयी। इस दौरान जिला अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, नगर परिषद् झुमरी तिलैया क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति योजना के तहत किए गए कार्यों की भी जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से ली गयी। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों से भी सड़क खोदने और उसे फिर से पुरानी स्थिति में लौटाने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया।

### मृत मजदूर के परिवार से मिले कोलेबिरा विधायक

## परिजनों को दी आर्थिक सहायता

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड के कोलोमडेगा के गढ़ाटोली बोआस कंडुलना नामक मजदूर काम की तलाश में पंजाब के जालंधर गया था और जहां पर उसकी आकस्मिक मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर मंगलवार को कोलेबिरा विधायक पीड़ित परिवार से जाकर मुलाकात की तथा उन्होंने ढांढस बढ़ाया एवं मृतक के घर जाकर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने अपनी तरफ से भी सहायता राशि दी ।परिजनों ने बताया कि जलडेगा के कोलोमडेगा के गढ़ाटोली निवासी बोआस कंडुलना जकार्य करने के लिए पंजाब के जालंधर गए हुए थे एवं वहीं उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई । परिजनों को मजदूर के शव को लाने के लिए आर्थिक रूप से समस्या हो रही थी। इसके बाद विधायक को सूचना मिली तो उन्होंने श्रम विभाग से बात करते हुए तत्काल ?25000 नगद राशि दिलाई ।विधायक ने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार सभी लोगों के लिए कई योजनाओं का संचालन कर रही है । खासकर मजदूरों के लिए विशेष रूप से श्रम विभाग में योजना चलाई जा रहे हैं ताकि मजदूरों की आकस्मिक मौत पर उन्हें सरकार द्वारा समुचित लाभ मिल सके ।मौके पर उनकी धर्मपत्नी बिनीता कोनगाड़ी,प्रखंड विधायक प्रीतिनिधि अर्जुन होरो,फलियन कंडुलना, एक्रान्ति लुगुन, तिरुमनी कंडुलना, सुखराम कंडुलना आदि मौजूद रहे।



## सुदूरवर्ती दुर्गम क्षेत्र डालियामर्चा गांव पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुनी लोगों की समस्या





**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो के द्वारा अहले सुबह प्रखंड के सुदुरवर्ती पंचायत बेडाईरगी के अतिदुर्गम डालियामर्चा का दौरा किया ।जहां उन्होंने वहां बन रहे आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया , साथ ही गांव मे मुख्यमंत्री मईया योजना, नया राशनकार्ड,वोटर लिस्ट मे छूटे हुए लोगो का नाम जोड़ने हेतु फॉर्म भरा गया। साथ ही वहाँ के स्कूल का भी निरिक्षण किया मौके पर बच्चों को मिल रहे मिड डे मिल के बारे मे भी जानकारी ली गई !गाँव के लोगो को मनरेगा योजना से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने गांव में घूम-घूम कर लोगों की समस्याओं की जानकारी ली तथा फर्श पर बैठकर योजना का फॉर्म भरवाया।अहले सुबह अपने बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी को देखकर लोगो मे खुशी देखी गई । जहाँ लोगो का आवागमन नहीं के बराबर होता हो वहाँ किसी पदाधिकारी को पाकर और अपनी समस्याओं को बताकर लोगो मे एक आशा की किरण जगी ।ग्रामीणों ने कहा अब हमारी समस्या का समाधान घर बैठे हो पायेगा ।उनके बीच की समस्याओं को सुनकर प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुदिन अंसारी ने भरोसा दिलाया की समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंचाई जाएगी ।उनकी हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ पंचायत के उप मुखिया पति,वार्ड सदस्य, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आशुतोष कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा नेता श्रद्धानन्द के पहल पर सलडेगा चौक में मिला ट्रांसफार्मर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के अथक प्रयास से शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर5 एवं 6 सलडेगा बस्ती को कई दिनों के उपरांत मंगलवार को ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दी गई। भाजपा के वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता रूनी कुमारी ने श्री बेसरा को जानकारी दिया कि सलडेगा बस्ती का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है।
जानकारी मिलते ही श्री बेसरा ने इसकी जानकारी विद्युत विभाग को दिए एवं जल्द समाधान करने के लिए आग्रह किया। विगत कई दिनों से 200 केवी का खराब ट्रांसफार्मर को ट्रांसफार्मर वर्कशॉप में जमा किया अंततः काफी प्रयास के बाद सलडेगा बस्ती को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।
ट्रांसफार्मर नहीं रहने से सलडेगा वासी अंधेरे में जीवन बसर करने को मजबूर थे। कई दिनों के उपरांत ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो ने से सभी लोग बहुत खुश हुए, एवं बेसरा को एवं विद्युत विभाग सिमडेगा के प्रयास के लिए आभार व्यक्त किए। मौके पर जतरू साव, संजय सिंह, रामवतार, सोनु सिंह, सुंदर साव विजय, राजा ,इन्दु देवी , पुष्पा देवी, दीप नारायण दास, रविन्द्र बड़ाईक इत्यादि अनेक बस्ती के लोग उपस्थित थे।

### जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को डीसी मेघा ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक हुई। बैठक में जिला पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम ने विभाग से पर्यटकीय विकास को लेकर प्राप्त आबंटन और योजनावार व्यय के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्राप्त आबंटन के विरुद्ध कोडरमा जिलान्तर्गत पर्यटन विकास के लिए योजनाएं ली गयी है यथा चंचला धाम के रास्ते का सुदृढ़ीकरण, पेयजल व्यवस्था, तिलैया डैम के नवीकरण, वृन्दाहा जल प्रपात का सुदृढ़ीकरण, घोड़सिमर मंदिर का मरम्मति,सुंदरीकरण समेत अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए योजनाएं क्रियान्वित किया जा रहा है। डीसी ने इन सभी योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## महिलाओं की सुरक्षा में अनदेखी से लगातार बढ़ रहा है घटना : आरती कुजूर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक का भाजपा कार्यालय सिमडेगा में आयोजन हुआ। हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित करें। प्रदेश से आईं आरती कुजूर ने कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है. जुर्म करने वाला जरा भी नहीं डर रहा है और नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने जैसी क्रूरतापूर्ण घटनाएं राज्य में घटित हो रही है। पूर्व मंत्री रह चुकी बिमला प्रधान ने कहा कि यह सत्य है कि राज्य में जे एम एम, कांग्रेस और गठबंधन की सरकार में जनता सुरक्षित नहीं है. सरकार की मंशा जनता को वोट बैंक के लिए लुभाया जाए. हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी ।भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जिला एवं मंडल स्तर से आए पदाधिकारी को बताया उन्होंने कहा कि 9 अगस्त से लेकर 14 अगस्त 2024 तक देश में हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग ले. आजादी के अमृत' महोत्सव में जनता को अपनेझअपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# कलयुगी पुत्र ने मां को मार कर किया घायल इलाज के क्रम में हुई मौत ,आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगरू टूू टोली गांव में कलयुगी पुत्र ने अपने ही मां को मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ,जिसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 5 दिन पूर्व 60 वर्षीय सुकरमनी देवी नामक महिला को किसी बात को लेकर नाराज होकर उसके सगे बेटे प्रभु गोप के द्वारा लकड़ी के टुकड़ा से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । इसके अलावा उसकी हाथ को भी तोड़ दिया।
परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लेकर जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया,वहां भी स्थिति ठीक नहीं हुई तब जाकर परिवार वाले उसे इलाज के लिए फिर से सदर अस्पताल ले जहां पर इलाज के क्रम में मौत हो गई। मामले की जानकारी सिमडेगा पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी कलयुगी पुत्र प्रभु को गिरफ्तार करते हुए हिरासत में सिमडेगा जेल भेज दिया ।वहीं शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

## स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह बागीटांड स्टेडियम में होगा आयोजित

**नवीन मेल संवादाता। कोडरमा**
स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर मंगलवार को डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार बैठक हुई। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह बागीटांड स्टेडियम में आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस पर विधि- व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था समेत मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली तैयारी को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल संचालन के लिए झंडोतोलन का समय, परेड में शामिल होने वाले विभिन्न टुकड़ियों के पूर्वाभ्यास, राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास,मुख्य समारोह स्थल पर जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने समेत अन्य कार्यक्रमों को संपन्न कराने विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। डीसी मेघा भारद्वाज द्वारा स्वतंत्रता दिवस की विभिन्न तैयारियों के अलावा कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न कार्यों के आयोजन करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने बागीटांड़ स्टेडियम में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के अलावा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर संबंधित अधिकारियों,पुलिस पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने शहर को पूर्ण रूप से स्वच्छ और सुंदर बनाने के अलावा वीर शहीदों,महान स्वतंत्रा सेनानियों की प्रतिमा की साफ-सफाई को लेकर नगर पंचायत कोडरमा,डोमचांच और नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### डीसी ने कृषि, बागवानी, आत्मा, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के कार्यों का किया समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि, बागवानी, आत्मा, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कृषि विभाग की समीक्षा क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि माह अगस्त 2024 में सामान्य वर्षापात 362.1 मि.मी. के विरुद्ध में वास्तविक अभी तक दिनांक -06.08.2024 तक 167.9 मि.मी. वर्षा हुई है जिसका 46.4 प्रतिशत है। साथ ही उन्होंने उपायुक्त को अवगत कराया की आच्छादन के तहत धान 85000 हेक्टर लक्ष्य के विरुद्ध 35746 हेक्टर आच्छादित हो चुका है जो कि लक्ष्य का कुल 42.1 प्रतिशत है। बीज वितरण की समीक्षा के क्रम में बतलाया गया कि प्रखंड में योजना एफ.बी.वाई. अंतर्गत जिले में अवस्थित विभिन्न लैंपसों के माध्यम से 1011.90 क्विंटल धान तथा मूंगफली उरद, मकई का वितरण किया गया है। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने एस.एच.सी. कृषक पाठशाला एवं अन्य योजनाओं से संबंधित कार्यों का ससमय निष्पादित सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### बोलबा थाना मन्दिर का जीर्णोद्धार के साथ हनुमान मूर्ति का किया गया प्राण-प्रतिष्ठा



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में बजरंगबली मन्दिर का प्राण-प्रतिष्ठा किया गया । इस मौके पर बताया गया कि पूर्व में बना मन्दिर जीर्णशीर्ण हो गया था ,साथ ही हनुमान मूर्ति भी खण्डित हो गया था । सर्व सम्मति से मन्दिर की भव्य तरीके से जीर्णोद्धार किया गया ।इसके साथ ही बजरंगबली का नया मूर्ति बैठाकर विधिवत हवन- पूजन किया गया। इस मौके पर पूर्व थाना प्रभारी विकास कुमार महतो यजमान के रूप में तथा पुरोहित प मंटू महाराज, परमेश्वर पंडा, संजय मिश्रा, पारस मणि दास, विद्याधर दास मौजूद थे । कार्यक्रम के आरम्भ में कलश यात्रा निकाला गया जो बोलबा शंख नदी से जल उठाया गया ।जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना प्रभारी सोनू पाठक, ग्रामीण इंद्रदेव सिंह, कृष्ण प्रसाद जायसवाल, सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, अजय जायसवाल, मोतीराम सेनापति, रंजीत शाह एवं अन्य लोगों का सहयोग रहा ।

### कांवरिया सेवा संघ ने सफल आयोजन के लेकर सभी का जताया आभार

**सिमडेगा।** कांवरिया सेवा संघ के तत्वाधान में सावन के तीसरी सोमवारी के मौके पर प्रत्येक वर्ष उड़ीसा के वेदव्यास से सिमडेगा सरना मंदिर तक पैदल कांवर यात्रा की सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर संघ के अध्यक्ष संजय बड़ालिया ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है ।उन्होंने कहा पच्चीसवें वर्ष कावरियां सेवा संघ के तत्वधान में कावरियों ने 5000 से अधिक सँख्या अपने घरों से निकाल कर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किया ।इसके लिए कावरियां सेवा संघ सभी शिव भक्तों का बहुत बहुत आभार प्रकट किया। उन्होंने आगे आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नव युवक कावरिया सेवा संघ बिरमित्रपुर जिनके द्वारा हर वर्ष रात्रि विश्राम एवम जलपान की व्यवस्था जगरनाथ मंदिर में की गई, जिसका कावरियां सेवा संघ तहे दिल से धन्यवाद देता है। इसके अलावा रास्ते भर में अलग-अलग संगठन एवं लोगों के द्वारा भी सेवा दी गई इसके लिए उन्होंने ,बंगाली समाज, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, ओमकार दुर्गा पूजा समिति ,शीतल छाया एंड ग्रुप, सब्जी विक्रेता संघ, पिंटू सिन्हा जोराम, मंटू केशरी साउंड एवम समस्त सिमडेगा वाशी जिन्होंने बढ़चढ़ कर कावरियों की सेवा में दिन रात एक कर दिया और सेवा प्रदान की उन सभी का कावरियां सेवा संघ तहे दिल से आभार प्रकट करता है। इसके अलावा उन्होंने सिमडेगा प्रशासन,सिमडेगा पुलिस विभाग एवम सिमडेगा नगर परिषद का विशेष योगदान हेतु आभार प्रकट किया।

### घंटों रही बिजली रही गुल, लोग रहे परेशान

**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया शहर समेत कई क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रहने से लोग काफी परेशान रहे। दोपहर करीब 12 से बिजली जो कटी वह सीधे शाम करीब 6.30 बजे आयी। इसके बाद भी हर पांच-दस मिनट के अंतराल में बिजली कटती रही। दिनभर बिजली न रहने से इस उमसभरी गर्मी में लोग परेशान रहे, वहीं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ा। घंटों बिजली न रहने से लोगों के दुकानों का इंवर्टर भी जवाब दे गया और शाम 7 बजते-बजते कई दुकानों का शटर गिर गये।

### बीडीओ ने पंचायत सचिवालय का किया निरीक्षण

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालय एवं प्रज्ञा केंद्रों का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के प्रगति की जानकारी ली. बालूमाथ पंचायत सचिवालय एवं प्रज्ञा केंद्र के निरीक्षण के क्रम में योजना से निबंधन कराने वाली महिलाओं ने फॉर्म की अनुपलब्धता एवं सर्वर डाउन रहने के कारण निबंधन नहीं होने की शिकायत की. बीडीओ ने महिलाओं की परेशानियों को देखते हुए प्रज्ञा केंद्रों में भरे हुए फॉर्म जमा कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि तकनीकी खराबी दुरुस्त होते ही निर्बाध रूप से निबंधन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी उन्होंने बारी-बारी से महिलाओं को बुलाकर उनका निबंधन कराने का निर्देश दिया. ज्ञात हो कि मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को झारखंड सरकार एक हजार रुपए प्रतिमाह सम्मान राशि के रूप में देने का निर्णय लिया है।

### कोडरमा में संदिग्ध अवस्था में मिला विवाहिता का शव, पति हिरासत में



**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रायडीह में मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में पंखे से लटकता विवाहिता का शव मिला। मृतका की पहचान पूर्णिमा देवी (19) के रूप मे हुई है।ठ जानकारी के अनुसार विवाहिता पूर्णिमा 5 महीने की गर्भवती थी। पूर्णिमा की शादी फरवरी में हुई थी, जिसका मायका तिलैया के विद्यापुरी में है। मृतिका के पति रोहित सोनकर ने कहा कि वह पटना में काम करता है। वहां जाने के लिए उसकी पत्नी जिद कर रही थी लेकिन वह इंकार कर रहा था। इस बीच वह घर से बाहर गया और लौटा तो देखा कि उसका कमरा अंदर से बंद था। हो-हल्ला करने के बाद गेट तोड़ा गया तो देखा कि उसकी पत्नी पंखे से साड़ी के सहारे फंदे पर लटक रही थी। घटना के बाद नवलशाही पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत मे ले लिया है। मामला हत्या है या आत्महत्या, कुछ भी कहना अभी मुश्किल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# शिक्षा मंत्री ने स्कूली बच्चों को सोशल मीडिया से पड़ रहे नकारात्मक प्रभावों पर चेताया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने मंगलवार को कहा कि बच्चों पर इंटरनेट के नकारात्मक प्रभावों के खिलाफ लड़ाई में अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। वे फोरम फॉर लर्निंग एंड एक्शन विद इनोवेशन एंड रिगोर (ऋछअक्फ) और झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा राम दयाल सिंह मुंडा जनजातीय शोध संस्थान, मोरहाबादी (रांची) में सह-आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। राष्ट्रीय संगोष्ठी और पैनल चर्चा डिजिटल युग में बच्चों और युवाओं की शिक्षा और कल्याण विषय पर हो रही थी।



डिजिटल प्लेटफॉर्म के नकारात्मक प्रभाव बच्चों के दिमाग को नुकसान पहुंचा रहे हैं शिक्षा मंत्री ने कहा, मैं चाहता हूं कि हर कोई इस अभियान का हिस्सा बने, क्योंकि डिजिटल प्लेटफॉर्म के नकारात्मक प्रभाव बच्चों और किशोरों के दिमाग को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हर चीज के दो पहलू होते हैं नकारात्मक और सकारात्मक। हम इंटरनेट के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हम इंटरनेट और सोशल मीडिया के स्वस्थ उपयोग के पक्षधर हैं, मंत्री ने डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित फलेयर नेक्स्ट जेन नेविगेटर्स नामक एक पत्रिका का भी अनावरण किया। मंत्री ने साइबर अपराध के खिलाफ जागरुकता के महत्व पर प्रकाश डाला साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा, फ्लेयर स्कूली बच्चों को पाठ्यक्रम में हस्तक्षेप के माध्यम से उनके नकारात्मक प्रभावों और इससे निपटने के तरीके के बारे में शिक्षित करने में सराहनीय कार्य कर रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में समाधान आधारित कार्यक्रम और हस्तक्षेप शुरू करने में रुचि रखती है और इस प्रयास और हस्तक्षेप के लिए सभी तरह की मदद का आश्वासन दिया।

# बारिश में भी राजभवन के समक्ष धरने पर डटे रहे प्रारंभिक शिक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड प्रदेश के बैनर तले अपनी 3 सूत्री मांगों के समर्थन में आज दूसरे दिन मंगलवार को भी प्रारंभिक शिक्षकों ने राजभवन के समक्ष धरना दिया। अनशनकारियों के समर्थन में रांची, लोहरदगा, धनबाद, जामताड़ा, पलामू, गढ़वा, दुमका, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम तथा खूंटी के हजारों शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में डटे रहे। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष शिव शंकर पोलाई ने सभी अनशनकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।



मौके पर संघ के अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राममूर्ति ठाकुर तथा मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती शिक्षकों का अनशन जारी रहेगा।इस कड़ी में पलामू जिले के निर्मल कुमार अनशन में जुड़े। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि राज्य के अन्य कर्मियों की भांति शिक्षकों के लिए भी एमएसीपी लाभ सरकार लागू करे। कार्यक्रम में मंच संचालन सुरंजन कुमार ने किया। आमरण अनशन में अनूप केसरी, राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद , संतोष कुमार, दीपक दत्ता, पवन ठाकुर तथा संजय कांडूलना के नाम शामिल हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

पत्रांकः– दिनांक–

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा संख्याः–02/2024-25/RWD /EE/RANCHI, PR No.330935 REO (24-25) :D द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। जिसमें निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 25.08. 2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 27.08.2024 के स्थान पर निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 27.08.2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 29.. 08.2024 पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 331992 (REO) 24-25 (D)


## युवक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

**किरीबुरु।** किरीबुरु थाना अन्तर्गत मुगार्पाड़ा निवासी रितुन गोप (25 वर्ष), पिता रवि गोप ने अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. यह घटना 6 अगस्त की शाम लगभग पौने पांच बजे की बताई जा रही है। घटना के बाबत मृतक के पिता रवि ने बताया कि रितुन शाम में शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुये सेल के आवास एनटी- 8/4 में घुसा। उसने अपना कमरा बंद कर लिया। उस समय घर पर पत्नी थी। पत्नी ने बंद कमरे के खिड़की से देखा तो वह पंखा के सहारे गमछा बांध लटका हुआ था।


## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

**आम सूचना (संशोधन)**

विभागीय संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 निदेशक, प्रा.शि. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक क्रमशः 771 दिनांक 13.06.2024 एवं पत्रांक 786 दिनांक 19.06.2024 के अधीन एतद् द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों जिन्होंने इस जिला से प्रकाशित विज्ञापन संख्या 03/2015 (कक्षा 1 से 5) एवं विज्ञापन संख्या 04/2015 (कक्षा 6 से 8) के अंतर्गत आवेदन किया है को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड राँची द्वारा एल.पी.ए. संख्या 203/2022 एवं अन्य संबद्ध वादों में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन हेतु जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त के निमित वर्ष 2015 में विज्ञापित रिक्तियों के विरूद्ध वर्ष 2015–16 एवं वर्ष 2019 में की गयी, नियुक्ति के पश्चात शेष रह गये पारा एवं गैर पारा कोटि के रिक्त पदों पर अंतिम अवसर के रूप में एक बार काउंसिलिंग हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था।

प्रकाशित आम सूचना में टंकण भूल के कारण रिक्त पदों में त्रुटि पायी गयी थी। नीचे दिये गये रिक्तियों में निम्नवत सुधार करते हुए संशोधित सूचना का पुनः प्रकाशन किया जा रहा है।

वर्ग 1 से 5 पारा / गैर पारा से संबंधित रिक्ति

| कोटि | इण्टर प्रशिक्षित (पारा कैटेगरी) | इण्टर प्रशिक्षित (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| | रिक्त पद | रिक्त पद |
| अनारक्षित | 5 | 79 |
| अनुसूचित जनजाति | 08 | 22 |
| कुल योग | 15 | 116 |

वर्ग 6 से 8 स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान से संबंधित रिक्ति

| कोटि | स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान (पारा कैटेगरी) | स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| | रिक्त पद | रिक्त पद |
| अनारक्षित | 1 | 0 |
| कुल योग | 3 | 4 |

वर्ग 6 से 8 स्नातक प्रशिक्षित भाषा विषय में रिक्ति

| कोटि | स्नातक प्रशिक्षित भाषा (पारा कैटेगरी) | स्नातक प्रशिक्षित भाषा (गैर पारा कैटेगरी) |
|---|---|---|
| | रिक्त पद | रिक्त पद |
| अनारक्षित | 6 | 1 |
| अनुसूचित जनजाति | 5 | 2 |
| कुल योग | 13 | 3 |

पूर्व में दिनांक 20.06.2024 को प्रकाशित सूचना को इस हद तक संशोधित समझा जायेगा। शेष शर्तें यथावत रहेगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची

PR 332057 Human Resource Developement (24-25)_D




**मुख्यमंत्री से झारखंड सचिवालय सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को झारखंड सचिवालय सेवा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने झारखण्ड सचिवालय सेवा संघ के लंबित मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर झारखंड सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद, महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय बरनवाल, इरशाद आलम, सचिव पीयूष कुमार एवं दीप्ति शिखा हेरेंज उपस्थित थे।

## नर्सिंग होम संचालक को मारी गोली, मौत

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाखे के पास मंगलवार देर शाम अपराधियों ने नर्सिंग होम के संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के नोनगांव निवासी परशुराम प्रसाद उर्फ पीआर प्रसाद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक परशुराम विष्णुगढ़ में नर्सिंग होम चलाते थे। वह वापस हजारीबाग आ रहे थे। इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने पीछा करते हुए शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लाखे के पास सिर में गोली मारकर जख्मी कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

# अधिकारियों ने सुनीं उद्यमियों की समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा



**नवीन मेल संवादाता। रांची**

झारखंड में एमएसएमई के सामने आनेवाली समस्याओं तथा चुनौतियों पर चर्चा करने और उनका समाधान भारत सरकार के रैंप कार्यक्रम के माध्यम से करने के लिए मंगलवार को झारखंड इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक वरूण रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। बैठक में अधिकारियों ने उद्यमियों से यह जानने की कोशिश की कि झारखंड में एमएसएमई के विकास में आनेवाली क्या-क्या चुनौतियां हैं अथवा नयी इंडस्ट्री सेटअप करने में उद्यमियों को क्या परेशानियां होती हैं। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने एमएसएमई के विकास से जुडे बिंदुओं से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उद्यमियों पर अनावश्यक कंप्लायंस का भार कम करना आवश्यक है ताकि उद्योगों का संचालन करना आसान हो सके। जियाडा की ओर से भी औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित किये जानेवाले भूखंड की प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। यह भी सुझाया गया कि उद्योगों को लोन मुहैया करानेवाले सरकारी संस्थानों द्वारा सीजीटीएमएसई योजना के तहत जो शुल्क निर्धारित है, उसे सब्सिडाईज्ड किया जाय। इससे उद्यमी प्रोत्साहित होंगे।

निर्बाध विद्युत आपूर्ति की अनुपलब्धता पर जतायी चिंता

उद्योगों के संचालन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की अनुपलब्धता पर कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने चिंता जताई और कहा कि बिजली के वैकल्पिक स्त्रोत सोलर एनर्जी पर फोकस किया जाना आवश्यक है। उनहोंने कहा कि डोमेस्टिक में सब्सिडी है लेकिन कमर्शियल में सब्सिडी नही है। पूर्व में कमर्शियल में भी सब्सिडी राज्य सरकार की ओर से प्रोत्साहन के रूप में दी जा रही थी।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय कॉल)**

T. Reference No. :- DWSD/KHUNTI-01(SR)/2024-25, Date 06.08.2024

| S. No | Name of work | No. of Tube well | Estimated cost ( In Lakh) | Earnest Money(in Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of T/W by Drilling 125/115 mm dia drilled Tube-Well in all kinds of soil rock for installation of hand pump with D.T.H Rig machine all complete including supplying all materials, labours, tools, drilling, rigs, air compressor and equipments as well as fuel lubricant for making 125/115 mm dia boring etc and cost of transporting rig machine and other vehicle up to site work "Turn Key Basis" Under D. W. & S. Division, Khunti for the Year 2023-24 | 22 | 1845539.00 | 37000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2. | Date of Tender uploading on website | 07.08.2024 upto 05.00 PM | | | | |
| 3. | Last Date/Time of Online Biding | 14.08.2024 at 05.00 PM | | | | |
| 4. | Last Date/Time of Online Payment for Cost of BOQ & Earnest Money (As Per direction of Secretary, IT & e Governance, Jharkhand Government vide Memo No.- 120, Dt.- 03.10.2023) | 14.08.2024 at 05.00 PM | | | | |
| 5. | Date/Time of Opening of Tender | 16.08.2024 at 11:00 PM | | | | |
| 6. | Name & address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division, Khunti | | | | |
| 7. | Name & address of office inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division, Khunti | | | | |
| 8. | Contact No. of office inviting Tender | 06528-299928 | | | | |
| 9. | Contact No. of Procurement Office | 0651-2480345 | | | | |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhandtender.gov.in

Executive Engineer
D.W.& S. Division, Khunti.

PR 331959 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D


## होटल क्रूज के कमरे में अमलगम स्टील के अधिकारी की संदेहास्पद स्थिति में मौत




**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत होटल क्रूज के कमरा नंबर 315 में मंगलवार को कांड्रा स्थित अमलगम पावर एंड स्टील कंपनी के अधिकारी एस मूर्ति रंजन दास मृत अवस्था में पाए गए।

सूचना पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने शव को शीत गृह में रखवा दिया है। पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतक एस मूर्ति रंजन दास मूल रूप से उड़ीसा के भुवनेश्वर (खुर्दा) के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि बीते चार अगस्त से एस मूर्ति होटल क्रूज के कमरा संख्या 315 में रुके थे। बीती रात खाना खाकर वे अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह जब कंपनी नहीं पहुंचे तो कंपनी के अन्य अधिकारियों द्वारा उन्हें कॉल किया गया। बार-बार फोन करने पर भी उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया तब कंपनी के अधिकारी और कर्मी होटल पहुंचे। तत्पश्चात, होटल की डुप्लिकेट चाभी से उनके कमरे का दरवाजा खुलवाया गया जहां एस मूर्ति रंजन दास अपने बेड पर बेसुध पड़े हुए पाए गए। उसके बाद इसकी सूचना होटल प्रबंधन की ओर से आदित्यपुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एस मूर्ति को टीएमएच भेजा जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है। फिलहाल पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही है।

## दस दिन में एक लाख फॉर्म स्वीकृत करने का सीएस ने दिया निर्देश

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म भरने में तेजी लाने का निर्देश मुख्य सचिव (सीएस) एल ख्यांगते ने दिया. सभी जिले के उपायुक्त को भेजे आदेश में उन्होंने कहा कि 10 दिनों में एक लाख फॉर्म की स्वीकृति देना सुनिश्चित करें। जिससे लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने कई जगहों से इंटरनेट कनेक्शन एवं सर्वर की गड़बड़ी के कारण ऑनलाइन इंट्री में उत्पन्न हो रहे व्यवधान को देखते हुए ऑफलाइन आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने का निर्देश दिया। ऑफलाइन आवेदनों का डिजिटलाइजेशन एवं आधार ऑथेंटिकेशन ऑफलाइन ही किया जाएगा। दूसरी ओर मंगलवार को भी जिले 255 जगहों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पांच हजार से ज्यादा आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री की गई। हालांकि उससे ज्यादा आवेदन जमा हुए हैं। मंगलवार को तीसरे दिन भी जिले के केंद्रों पर महिलाओं की भीड़ दिखी। हालांकि आज अफरातफरी जैसी स्थिति नहीं रही। जिले के वरीय अधिकारियों ने कई केंद्रों का निरीक्षण किया तथा वहां की स्थिति का आंकलन किया।

## रांची विवि के कुलपति को जन्मदिन की दी बधाई



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अटल पांडेय विश्वविद्यालय अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान अर्जुन राम और छात्र नेता विशाल सिंह शामिल रहे।

## अभाविप देशभर के शैक्षणिक संस्थानों का करेगी शैक्षिक सर्वेक्षण

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की झारखंड के गिरिडीह जिले स्थित श्री पारसनाथ में 03 तथा 04 अगस्त को संपन्न हुई। केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक के उपरांत रांची में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने अभाविप की इस बैठक में तय हुए विभिन्न निर्णयों तथा योजनाओं की जानकारी रखी। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी परिषद शिक्षा क्षेत्र में वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर देश की छात्रशक्ति के साथ शिक्षा तथा समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यरत है।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–19/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 21.08.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.08.2024 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.08.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of "E" Type Qtr. No.-E-252 (Second Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 14,74,200.00 | 2500.00 | 30000.00 | 2 Months |
| 2 | Renovation of Room No.-302 (J.S. Chamber) & 304 (Director Chamber, Secondary Education Directorate) at 3rd Floor of M.D.I Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,85,800.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of Room No.-249 (Joint Secretary & Deputy Secretary Chamber, Welfare Department) at 2nd Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 5,75,900.00 | 1250.00 | 12000.00 | 1 Month |
| 4 | Renovation of Magzin Building (Police Barrack building near main gate) in the campus of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 13,51,900.00 | 2500.00 | 27500.00 | 2 Months |
| 5 | Renovation of room No.-08 (Additional Secretary, Department of School Education & Literacy) & 12 at Ground Floor, Room No.-107 (Library-cum-Conference room) at First Floor and Room No,.-202 (Joint Secretary, Department of School Education & Literacy) at Second Floor of MDI Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 19,30,800.00 | 5000.00 | 39000.00 | 2 Months |
| 6 | Door and Choukhat Panelling and Miscellaneous Work of Room No.-132, 133, 134 & 135 (State Disable Commissioner) and Disable Helping Centre of Engineering Hostel No.-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 10,89,800.00 | 2500.00 | 22000.00 | 2 Months |
| 7 | E/R to Room No.-121 & 122 (Samajik Suraksha Nideshalaya) at Ground Floor of Engineering Hostel No.-2, HEC, Ranchi | 2,48,700.00 | 500.00 | 6000.00 | 1 Month |
| 8 | E/R to Room No.-425, 428 & 429 (Joint Secretary, Finance Department) at 4th Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,48,300.00 | 500.00 | 6000.00 | 1 Month |
| 9 | E/R to Room No.-207 (Joint Secretary Welfare Department) at 2nd Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,48,900.00 | 500.00 | 6000.00 | 1 Month |

नोट :निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 332014 (Building) 24-25 (D)


# मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट, 12 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के पचंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत जगमनरायडीह गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प में 12 लोग घायल हो गये। घटना सोमवार देर रात की है। बताया गया कि देर रात कुछ लोग ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे। इस दौरान आम के पेड़ की डाली टूट गई। इसको लेकर पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। फिर जमकर मारपीट हो गई, जिसमें 12 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी को देर रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में मुस्लिम मियां, ताहिर मियां, बदरुद्दीन मियां, कमरुद्दीन मियां, सलाउद्दीन मियां, मिनहाज मियां, नियाकत मियां, लियाकत मियां, सलमान मियां, साबिर मियां और मेहरुनिशा,



मोहम्मद नासिर अंसारी और मंजूर अंसारी में शामिल हैं। घटना को लेकर दोनों पक्ष की ओर से पचंबा थाना में आवेदन दिया गया है। इस दौरान पहले पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर उनकी दुकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट का भी आरोप लगाया है। इस बाबत पचंबा थाना प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी देर रात घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद मामले को शांत कराकर घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्ष से आवेदन दिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# उसरी नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बाबा दुखहरण नाथ मंदिर के पास उसरी नदी में डूबे युवक का शव 24 घंटे बाद मंगलवार की दोपहर बरामद कर लिया गया। धनबाद जिले के सिजुआ न्यू श्याम कॉलोनी निवासी युवक गौतम चौहान सोमवार को नदी में नहाने के दौरान में नदी की धारा में बह गया था। घटनाक बाद स्थानीय युवकों के काफी प्रयास के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला था। मालूम हो कि गौतम अपने परिवार के साथ तीसरी सोमवार पर बाबा दुखहरण नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना आया था। पूजा से पहले



वह नदी में स्नान करने के दौरान वह डूब गया था। मंगलवार को धनबाद के गोताखोरों की टीम नदी तट पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद शव बरामद कर लिया।

# टोटो रिक्शा पलटने से बिहार के एक युवक की मौत

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रक्सा गांव के समीप अनियंत्रित टोटो रिक्शा पलटने से एक व्यक्ति की मौत मंगलवार को हो गई। मृतक की पहचान बिहार के बौसी थाना क्षेत्र के कोरियाटीकर निवासी अशोक सोरेन(36) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक अपने साला को लेकर झाड़-फूंक के लिए किसी ओझा के पास रक्सा गांव स्थित लुसिया गया था। इसी दौरान वापस लौटने के क्रम में रक्सा गांव स्थित सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर के पास टोटो अनियंत्रित होकर पलट गई और अशोक सोरेन टोटो के नीचे दब गया। घटना की जानकारी मिलते ही सरैयाहाट पुलिस मौके पर पहुंच मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरैयाहाट ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

संपादकीय

## ऋणजाल और चीन के वर्चस्व की चाल

टोक्यो में हुई क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में चीन को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा गया था कि हिंद-प्रशांत देश में किसी की दबंगई स्वीकार नहीं की जाएगी। क्वाड के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा, 'हम स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए 'क्वाड' की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।' लेकिन दक्षिण एशिया में आर्थिक उथल-पुथल (श्रीलंका एवं पाकिस्तान में गंभीर आर्थिक संकट के साथ बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बाद कथित विद्रोह) ने बीजिंग के लिए इस विशाल एवं अविकसित क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अनुकूल स्थितियां पैदा कर दी हैं। कोविड काल के दौरान दुनिया भर में बड़े पैमाने पर तरलता के प्रवाह ने मुद्रास्फीति को जन्म दिया, जिससे अमेरिकी डॉलर का मूल्य बढ़ गया। मजबूत अमेरिकी मुद्रा ने कई दक्षिणी एशियाई देशों को आर्थिक संकट में डाल दिया। इससे श्रीलंका और पाकिस्तान में भारी आर्थिक संकट पैदा हो गया। इन देशों की आर्थिक कमजोरियों पर नजर रखने वाला चीन दक्षिण एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार करने के लिए सैन्य, राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक साधनों का उपयोग करने पर तुला है। बीजिंग का लक्ष्य प्रमुख एशियाई शक्ति के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना, हिंद महासागर के विशाल संसाधनों तक पहुंच बनाना, भारत को घेरना, महत्वपूर्ण समुद्री संचार लाइनों को सुरक्षित करना तथा झिंजियांग व तिब्बत जैसे अस्थिर क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। भारत और भूटान को छोड़कर इस क्षेत्र के अधिकांश देश बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) में शामिल हैं। चीन इस क्षेत्र के कई देशों की बड़ी आधारभूत परियोजनाओं के निर्माण के लिए अपनी शर्तों पर ऋण दे रहा है जो चीन के रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं और इस क्षेत्र में उसका प्रभाव बढ़ाने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया स्थित आरएएनडी कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ रक्षा विश्लेषक प्रोफेसर डेरेक ग्रासमैन का मानना है कि ह्यभारत दक्षिण एशिया में चीन से आर्थिक प्रतिस्पर्धा में हार नहीं रहा, बल्कि जीत भी सकता है। खबरों से पता चलता है कि भारत दक्षिण एशिया के पसंदीदा ऋणदाता के रूप में चीन को चुनौती देने की योजना बना रहा है और उसके बीआरआई के पीछे छिपे इरादे का मुकाबला करना चाहता है। श्रीलंका और पाकिस्तान की आर्थिक विफलता के बाद, नई दिल्ली ने पड़ोसी देशों को ऋण देने में भारी वृद्धि करने के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। दक्षिण एशियाई समकक्षों को वैकल्पिक ऋण सुविधा प्रदान करने वाले देश के रूप में भारत के उभार के कारण अरबों डॉलर के निवेश वाली बड़ी आधारभूत परियोजनाओं की फंडिंग करने में चीन की रुचि कम हो रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि एक ऋणदाता के रूप में भारत की भूमिका में बहुत तेजी से बढ़ी है। भारत में कई लोगों का मानना है कि चीन ऋण-जाल कूटनीति अपना रहा है, जो दूसरों की संपत्तियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से कर्ज देता है।

> चीन इस क्षेत्र के कई देशों की बड़ी आधारभूत परियोजनाओं के निर्माण के लिए अपनी शर्तों पर ऋण दे रहा है, जो उसके रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं और इस क्षेत्र में उसका प्रभाव बढ़ाने में मदद करते हैं।

# निरंकुशता के कारण शेख हसीना का निष्कासन?



आज की बात



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

बांग्लादेश में जनभावना को दबाने एवं अनसुना करने से पनपे विद्रोह, आक्रोश एवं विरोध की निष्पत्ति है शेख हसीना सरकार का पतन। लम्बे समय से चला आ रहा आरक्षण विरोधी आंदोलन का आक्रोश उग्रतम होता गया, मगर इस आक्रोश की बुनियाद सात माह पूर्व हुए चुनाव में अनियमितताओं के बाद ही पड़ गई थी। हाल के दिनों में व्यापक पैमाने पर हुए हिंसक प्रदर्शनों ने शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद त्यागकर देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। पिछले करीब तीन सप्ताह में हुई आरक्षण विरोधी हिंसा में तीन सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। दरअसल, इस संकट की मूल वजह एक लोकतांत्रिक नेतृत्व का तानाशाह एवं निरंकुश बनना बड़ा कारण रहा। जनभावनाओं को कुचला जाना एवं अनसुना करने के कारण ही हसीना आनन-फानन देश छोड़कर भारत आने के लिए विवश होना पड़ा। उससे यही पता चलता है कि हालात किस कदर उनके खिलाफ हो गए थे। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि उनका इस्तीफा मांग रहे बगावती प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास में घुसकर तो तोड़फोड़ की ही, उनके पिता एवं बांग्लादेश के राष्ट्रपिता कहे जाने वाले शेख मुजीब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के साथ उनके नाम पर बने एक संग्रहालय को भी जला दिया। बांग्लादेश बेहाल हो गया, हिंसक एवं अराजक घटनाएं कहर बन कर हसीना के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजा रही थी। जैसी आशंका थी, शेख हसीना के पलायन करते ही सेना ने सत्ता संभाल ली और मिली-जुली अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की। शायद सेना इसकी तैयारी पहले से कर रही थी। भारतीय उपमहाद्वीप के श्रीलंका, नेपाल के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति भारत सरकार को सतर्क एवं सावधान रहने के साथ अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

जब-जब जिन-जिन देशों में जनता की आवाज को दबाया गया, एक विस्फोटक स्थिति बनी, क्रांति का शंखनाद हुआ। मान्य सिद्धान्त है कि आदर्श ऊपर से आते हैं, क्रांति नीचे से होती है। बांग्लादेश में क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी यही स्थिति बना कि ऊपर से आदर्श की स्थितियों पर धुंधलका छाने लगा तो क्रांति नीचे से होने लगी, बांग्लादेश हिंसा की आग में झुलसने लगा, आगजनी, तोड़फोड, हिंसक प्रदर्शनों में सैकड़ों लोग मारे गये, सरकारी सम्पत्ति का भारी नुकसान हुआ। वास्तव में लगातार चार बार प्रधानमंत्री बनने वाली शेख हसीना ने जनाक्रोश एवं जनता के विद्रोह को हल्के में लिया। वास्तव में हसीना लगातार विस्फोटक होती स्थितियों का सावधानी से आकलन नहीं कर पायी। आरक्षण आंदोलन को दबाने के लिये की गई सख्ती ने आग में घी का काम किया। जिससे बांग्लादेश के जनमानस में गहरे तक यह भाव एवं घाव पैदा हुआ कि उनकी आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। चूंकि शेख हसीना ने अपने लंबे शासनकाल में बांग्लादेश को स्थिरता प्रदान की और उसे आगे बढ़ाया, इसलिए उनकी सत्ता को कोई खतरा नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ समय पहले आरक्षण के खिलाफ छात्रों की ओर से शुरू हुआ आंदोलन उनके लिए मुसीबत बन गया। इस आंदोलन को शीघ्र ही शेख हसीना के सभी विरोधियों और साथ ही ऐसे कट्टरपंथी संगठनों ने भी समर्थन दे दिया, जो पाकिस्तान की कठपुतली माने जाते हैं। इसके चलते आरक्षण विरोधी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के हिंसक अभियान में बदल गया। निश्चित ही पाक परस्त राजनीतिक दलों ने इस आक्रोश को अपने लिये सत्ता का रास्ता बनाने में इस्तेमाल किया, लेकिन इस संकट को शह देने में कई विदेशी ताकतें भी पीछे नहीं रही। शेख हसीना लगातार चौथी बार सत्ता में तो आई, लेकिन विपक्षी दल जनता में यह संदेश देने में कामयाब रहे कि चुनावों में धांधली हुई है। इस तरह चुनावों के संदिग्ध तौर-तरीकों ने शेख हसीना की जीत को धूमिल कर दिया। जिसका अंतर्राष्ट्रीय जगत में भी अच्छा संदेश नहीं गया। तभी पिछले महीनों में अपनी सरकार के लिये अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने हेतु शेख हसीना ने भारत व चीन की यात्रा की थी। हालांकि, इस दौरान देश में स्थितियां उनके अनुकूल नहीं थी। बीजिंग और नई दिल्ली के बीच संतुलन साधने की शेख हसीना की नीति से चीन भी उनसे रुष्ट था और इसी कारण उन्हें हाल की अपनी चीन यात्रा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा था। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## प्रकृति की अनदेखी से बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं



सुनील कुमार महला

मानसून के इस सीजन में कहीं कहीं बहुत अधिक बारिश हो रही है , इससे जहां एक ओर हमारे देश में अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई है तो वहीं दूसरी ओर पहाड़ों में भूस्खलन की घटनाएं घटित हो रही हैं। दरअसल आज हम प्रकृति के संरक्षण की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पा रहे हैं और यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन से बारिश भी बहुत अधिक होने लगी है तो कहीं पर सूखा भी पड़ने लगा है। बारिश शहरों व बड़े महानगरों से लेकर गांव गलियों तक के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल रहा है। आज बढ़ती जनसंख्या के बीच हमारे शहर भी नियोजित ढंग से नहीं बसाये जा रहे हैं ,मनमाने ढ़ंग से निर्माण हो रहे हैं और उसका खामियाजा हमें निचले इलाकों में पानी भरने, बाढ़ आने के रूप में देखने को मिल रहा है। हमारे देश में भूस्खलन की घटनाएं तो जैसे आम होने लगीं हैं, विशेषकर बारिश के सीजन में। कहना गलत नहीं होगा कि भूस्खलन का कारण कहीं न कहीं अधिक बारिश भी है। बारिश ही नहीं बल्कि बर्फ पिघलने, जल स्तर में परिवर्तन, धारा कटाव, भूजल में परिवर्तन, भूकंप, ज्वालामुखीय गतिविधियों, मानवीय गतिविधियों द्वारा गड़बड़ी और इन कारकों के किसी भी संयोजन से ढ़लानों में भूस्खलन शुरू हो सकता है। भूकंप के झटके और अन्य कारक भी पानी के भीतर अनेक बार भूस्खलन को प्रेरित कर सकते हैं। हमारे देश भारत में भूस्खलन एक बहुत ही गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। भूस्खलन की घटनाएं खड़ी ढ़लान वाली भूमि, चट्टानों में जोड़ व दरारें होने, ढ़ीली मिट्टी (वृक्ष कटाई के कारण), चरागाहों के कम होने के कारण होती हैं। वनों में आग लगने(दावानल) से मिट्टी कमजोर पड़ जाती है और वहां भूस्खलन की घटनाएं घटित होने लगतीं हैं। मानवीय गतिविधियों जैसे वनों की अंधाधुंध कटाई, कंक्रीट के जंगलों में बढ़ोतरी (निर्माण कार्य) से भी भूस्खलन होता है। वास्तव में देखा जाए तो भूस्खलन के प्राकृतिक व मानवीय दोनों ही कारण हैं। एक ओर जहां भारी बारिश, भूकंप, मिट्टी का प्राकृतिक रूप से क्षरण, ज्वालामुखी विस्फोट भूस्खलन के प्राकृतिक कारण हैं तो वहीं दूसरी ओर खनन, जलवायु परिवर्तन, अतिक्रमण, वनों की कटाई मानवजनित कारणों में से हैं। इन दिनों हमारे देश में दक्षिण-पश्चिमी मानसून आसमानी आफत का रूप ले चुका है। बीते कुछ दिनों से दक्षिण से उत्तर भारत तक जहां देखो वहीं पर पानी का रौद्र रूप देखने को मिला। हाल में ही केरल के वायनाड में तीव्र भू-स्खलन ने मुंडक्कई, चूरलमाला कस्बों का अस्तित्व तक ही मिटा दिया। भीषण त्रासदी में सैकड़ों लोग मारे गए। पशुधन, जान माल को काफी नुकसान पहुंचा है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया ।सच तो यह है कि विनाशकारी लैंडस्लाइड अब राष्ट्रीय आपदा बन चुकी है। केरल जैव विविधता की दृष्टि से भारत के संपन्न राज्यों में से एक है, ऐसे में केरल जैसे राज्य में लगातार भूस्खलन चिंता का विषय हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

## गुरुकुल की छात्राओं के साथ सरसंघचालक का अनूठा संवाद



कृष्णमोहन झा
लेखक, विशेष टिप्पणीकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।

श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय अमरोहा की छात्राओं को गत दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह उनके लिए अनूठा अनुभव था जब सरसंघचालक ने सहज सरल बोधगम्य भाषा में उनके मन की जिज्ञासा को शांत किया। छात्राएं प्रश्न पूछ रही थीं और सरसंघचालक उनके प्रश्नों का इस तरह उत्तर दे रहे थे मानों उनके और छात्राओं के बीच सामान्य वातार्लाप चल रहा हो। छात्राओं को निःसंकोच अपने प्रश्न पूछने की अनुमति थी और मोहन भागवत भी चेहरे पर स्मित हास्य के साथ पूरी तरह सहज होकर उनके हर प्रश्न का जबाब दे रहे थे। छात्राओं को पल भर के लिए भी यह आभास नहीं हुआ कि उन्हें आज विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति से रूबरू होने का सौभाग्य मिला है। संघ प्रमुख की व्यस्तता के कारण इस अनूठे संवाद का सिलसिला यद्यपि आधे घंटे तक ही जारी रह सका परन्तु श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय की छात्राओं के लिए यह यादगार अनुभव रहा। छात्राओं ने सरसंघचालक से धर्म, अध्यात्म, राष्ट्र भक्ति , नारीशक्ति सहित अनेक विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे और और उनकी हर जिज्ञासा का सुंदर समाधान संघ प्रमुख ने किया। जब एक छात्रा ने उनसे प्रश्न किया कि आप सरसंघचालक होने के साथ देश के प्रधानमंत्री व अन्य वरिष्ठ पदों को प्राप्त कर सकते थे। आपने ऐसा क्यों नहीं किया तो संघ प्रमुख ने कहा कि मेरे साथ यहां जो कार्यकर्ता बैठे हैं ,सभी ऐसे हैं। हम सब यहां कुछ होने के लिए नहीं बल्कि देश की सेवा करने के लिए आए हैं। किसी भी स्वयंसेवक से पूछो वह शाखा चलाने की इच्छा जताएगा। उसके लिए संघ का आदेश सर्वोपरि है। एक अन्य छात्रा का प्रश्न था कि अर्जुन के बलशाली होने पर भी श्रीकृष्ण के उपदेश की आवश्यकता पड़ी थी परन्तु आज उनके अभाव में क्या गीता उपदेश देने में सफल हो पाएगी। इस पर संघ प्रमुख ने उसे सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण सत्य हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

> आत्मा ईश्वर के प्रतिबिंब में बनी है, और जब हम आत्मबोध में स्थित हो जाते हैं, तो हमारा व्यक्तित्व ईश्वर की श्रेष्ठता और सुंदरता को प्रदर्शित करने लग जाता है। वही आपका वास्तविक व्यक्तित्व है।

## हमारी अनंत क्षमताएं



श्री श्री परमहंस योगानंद

आप स्वयं में पर्याप्त हैं; क्योंकि आपकी आत्मा में ही है सभी निधियों से बड़ी निधि - ईश्वर। सभी महान गुरुजन बताते हैं कि इस शरीर के भीतर अमर आत्मा उस ईश्वर की चिनगारी है, जो सबका पोषण करते हैं। हमारा सच्चा व्यक्तित्व कहाँ से आता है? वह ईश्वर से आता है। वे परम चेतना हैं, परम अस्तित्व हैं, और परम आनन्द हैं। अपने अन्तर में एकाग्रचित होकर, आप अपनी आत्मा के दिव्य आनन्द को सीधे भीतर में अनुभव कर सकते हैं और बाहर भी। यदि आप स्वयं को इस चेतना में स्थिर कर सकें, तो आपका बाह्य व्यक्तित्व विकसित हो जाएगा और सब प्राणियों के लिए आकर्षक बन जाएगा। आत्मा ईश्वर के प्रतिबिम्ब में बनी है, और जब हम आत्मबोध में स्थित हो जाते हैं, तो हमारा व्यक्तित्व ईश्वर की श्रेष्ठता और सुन्दरता को प्रदर्शित करने लग जाता है। वही आपका वास्तविक व्यक्तित्व है। अन्य कोई विशिष्टता जिसे आप व्यक्त करते हैं, न्यूनाधिक एक आरोपण मात्र है- वे वास्तविक 'आप' नहीं हैं।

**आत्म-विश्लेषण करें :** आपके भीतर कुछ है जो हमेशा आपको उस 'कुछ और' को ढूँढने के लिये उकसाता रहता है जिसका अभाव आपको अपने जीवन में महसूस होता है। सभी मनुष्यों के अन्त में उपलब्धि हासिल करने की एक गहरी आकांक्षा पैठी होती है। क्यों? क्योंकि हम परमपिता से टूट कर अलग हो चुके हैं। हम ईश्वर में निहित अपने शाश्वत धाम से भटक चुके हैं, और हम उस खोई हुई पूर्णता को पुनः प्राप्त करने के लिये लालायित रहते हैं। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




धर्म-अध्यात्म

## झारखंड में देवी पार्वती के सिद्धा स्वरूप की प्रतिमा

शिव शंकर सिंह पारिजात



झारखंड के संथाल परगना प्रमंडल के पाकुड़ जिले के अंतर्गत झारखंड-बंगाल की सीमा पर स्थित महेशपुर राज प्रखंड के श्मशान क्षेत्र के निकट मई, 24 के मध्य में बांसलोई नदी के कुलबोना घाट में बालू की खुदाई के दौरान खड़ी मुद्रा में शाक्त देवी की एक अत्यंत सुघड़ कलात्मक प्रतिमा मिली है जो अपनी मूर्तिकला की विशिष्टताओं के कारण आम जनों के साथ इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के आकर्षण का केंद्र बन गई है। करीब चार फीट ऊंची विशिष्ट शैली की जटा-मुकुट धारण किये ब्लैक बैसाल्ट पत्थर से निर्मित कमल पद्म पर आसीन इस प्रतिमा की पहचान विशेषज्ञों ने देवी पार्वती के सिद्धा स्वरूप में की जो एक हजार पुरानी बताई जा रही है। हाथों में शिवलिंग, त्रिशूल और घट लिये हुए चार भुजाओं वाली यह मूर्ति प्रथम दृष्टया शैव मत से संबंधित देवी पार्वती अथवा किसी शाक्त देवी की लग रही थी। किंतु शास्त्रों एवं विभिन्न पुराणों में वर्णित देवी पार्वती के एक हजार स्वरूपों से निश्चित रूप से निर्धारित करना कि यह किस देवी की है, कठिन प्रतीत हो रहा था। किंतु प्रतिमा की सूक्ष्म रूप से मीमांसा करने के पश्चात कोलकाता विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग की पूर्व अध्यक्ष तथा जानी-मानी मूर्ति-विज्ञानी प्रोफेसर दुर्गा बसु और कोलकाता के ही मौलाना अबुल कलाम आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राध्यापक, पुराविद् अरबिंदो सिन्हा राय, जो झारखंड और बिहार के पुरातात्विक सर्वेक्षणों से निकटता से जुड़े रहे हैं, के अनुसार यह मूर्ति देवी पार्वती के एक स्वरूप सिद्धा की है। इस संबंध में मूर्ति विज्ञानी प्रो.बसु ने बताया कि सिद्धा देवी पार्वती के महत्वपूर्ण रूपों में एक है, जब उन्होंने दक्षपुत्री सती के रूप में यज्ञ-कुंड में अपना शरीर त्यागने के पश्चात हिमालय-पुत्री के रूप में जन्म लेकर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने हेतु कठिन तपस्या कर सिद्धि लाभ किया था। प्रो. बसु बताती हैं कि देवी पार्वती के इस तपस्विनी सिद्धा रुप का उल्लेख अग्नि पुराण सहित अन्य ग्रंथों में किया गया है। देवी के इस सिद्धा रुप की पहचान का काम पुराविदों के लिये चुनौतीपूर्ण रहा। पुराविद् श्री सिन्हा राय बताते हैं कि महेशपुर राज में मिली इस मूर्ति में देवी पार्वती के दो प्रमुख रूप सिद्धा और ललिता, दोनों के लक्षण समाविष्ट हैं।

(लेखक पूर्व जनसंपर्क उपनिदेशक एवं इतिहासकार हैं।)

टेक की बात

## सोशल मीडिया पर स्क्रॉल होती युवाओं की जिंदगी



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

अगर आप समाज से अलग-थलग महसूस करते हैं, और सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स पर ज्यादा समय बिताते हैं तो एक नए शोध के अनुसार, इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। सोशल मीडिया से युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है। फेसबुक से डिप्रेशन का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ा है, फेसबुक से चिड़चिड़ापन का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया ने मोटापा, अनिद्रा और आलस्य की समस्या बढ़ा दी है, 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया से सुसाइड रेट बढ़े है। इंस्टाग्राम से लड़कियों में हीन भावना आ रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से जांच करना और स्क्रॉल करना पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गया है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हो जाने से हो रहा हैं। वास्तव में, सोशल मीडिया की लत एक व्यवहारिक लत है जिस में सोशल मीडिया के बारे में अत्यधिक चिंतित होने की विशेषता है, जो सोशल मीडिया पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है और सोशल मीडिया के लिए इतना समय और प्रयास करते है जो अन्य महत्वपूर्ण जीवन क्षेत्रों को प्रभावित करता है। वर्तमान समय में फोन बड़े से लेकर बच्चों तक के लिए जरूरी हो गया है। बच्चों के स्कूल की पढ़ाई भी ऑनलाइन हुई है। ऐसे में बच्चे फोन पर ज्यादा समय बताते है। फोन के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से बच्चों को सोशल मीडिया की लत भी लग रही है। सोशल मीडिया पर लत की वजह से बच्चों की नींद पर असर पड़ रहा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नीरज चोपड़ा फाइनल में पहुंचे पहले ही प्रयास में किया क्वालीफाई




## 89.34 के थ्रो के साथ फाइनल में प्रवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और टोक्यो ओलंपिक खेलों 2020 में गोल्ड जीतने वाले नीरज चोपड़ा फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने पहले ही प्रयास में 89.34 के थ्रो के साथ फाइनल में प्रवेश किया। चोपड़ा ने का सर्वोच्च थ्रो में 89.34 मीटर का है। यह थ्रो उन्होंने 2022 में तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित 'स्पीड मीट' इवेंट के दौरान स्थापित किया गया था।
भारत के अन्य भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना स्वतः क्वालीफिकेशन हासिल करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने 80.21 मीटर के साथ समापन किया। इस पूर्व उन्होंने पहले प्रयास में 80.73 का थ्रो फेंका था और दूसरे में फाउल किया। भाला फेंक मुकाबाला दो ग्रुप चरणों और खिताब के लिए होता है। ग्रुप चरण में 84 मीटर का थ्रो भी क्वालीफाई करने के लिए मान्य होता है, जबकि टॉप 12 खिलाड़ी फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।

## वह मेरा स्वर्ण पदक जीतने का सपना पूरा करेगी : पिता महावीर फोगाट






## विनेश फोगाट बड़ा उलटफेर करते हुए 50 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट मंगलवार को यहां पेरिस ओलंपिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में चार बार की विश्व चैंपियन जापान की युई सुसाकी पर 3-2 से उलटफेर भरी जीत दर्ज करने के बाद महिलाओं के फ्रीस्टाइल 50 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। फोगाट पहले राउंड में 0-1 से पीछे चल रही थी लेकिन अंतिम 30 सेकंड में 2 पॉइंटर के साथ स्थिति को अपने पक्ष में कर लिया। भारतीय खिलाड़ी अधिकांश मैच में रक्षात्मक थी लेकिन बाद के चरण में उसने चैंप-डी-मार्स एरेना में जीत हासिल करने के लिए खुद को पूरी तरह से लागू किया।विनेश अब दिन के अंत में क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की ओक्साना लिवाच के खिलाफ खेलेंगी। सुसाकी मौजूदा विश्व चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। वह महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल में निर्विवाद रानी हैं और उन्होंने एक भी अंक गंवाए बिना टोक्यो में स्वर्ण पदक जीता। गौरतलब है कि 2010 के बाद से सुसाकी केवल पांच मुकाबले हारी हैं। दूसरी ओर, विनेश अपने तीसरे ओलंपिक में भाग ले रही हैं। 2016 के रियो ओलंपिक में वह चोट के कारण मामूली अंतर से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं। टोक्यो ओलंपिक में, वह 53 किग्रा क्वार्टर फाइनल में वेनेसा कलादज़िंस्काया से हार गईं।

## भारतीय पुरुष टीटी टीम पहले मैच में चीन से हारकर बाहर



**पेरिस।** शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम मंगलवार को राउंड 16 में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी टीम से हारकर पेरिस 2024 ओलंपिक से बाहर हो गई। सर्वश्रेष्ठ पांच मुकाबलों वाले मैच में, 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन चीन से 0-3 से हार गई। सबसे पहले, पुरुष युगल मैच में, दुनिया के नंबर 1 एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी वांग चुकिन और पांच बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मा लोंग ने हरमीत और मानव को 3-0 (11-2, 11-3, 11-7) से हराया।
राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और दुनिया के 41वें नंबर के भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी शरत कमल ने दुनिया के नंबर 2 एकल खिलाड़ी फैन जेंडॉन्ग के खिलाफ मुकाबले का दूसरा मैच खेला, जिन्होंने पेरिस 2024 में पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता था। शरत ने पहला गेम जीता लेकिन अंततः मुकाबला 1-3 (11-9, 7-11, 7-11, 5-11) से हार गए। उस मैच में जो भारत का दिन बना सकता था, दुनिया के 59वें नंबर के मानव ने वांग चुकिन के खिलाफ अच्छा खेला, लेकिन चीनी खिलाड़ी का कौशल स्तर बिल्कुल बेजोड़ था, क्योंकि ठक्कर 0-3 (11-9, 11-6, 11-9) से हार गए।

## किरण पहल 400 मीटर के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम

**पेरिस।** भारतीय क्वार्टर-माइलर किरण पहल पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर रेपेचेज राउंड की हीट 1 में छठे स्थान पर रहीं और मंगलवार को सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने में असफल रहीं। पहल ने रेपेचेज राउंड में 52.59 सेकेंड का समय लिया, जो पहले राउंड में उनके 52.51 सेकेंड के समय से धीमा था। 24 वर्षीय खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सका क्योंकि प्रत्येक हीट में केवल शीर्ष एथलीट, साथ ही रेपेचेज में कुल मिलाकर दो सर्वश्रेष्ठ एथलीट ही आगे बढ़े। पेरिस 2024 में, 200 मीटर से 1500 मीटर (बाधा सहित) तक की सभी व्यक्तिगत ट्रैक स्पधाओं के लिए एक रेपेचेज राउंड शुरू किया गया। नया प्रारूप पुरुषों और महिलाओं दोनों की दौड़ में कुल छह अलग-अलग दूरी को कवर करता है, जिसमें सामान्य तीन के बजाय चार राउंड शामिल हैं। नए रेपेचेज प्रारूप में, जो एथलीट राउंड एक हीट में भाग लेकर क्वालीफाई नहीं कर पाते, उनके पास रेपेचेज हीट में भाग लेकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने का दूसरा मौका होगा। यह नया रेपेचेज प्रारूप पूर्व प्रणाली की जगह लेगा, जब एथलीट सबसे तेज समय के माध्यम से आगे बढ़ते थे। , जिन्हें कभी-कभी हीट में शीर्ष स्थानों के अलावा 'लकी लूजर' के ??रूप में भी जाना जाता है।

## किशोर जेना का फाइनल के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल




**पेरिस।** भारत के किशोर जेना का पेरिस ओलंपिक के एथलेटिक्स मुकाबले में भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल हो गया है। इसके बाद भारतीय उम्मीदें नीरज चोपड़ा पर टिक गई हैं, जो कुछ देर बाद दूसरे ग्रुप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। किशोर जेना से काफी उम्मीदें की जा रही थी, क्योंकि उन्होंने एशियाई खेलों में नीरज से पीछे रहकर रजत पदक जीता था। लेकिन वह अपने उस प्रदर्शन को पेरिस में नहीं दोहरा पाए और ग्रुप ए से फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करने से चूक गए। अब उनका भाग्य दूसरे ग्रुप बी पर निर्भर करेगा, जिसमें देखना होगा कि एथलीट कैसा प्रदर्शन करते हैं क्योंकि शीर्ष 12 एथलीटों को ही फाइनल में जगह मिलती है। किशोर जेना ने अपना पहला थ्रो 80.73 मीटर फेंका। लेकिन उनका दूसरा थ्रो फाउल हो गया। तीसरे थ्रो में उन्होंने 80.21 मीटर का स्कोर किया है। वह ग्रुप-ए में 9वें स्थान पर रहे। 28 वर्षीय जेना पिछले साल शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने एशियाई खेलों में 87.54 मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता था।यह प्रदर्शन उन्हें फाइनल में स्थान दिला सकता था लेकिन पेरिस में उनका सर्वश्रेष्ठ 80.73 मीटर ही रहा।

## एसए-20 में खेलते नजर आएंगे दिनेश कार्तिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिनेश कार्तिक अगले वर्ष नौ जनवरी से शुरू होने एसए-20 टूर्नामेंट में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। वह इस टूर्नामेंट में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होंगे। कार्तिक ने इस वर्ष जून में अपने 39वें जन्मदिन पर संन्यास लेने की घोषणा की थी। उसके बाद एसए-20 कार्तिक का पहला टूर्नामेंट होगा।
कार्तिक ने भारत के लिए 180 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने अपने आखिरी आईपीएल सत्र 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के लिए खेला था। आरसीबी ने उन्हें 2025 के आईपीएल सत्र के लिए मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच के रूप में साइन किया है। रॉयल्स फ्रैंचाइजी के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कार्तिक का टीम में स्वागत करते हुए कहा, ह्यदिनेश आधुनिक भारतीय सीमित ओवर के एक महान खिलाड़ी हैं और उनके अपार अनुभव से हमारी टीम को बहुत मदद मिलेगी।'
इस अवसर पर कार्तिक ने कहा, ह्यदक्षिण अफ्रीका में मेरी बहुत ही अच्छी यादें रही हैं और मेरे सामने जब यह मौका आया तो मैं मना नहीं कर सका। मैं प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए उत्साहित हूं।'
टी 20 सर्किट में कार्तिक को उनके साथियों और क्रिकेट के कई विशेषज्ञों के द्वारा काफी ऊंचा आंका जाता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कार्तिक के पास टी-20 प्रारुप का अधिक अनुभव है। कार्तिक वर्तमान में स्काई स्पोर्ट्स के लिए द हंड्रेड की कमेंट्री कर रहे हैं। कार्तिक ने अब तक कुल 401 टी-20 मैच खेले हैं। आईपीएल में वह कोलकाता नाइट राइडर्स सहित छह टीमों का हिस्सा रहे हैं। कार्तिक आईपीएल में सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक थे। वह पूरे 17 सीजन में केवल दो ही मैच में अनुपस्थित रहे थे। उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के द्वारा केवल रिटायर भारतीय खिलाड़ियों को ही विदेशी टी20 लीग में खेलने की अनुमति है।




## क्रिकेटर मशरफे मुर्तजा के घर में प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक संकट के बीच प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेट कप्तान मशरफे बिन मुर्तजा पर गुस्सा दिखाया है। गुस्साए लोगों ने मुर्तजा के घर को आग लगा दी है। यह घटना प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और सोमवार को बांग्लादेश छोड़ने के बाद हुई। बांग्लादेश में अभी अराजकता और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि खुलना डिवीजन में नरैल-2 निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य मुर्तजा ने इस साल की शुरूआत में हुए आम चुनावों के दौरान अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में लगातार दूसरी बार अपनी सीट जीती थी। माना जा रहा है कि मुर्तजा ने छात्रों के प्रदर्शन और सामूहिक गिरफ्तारियों पर चुप्पी साधे हुए थी, इससे प्रदर्शनकारी निराश थे।

## भारत ए के खिलाफ सीरीज विश्व कप तैयारी के लिए शानदार : ताहिला मैक्ग्रा

**एजेंसी। मेलबर्न**
स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ताहिला मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलिया-ए के साथ अपने आगामी कार्यकाल को 'विश्व कप की एकदम सही तैयारी' बताया है। इस सीरीज के जरिए वो अपने ऑफ-सीजन के बाद कुछ नई तरकीब आजमाना चाहती हैं। मैक्ग्रा भारत ए के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए की अगुवाई करेंगी। यह श्रृंखला बुधवार से ब्रिस्बेन के एबी फील्ड पर शुरू होगी। अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के बांग्लादेश दौरे के बाद से यह मैकग्रा का पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा। उन्होंने इससे पहले ब्रेक और घर पर समय बिताने के लिए द हंड्रेड ड्राफ्ट के लिए अपना नामांकन छोड़ने का विकल्प चुना था। मैकग्रा ने सीरीज से पहले क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। यह विश्व कप से पहले कुछ मैच खेलने और कुछ नई चीजें आजमाने का एक अच्छा मौका है। मैकग्राथ, मल्टी-फॉर्मेट टूर के व्हाइट-बॉल सेगमेंट में भाग लेने के लिए तैयार दो अनुबंधित ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके साथ तायला व्लामिन्क भी होंगी। वह इस साल की शुरूआत में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्स की अपनी पूर्व साथी श्वेता सेहरावत, किरण नवगीरे और सोप्पाधंडी यशश्री के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं। मैक्ग्रा ने कहा, मुझे लगता है कि यह विश्व कप की तैयारी के लिए एकदम सही है। इस सीरीज से मैं अपनी तैयारियों को पुख्ता कर सकती हूं, साथ ही अपनी रणनीति और मेरे खेल के कौन से हिस्से में कुछ खास करना है इस पर विचार भी कर सकती हूं। मैं कुछ चीजों पर काम कर रही हूं, इसलिए विश्व कप में जाने से पहले उन्हें आजमाने का मौका मिलना मेरे लिए एकदम सही तैयारी है। ऑस्ट्रेलिया ए सीरीज की सबसे अच्छी बात यह है कि वे बहुत मजेदार हैं। यह एक उत्साही समूह, युवा प्रतिभाओं की एक विस्तृत श्रृंखला, साथ ही पुराने घरेलू सुपरस्टार्स के साथ वहां जाने का अवसर है और बस एक साथ आकर भारत ए के खिलाफ खेलना हमेशा वास्तव में रोमांचक होने वाला है।

## डब्ल्यूआर बनी विश्व ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियन


भारत की एमजीडी1 रही उपविजेता

**एजेंसी। अस्ताना, कजाकिस्तान**
विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के ठीक अगले दिन शतरंज के सबसे छोटे फॉर्मेट ब्लिट्ज शतरंज की विश्व टीम चैंपियनशिप पहली बार खेली गयी जिसका खिताब विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन के नेत्तृत्व वाली डबल्यूआर चैस टीम नें भारत की टीम एमजीडी 1 को एक करीबी मुकाबले में 3-1 से पराजित करते हुए अपने नाम कर लिया , दोनों टीम के बीच हुए बेस्ट ऑफ 2 फाइनल में एमजीडी 1 पहले बोर्ड पर अर्जुन एरिगासी की कार्लसन के जीत के बाद भी 3.5-2.5 से हार गयी ।



## नई दिल्ली को 7-0 के अंतर से हराकर झारखंड ने खोला खाता बेटियों ने दिखाया दम

**रांची।** दिल्ली के तेजस फुटबॉल मैदान में जारी 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने दमदार जीत के साथ शुरूआत की है। झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम ने अपने पहले ही मुकाबले में नयी दिल्ली को 7-0 के अंतर से बड़ी शिकस्त दी है। इस मुकाबले में बबिता कुमारी ने 3, पुनिता कुमारी ने 2, पूजा कुमारी और संजना उरांव ने 1-1 गोल कर झारखंड को पहले मुकाबले में जीत दिलाई। टीम की कप्तानी प्रियतम तिर्की कर रही है। टीम में अनीशा उरांव, प्रतिभा भोक्ता, क्रांति उरांव, नैना कुमारी, चांदनी कुमारी, उर्वशी कुमारी, संगीता कुमारी, बबिता कुमारी, संजना उरांव, पुनिता कुमारी, पूजा कुमारी, सोनामती होरो, एब्लिन कुजूर, पूनम कुमारी, ललिता बोयपाई शामिल हैं। टूर्नामेंट से पहले अंडर 17 बालिका टीम को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सह भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के पूर्व निदेशक सुशील कुमार वर्मा द्वारा 21 दिनों का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया था। पहले ही मुकाबले में झारखंड की दमदार जीत पर राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह,टीम मैनेजर बिंदु कुजूर समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाये और बधाई दी है।

### भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखिरी बार वनडे शृंखला में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था

## 27 साल बाद शृंखला गंवाने से बचने के लिए आज खेलेगा भारत

**एजेंसी। कोलंबो**
पहले दो मैच में बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन से आहत भारतीय क्रिकेट टीम को अगर श्रीलंका से 27 साल बाद श्रृंखला गंवाने से बचना है तो उसको बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा।
गौतम गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली वनडे श्रृंखला है और वह निश्चित तौर पर हार के साथ शुरूआत नहीं करना चाहेंगे। भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखरी बार वनडे श्रृंखला में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था। अर्जुन रणतुंगा की अगुवाई वाली टीम ने तब सचिन तेंदुलकर की भारतीय टीम को तीनों मैच में हराया था। भारत और श्रीलंका के बीच तब से 11 वनडे श्रृंखलाएं हो चुकी है और इन सभी में भारतीय टीम विजयी रही।
भारत वर्तमान श्रृंखला को नहीं जीत पाएगा क्योंकि पहला मैच टाई छूटने के बाद दूसरे मैच में उसे 32 रन से हार का सामना करना पड़ा था। अब उसकी निगाह श्रृंखला बराबर करने पर टिकी हैं। भारत बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है और कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों का डटकर सामना नहीं कर पाया है।
स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अभी तक दो मैच में 38 रन ही बना पाए हैं। उन्होंने आसानी से अपना विकेट गंवाया है जो टीम के लिए चिंता का विषय है। कोहली इस मैच में उसकी भरपाई करने की पूरी कोशिश करेंगे। कोहली को रोहित से मिली आक्रामक शुरूआत को ही आगे बढ़ाने की जरूरत है लेकिन अभी तक वह इसमें नाकाम रहे हैं। उन्हें संघर्षरत मध्यक्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को संवारना होगा। इसके लिए उन्हें और अन्य बल्लेबाजों को रोहित की तरह स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा। श्रीलंका के स्पिनर भारत के अन्य बल्लेबाजों के लिए भी अबूझ पहेली बने हुए हैं। स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिवम दुबे पिछले मैच में जैफ्री वांडरसे की आसान लेग स्पिन को भी नहीं समझ पाए। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी अभी तक श्रीलंका के स्पिनरों को खेलने में असफल रहे हैं।



**भारत :** शुभमन गिल, रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज

**श्रीलंका :** पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका (कप्तान), कामिंडु मेंडिस, जेनिथ लियानाज, डुनिथ वेलालेज, अकिला धनंजय, असिथा फर्नांडो, जेफरी वेंडरसे

## अश्विनी पोनप्पा ने प्रकाश पादुकोण के बयान की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर अश्विनी पोनप्पा ने लक्ष्य सेन के पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक से चूकने के बाद बैडमिंटन के दिग्गज प्रकाश पादुकोण की टिप्पणी की आलोचना की है। पोनप्पा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में खिलाड़ियों पर अनुचित तरीके से दोष मढ़ने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने सवाल उठाया कि विफलताओं के लिए केवल खिलाड़ियों को ही जिम्मेदार क्यों ठहराया जा रहा है, जबकि तैयारी और रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोचों की इसी तरह जांच क्यों नहीं की जा रही है। पोनप्पा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, यह देखकर निराशा हुई। अगर कोई खिलाड़ी जीतता है, तो हर कोई श्रेय लेने के लिए आगे आता है और अगर वे हारते हैं, तो यह सिर्फ.खिलाड़ी की गलती है!



## एक नजर

### बीडीओ अमित कुमार झा ने विद्यालय में बच्चों को पढ़ाया



**पाटन।** पाटन प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरी के प्रखंड कॉलोनी, विद्यालय में पाटन के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा ने वर्ग 1, 2 एवं 7 वर्ग के बच्चों को पढ़ाया। बच्चों में खुशी का मौहाल देखा गया। बीडीओ ने बच्चों को अनुशासन मे रहने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के संग बच्चों के कार्यशैली के बारे में जानकारी लिए। इसी दौरान साथ में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार, बीएफटी ब्रजेश कुमार और विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।

### बाइक दुर्घटना में एक महिला की मौत

**रंका।** रंका थाना क्षेत्र के चेकनाका के पास बाइक दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। महिला का पहचान अंबिकापुर निवासी सुधीर लाल की पत्नी 55 वर्षीय सुषमा देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सुषमा अपने मायके आई हुई थी मायके से घर लौट रही थी इस दौरान रंका चेक नाका के पास बाइक से गिर गई। स्थानीय लोगों के मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। झांसी किसको ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पाटन प्लस टू स्कूल का जमीन अतिक्रमण से जल्द होगा मुक्तः सीओ



**पाटन।** पाटन अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय पाटन का औचक निरीक्षण कर विद्यालय से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार विद्यालय में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा स्कूल के जमीन का अतिक्रमण कर रहे थे। इसकी जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल संतोष कुमार ने अंचलाअधिकारी को दी। सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने स्कूल में पहुंच कर इस मामले को संज्ञान में लेकर अतिक्रमण कर रहे लोगों को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए बताया।

### बाइक सवार युवक ने बच्ची को मारी टक्कर, घायल

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पोचरा गांव मे एक 13 वर्षीय बच्ची अनिता कुमारी को एक बाइक सवार युवक ने सोमवार की देर शाम जोरदार धक्का मार दिया। यह घटना पोचरा ग्राम के शंभू सिंह के घर के पास हुई है। घटना की जानकारी देते हुए बन्हर्दी पंचायत के हरदीड़रिया निवासी घायल बच्ची अनीता के माँ ने बताया कि अनीता कुमारी को मामा के घर रह कर पढ़ाती हैं।

### बिजली नियमित रूप से नहीं मिलने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**पाटन।** पाटन मे जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह के द्वारा लोइंगा गांव के हुसनी टोला मे जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान हुसनी टोला के ग्रामीणों ने अध्यक्ष उमेश सिंह को बताया कि बिजली के समस्या से हम लोग जूझ रहे है।50 लोग विद्युत कनेक्शन धारी है। हमलोगो को 1 किलोमीटर की दूरी पर सुठा पंचायत में ट्रांसफार्मर लगाया गया है। 11000 के तार जर्जर अवस्था में हैं। नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने पर विद्युत कार्यालय के पास तालाबंदी एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में अध्यक्ष उमेश सिंह ने विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार सुपर प्रतिलिपि देकर अवगत कराया है।

# हुसैनाबाद वार्ड दो व तीन में जल जमाव से लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड-तीन के आईटीआई के समीप में बारिश का पानी जमा होने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। हुसैनाबाद में रुक-रुककर हो रही लगातार बारिश के कारण नगर पंचायत के वार्ड 3 के आईटीआई के बगल रास्ते में सड़कों पर जल जमाव से सामान्य जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। आईटीआई के समीप आरसीसी नाली का निर्माण के लिए खुदाई किये जाने से सड़क अवरुद्ध हो गया है। अभी वर्तमान में आईटीआई के दक्षिण क्षेत्र से लोगों का आवागमन चालू किया गया है। परंतु सड़कों पर जल जमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं उक्त रास्ता वार्ड तीन के अलावा दो वार्ड विशुनपुर, दरुआ, रामाबांधी और फातमा चक मुख्य सड़क से जोड़ती है। गांव के मुख्य सड़क से शहरी क्षेत्रों में जाने वाली पूरे सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि जपला स्टेशन रोड अनुमंडल रोड, स्टेशन रोड, विधायक आवास से मुनि सिंह चौक रोड सभी सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई हैं। सड़क पर लोगों के सामने जल जमाव एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। इधर बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जीयों की फसल बर्बाद हो गई है। जर्जर सड़क पर जल जमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। पानी भरे रहने के कारण गड्ढों व सड़कों का पता नहीं चल पाता है और फिसलकर लोग गिर जाते हैं। वार्ड दो के लोग आज भी कच्ची सड़क पर चल रहे हैं।



## काजीनगर में एनएमएईटी योजना के तहत किसान पाठशाला का आयोजन




**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के बिलासपुर पंचायत के काजीनगर गांव में मंगलवार को बीटीएम परवीन जहां ने एनएमएईटी योजना अंतर्गत किसान पाठशाला का आयोजन किया। इसमें मडुआ की वैज्ञानिक पद्धति से खेती पर कार्यशाला में चर्चा की गई। साथ ही किसानों को वैज्ञानिक तरीके से कृषि करने की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि पारंपरिक कृषि के अलावा अन्य फसल उगाकर अधिक कमाई की जा सकती है। इसके अलावा, फसलों में देशी खाद का उपयोग करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने मडुआ खेती के लिए किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि इसकी खेती में लागत कम और मुनाफा अधिक होता है। साथ ही, मडुआ कुपोषण को दूर करने में काफी मददगार है। इसमें प्रचुर मात्रा में पौष्टिक तत्व होते हैं।

# तीन हजार लीटर अवैध कास्टिक सोडा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिले की एक मात्र कास्टिक सोडा फैक्ट्री के चालक के गलत कारनामे उजागर हुए हैं। चालक फैक्ट्री से टैंकर लेकर निकलने के बाद रास्ते में गाड़ी रोककर कैमिकल बेच देता था। सतबरवा पुलिस की कार्रवाई में चालक की करतूत सामने आयी है। इस सिलसिले में पश्चिम बंगाल के पश्चिमी वर्दमान जिले के दुगार्पुर के रहने वाले कास्टिक सोडा कारोबारी मुकुल मंडल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने यह जानकारी मंगलवार को दी।

सतबरवा के थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कास्टिक सोडा के अवैध कारोबार करने के आरोपी को करीब 3000 लीटर कास्टिक सोडा के साथ गिरफ्तार किया गया। महेंद्र लाइन होटल के समीप भारत भूषण जायसवाल के गोदाम में अवैध कारोबार होता था। छापामारी के दौरान पकड़ा गया आरोपी मुकुल मंडल मौके से भागने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर कास्टिक सोडा से संबंधित कागजात आरोपी प्रस्तुत नहीं कर सका। उसने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि रेहला कास्टिक सोडा फैक्ट्री में कार्यरत चालक से उसकी सांठगांठ है। गोदाम में आकर वह माल टैंकर से उतार देता है, उसके बाद टैंकर में पानी भर दिया जाता था।

थाना प्रभारी के अनुसार उक्त कास्टिक सोडा का जाली कागजात आसनसोल से बनवाकर बेचा जाता था।

उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कास्टिक सोडा के धंधे में पकड़े जाने पर मुकुल मंडल जेल जा चुका है। थाना प्रभारी के अनुसार बीएनएस थाना कांड संख्या 95/24 धारा 317 (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

**कारोबारी के पास से जब्त की गई सामान**



- ब्लू रंग का 15 पीस प्लास्टिक का ड्रम जिसमे कॉस्टिक सोडा लै भरा हुआ।
- ब्लू रंग का 16 प्लास्टिक का ड्रम खाली
- सिंटेक्स 2000 लीटर का टंकी 03 पीस
- सिंटेक्स 1000 लीटर का टंकी 01 पीस, चारो टंकी खाली
- क्रॉपटन कंपनी का पानी का मोटर
- ड्रम बंद करने का कैप 60 पीस
- एक आसमानी रंग का आईक्यूओओ कंपनी का एक मोबाईल

## खेत देखने जा रहे पिता-पुत्र को लगा बिजली करंट, मौत

**पलामू।** जिले के पांकी थाना क्षेत्र के हुरलौंग गांव में मंगलवार सुबह दर्दनाक घटना हुई। खेत देखने जाने के क्रम में बिजली के करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से पिता- पुत्र की मौत हो गई। मृतकों में हुरलौंग गांव के निवासी नागेंद्र चंद्रवंशी (55) और उनके पुत्र अश्विन वर्मा उर्फ पिंटू चंद्रवंशी (30) शामिल हैं। अश्विन वर्मा उर्फ पिंटू चंद्रवंशी रोजगार सेवक बताए गए हैं। जिले के पिपरा की हरैया पंचायत में कार्यरत थे। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह दोनों पिता पुत्र अपने खेत देखने जा रहे थे। इसी दौरान, बिजली तार की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और स्थानीय ग्रामीण तुरंत उन्हें पांकी के हुरलौंग स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गए, जहां स्वास्थ्य केंद्र बंद मिला। बाद में उन्हें इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना नहीं, महिलाओं को हो रहा अपमान

### पंचायत प्रतिनिधियों में भी है उबाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत पंचायत सचिवालयों में लगाये जा रहे शिविर के चौथे दिन मंगलवार को हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत में लाभुकों के आवेदन ऑनलाइन अपलोड करने की पहली बार खाता खुला है। सरकार व प्रशासन की कुव्यवस्था पर उबले मुखिया कमलकुमार पासवान व पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि इस पंचायत के लोगों को शिवर में पहली बार खुशी मिली कि चौथे दिन मात्र चार आवेदन ऑनलाइन अपलोड किये जा सके हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रखंड में पंचायत की सूची में परता नंबर वन से शुरू होता है। पर अन्य पंचायतों की अपेक्षा पहली बार साइट खुलने से नहीं के बाद काम हो सका है। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना से महिलाओं का सम्मान नहीं, बल्कि अपमान करने पर तुली है। प्रतिदिन शिविर में आये मईया उदास होकर घर लौटना पड़ रहा है। जबकि चालू मौसम में उन्हें धनरोपनी छोड़ पंचायत भवन में पूरे दिन डेरा डालना अत्यंत खेद की बात है। यदि सरकार गंभीर होती तो साइट का सेटअप दुरुस्त दूसरे दिन ही करा देती। ग्रामीण महिलाओं का कीमती समय बर्बाद कर सरकार उनका मजाक उड़ाने में लगी है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में इस योजना के काम नहीं होने का हलचल मचा है।

## पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर लूटपाट की घटना का किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार

### डीएसपी सतेंद्र नारायण सिंह ने किया प्रेंस कान्फ्रेंस

- *कड़िया धाम के पास लाठी और पत्थर का भय दिखाकर दो लोग स्कूटी लूटने का प्रयास किया जिसमे वह असफल रहे*



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना पुलिस ने बीते रविवार को एक युवती से भवनाथपुर-नगर उंटारी मुख्य पथ पर कड़िया धाम के समीप मोबाइल फोन और पन्द्रह सौ रूपये लूट का पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। इसकी जानकारी मंगलवार को भवनाथपुर थाना में प्रेंस कान्फ्रेंस कर बंशीधर नगर एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने दी। उन्होंने बताया की बीते रविवार को श्री बंशीधर नगर से अकास कुमार मौर्य पिता संतोष मेहता अपने पड़ोसी युवती टाउनशिप निवासी को अपने स्कूटी से छोड़ने आ रहा था। इसी बीच कड़िया धाम के पास लाठी और पत्थर का भय दिखाकर दो लोग स्कूटी लूटने का प्रयास किया जिसमे वह असफल रहे। लेकिन इस बीच युवती के पर्स से पन्द्रह सौ रू नगद और एक ओपो कम्पनी का मोबाईल फोन लूट लिया। घटना के बाद युवती के द्वारा भवनाथपुर थाना में अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस इंस्पेक्टर रत्नेस कुमार के निर्देशन में टीम गठित कर जांच पड़ताल की गई। जिसमे जांच के दरम्यान दिलीप चंद्रवंशी, पिता संजय चंद्रवंशी और नवीन कुमार सिंह पिता वीरेंद्र सिंह दोनो मकरी कड़िया निवासी को चिन्हित किया गया। उक्त दोनों ने गिरफ्तारी के बाद अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया की पैसा के लालच में हम दोनो ने घटना को अंजाम दिया था। लूटे गए पैसा में खर्च के बाद 720 रु बचे थे जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसडीपीओ ने बताया की बीते एक वर्ष पूर्व भी दिलीप चंद्रवंशी लूट-पाट के केस में जेल जा चुका है। उन्होंने कहा की उद्भेदन टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। गठित पुलिस टीम में थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, एसआई प्रदीप उरांव ,नारायण प्रसाद, एएसआई संतोष सिंह शामिल थे।

# पलामू : राजहारा पंचायत की मुखिया पर मनमाने तरीके से कार्य करने का आरोप

## उपायुक्त के नाम नावाबाजार बीडीओ को दिया गया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार (पलामू)।** नावाबाजार प्रखंड स्थित राजहारा पंचायत के उप मुखिया सहित सभी वार्ड सदस्यों ने पंचायत के मुखिया के द्वारा मनमानि तरीके से कार्य किए जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पलामू उपायुक्त के नाम लिखे गए आवेदन नावाबाजार बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी को सौंपा। साथ हीं पंचायत की योजनाओं की जांच करते हुए मुखिया के ऊपर समुचित कार्रवाई की मांग की है। सभी सदस्यों का आरोप है कि अबुआ आवास योजना को लेकर योग्य लाभुकों के चयन को लेकर ग्राम सभा किया जाना। लेकिन मुखिया के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया। ग्रामसभा पंजी मुखिया के द्वारा अपने घर में रखा गया है। जहां अयोग्य लाभुकों से पैसा वसूल कर सूचि तैयार करने का खेल खेला जा रहा है। इस खेल में मुखिया सहित पंचायत सचिव की भी भूमिका संदिग्ध है। लोगों का आरोप है कि इसके पहले भी मुखिया और पंचायत सचिव के मिलिभगत से अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया है। आवेदन में उल्लेखित है कि मुखिया पद पर रहते हुए अपनी पत्नी रेणु देवी के नाम प्रधानमंत्री आवास (जेएच136253368) योजना का लाभ इनके द्वारा लिया गया। जबकि मुखिया के साथ-साथ पूर्व से भी सक्षम व्यक्ति रहे हैं। गांव में इनका पूर्व से भी सुव्यवस्थित आवास भी है। जो बिना कार्य कराए पैसों की निकासी कर ली गई है। लोगों का आरोप है कि पेयजल व स्वच्छता विभाग से कराए जाने वाले चापाकल को लेकर कार्यकारिणी की बैठक नहीं किया गया। मुखिया मनमानी तरीके से सार्वजनिक जगहों को छोड़कर अपने खुद के जमीन और अपने लोगों के घर के पास कराया। इतना हीं नहीं बिना कार्यकारिणी की सहमति 15वे वित आयोग की राशि से अपनी घर के पास पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया। जिसका उपयोग केवल और केवल उनके द्वारा किया जाता है। जो सरकारी राशि का दुरुपयोग है। शिकायत पत्र में उल्लेखित किया है कि पंचायत सचिवालय में बिना कार्यकारिणी बैठक व सदस्यों की सहमति एक हीं वर्ष में दो बार रंग-रोगन का कार्य कराया गया। यह सब सरकारी राशि का दुरुपयोग है।

उप मुखिया सहित वार्ड सदस्यों ने बताया कि मुखिया के मनमानी के खिलाफ जब भी आवाज उठाने को आगे बढ़ना चाहते है तो उनके द्वारा एससी एसटी एक्ट केस में फंसाने की धमकियां दी जाती है। मुखिया के द्वारा पंचायत के उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों को अपमानित किया जाता है। साथ हीं कहा जाता है कि इस पद का कोई काम नहीं है।

नावाबाजार बीडीओ से शिकायत करने पहुंचे उपमुखिया अशोक चौहान सहित वार्ड सदस्य सुप्रिया देवी, रौशन शुक्ला, रागिनी देवी, सत्या देवी, ऊषा कुमारी, सुखराही देवी, बिजय चौहान, अनीता देवी, सुषमा देवी, संगीता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से आवेदन देकर मुखिया पर कार्रवाई की मांग की है।



> उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों के द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। हम पंचायत के सभी प्रतिनिधियों का सम्मान करते हैं। राशि का कहीं दुरुपयोग नहीं किया गया है।
>
> **चंदन कुमार, मुखिया, राजहारा पंचायत, नावाबाजार।**

## पेज एक का शेष

**जयप्रकाश पटेल को...**

इसके बाद उनकी विधायकी समाप्त कर दी गई थी। जयप्रकाश पटेल ने इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा है कि स्पीकर ट्रिब्यूनल ने उनका पक्ष पूरी तरह सुने बिना फैसला दिया है, इसलिए उनकी विधानसभा सदस्यता बहाल की जानी चाहिए। बता दें कि दल-बदल के मामले में स्पीकर ट्रिब्यूनल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोरियो क्षेत्र के विधायक लोबिन हेंब्रम की भी सदस्यता रद्द की है। उन्होंने भी इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन अदालत ने उनके मामले में भी स्पीकर ट्रिब्यूनल के फैसले पर तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

**बाहर जाने की...**

लेकिन जब तक यह नहीं हो जाता , तब तक तो हसीना भारत में ही रहेंगी। मालूम हो कि इसके पहले ब्रिटेन ने हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान को जनवरी 1972 में पाकिस्तानी जेल से रिहाई पर शरण देने की पेशकश की थी। उधर ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने बांग्लादेश में जारी हिंसा पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि सभी को मिलकर काम करना चाहिए और हिंसा को समाप्त करना चाहिए। डेविड लैमी ने अपील की कि बांग्लादेश हिंसा की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र को इसका नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन देश के लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा में कार्रवाई देखना चाहता है। यूके और बांग्लादेश के बीच लोगों के बीच गहरे संबंध हैं। और दोनों देश साझा राष्ट्रमंडल मूल्यों को साझा करते हैं। इधर सर्वदलीय बैठक में भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर शेख हसीना ने 5 अगस्त को भारत सरकार से भारत आने की अनुमति देने का आग्रह किया था। उनके रक्षा अधिकारियों ने पीएम हसीना के विमान सी-130 जे को भारतीय वायु सीमा में प्रवेश करने की इजाजत देने का आग्रह किया ।उसी विमान में सात 7 सैन्यकर्मियों की सुरक्षा में शेख हसीना भारत आईं। वह विमान 6 अगस्त की सुबह 9 बजे 7 सैन्य कर्मियों को लेकर वापस बांग्लादेश जाने के लिए उड़ा और समय से सुरक्षित बंगला देश के हवाई अड्डे पर उतर चुका है। इस विमान पर भारत की एजेंसियों की तरफ से निगरानी रखी गई। जिस समय शेख हसीना को लेकर बंगला देश से विमान भारत के लिए उड़ा था, उस दौरान भारत की वायु सेना को एलर्ट मोड में कर दिया गया था। राफेल की फ्लीट सहित अन्य लड़ाकू विमानों को बंगला देश व चीन से सटी भारतीय सीमा व आसमान पर निगरानी में लगा दिया गया था। जब तक हसीना का विमान हवाईअड्डे पर सही सलामत दिल्ली से सटे गाज़ियाबाद के हिंडन एयर फोर्स हवाई अड्डे पर लैंड नहीं कर गया , तब तक वायु सेना सहित सेना के तीनों विंग एलर्ट मोड पर रहे। हालांकि अभी भी उनको सजग रखा गया है , लेकिन 5 अगस्त की स्थिति अलग थी ।

**शेख हसीना की...**

वर्ष 1975 में परिवार में कई सदस्यों की हत्या होने के बाद वो जर्मनी से भारत आई थीं। उस समय दोनों बहनें लगभग 6 साल तक भारत में रही थीं। इसके बाद बांग्लादेश गई थीं। रेहाना ने पर्दे के पीछे से बहन की राजनीति पार्टी के लिए बहुत काम किया । शेख रेहाना ने 1975 में हुई पिता के हत्या के मुद्दे को वैश्विक पटल पर कई बार उठाने का बड़ा काम किया।उन्होंने 1979 में स्वीडन के स्टॉकहोम में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय मांग के रूप में उठाया था। इसके बाद 10 मई 1979 को उन्होंने ऑल-यूरोपीय बकशाल सम्मेलन में एक ऐसा भाषण दिया था, जिसके चलते उनको वैश्विक स्तर पर पहचान मिली। इस सम्मेलन में यूरोपीय देशों के प्रमुख, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय एनजीओ के कई वरिष्ठ लोगों ने हिस्सा लिया था। शेख रेहाना की शादी शफीक सिद्दीकी से हुई थी, जिनका बांग्ला देश में शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान माना जाता है। शफीक सिद्दीकी ढाका यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहे हैं और वो ढाका कॉमर्स कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन भी हैं। रेहाना के तीन बच्चे हैं- एक बेटा और दो बेटी। उनके बेटे का नाम रादवान सिद्दीकी है, बड़ी बेटी का नाम टुली सिद्दीकी ,छोटी का नाम अजमीना है । रादवान ढाका में एक इंटरनेशनल संस्थान में काम करते हैं। वह आवामी लीग के रिसर्च संस्था में भी बहुत मदद करते हैं। रेहाना की बड़ी ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सांसद है। छोटी बेटी एक संस्था में रिस्क एनालिसिस एडिटर है।

**बांग्लादेश में भारतीय...**

इस अंतर्निहित परिस्थिति ने इस वर्ष जून में शुरू हुए छात्र आंदोलन को और उग्र बना दिया। हिंसा में वृद्धि होती रही, जिसमें सार्वजनिक भवनों और अवसंरचना पर हमले की घटनाएं तथा यातायात एवं रेल अवरोध शामिल थे। यह हिंसा जुलाई माह तक जारी रही। इस अवधि के दौरान, हमने बार-बार संयम बरतने की सलाह दी और कहा कि बातचीत के जरिए स्थिति को शांत किया जाए। इसी प्रकार की बात उन विभिन्न राजनीतिक शक्तियों से की गई, जिनके साथ हम संपर्क में थे। उन्होंने सदन में कहा कि 21 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बावजूद, सार्वजनिक आंदोलन में कोई कमी नहीं आई। तत्पश्चात लिए गए विभिन्न निर्णयों और कार्रवाइयों ने स्थिति को और प्रतिकूल बना दिया। इस समय आंदोलन एक सूत्री एजेंडे के इर्द-गिर्द केंद्रित था, वह यह कि प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ देना चाहिए। 4 अगस्त को, घटनाक्रम ने अत्यंत गंभीर मोड़ लिया। पुलिस थानों और सरकारी प्रतिष्ठानों सहित पुलिस पर हमले तेज हो गए, और इस तरह हिंसा और अधिक बढ़ गई। पूरे देश में सरकार से जुड़े लोगों की संपत्तियों को आग लगा दी गई। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह थी कि अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर भी कई स्थानों पर हमले हुए। इसका पूरा आकलन अभी भी पूरी तरह से नहीं किया जा सका है।

**लगातार आदेश के...**

रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि ट्रैफिक बूथ और पोस्ट के निकट मॉड्यूलर वॉशरूम की व्यवस्था कर दी जाएगी। कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी से मौखिक कहा कि रांची में ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड लगातार मेंटेन रहे, यह सुनिश्चित करें। ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनी रहे, इसके लिए लगातार स्पेशल अभियान चलाएं। यह भी देखें की ऑटो या ई-रिक्शा चालक अपने वाहन में निर्धारित संख्या से ज्यादा यात्री किसी भी स्थिति में नहीं बैठाएं। राजधानी रांची में ट्रैफिक में सुधार जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। वीआईपी मूवमेंट के समय तो ट्रैफिक व्यवस्था ठीक रहती है, लेकिन आम लोगों का रांची के सड़कों पर चलना काफी कष्टकारी होता है। प्रतिदिन उन्हें जाम की समस्या से निपटना पड़ता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रैफिक सुधार के लिए किए गए उपायों की जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को निर्धारित किया।

**रांची में यातायात...**

डीजीपी के आदेश पर रांची एसएसपी ने टीम गठित की है, जिसे स्पेशल क्विक रिस्पांस टीम का नाम दिया गया है। इसके लिए 20 पुलिसकर्मियों को चयनित किया गया है। चयनित पुलिस कर्मियों को वायरलेस और सायरन युक्त 10 बाइक दी गई है। एक बाइक पर दो पुलिसकर्मी बैठ कर ट्रैफिक को नियंत्रण करने का काम करेंगे। डीआईजी के अनुसार, शहर में यदि कहीं भी बहुत ज्यादा जाम की स्थिति होगी, वहां तुरंत स्पेशल टीम कूच करेगी और जाम को हटाने का काम करेगी। क्विक रिस्पांस टीम पूरे शहर में घूम-घूम कर जहां-तहां अपने वाहन को पार्क करने वाले लोगों पर कार्रवाई भी करेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## बीएसएफ महानिदेशक ने सीमा सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा



**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने अपने दौरे के दूसरे दिन उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित आईसीपी पेट्रापोल और 68वीं बटालियन की सीमा चौकी राणाघाट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रवि गांधी (अतिरिक्त महानिदेशक, पूर्वी कमान) और मनिंदर प्रताप सिंह (महानिरीक्षक, दक्षिण बंगाल) फ्रंटियर के साथ सामरिक और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। चौधरी का यह दौरा बांग्लादेश में हाल ही में हुई घटनाओं के संदर्भ में इन प्रमुख स्थानों पर बीएसएफ की तैयारियों और तैनाती रणनीतियों का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया।

### पेट्रापोल बॉर्डर पर उतारे गए 45 बांग्लादेशी यात्री, ढाका-कोलकाता बस सेवा ठप

**कोलकाता।** भारतीय सीमा पर स्थित भूमि बंदरगाह पेट्रापोल पर मंगलवार को 45 बांग्लादेशी नागरिकों को ढाका जाने वाली बस से उतरना पड़ा, क्योंकि दोनों देशों के बीच बस सेवाएं बंद कर दी गई हैं। बांग्लादेश में भारी उथल-पुथल के कारण सड़कों पर विरोध प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा है। श्यामली परिवहन के मालिक अबानी घोष पश्चिम बंगाल परिवहन निगम के साथ भारत से बस सेवाओं का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि अव्यवस्था और कर्फ्यू के बीच हमने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए सेवा चलाने के हर संभव प्रयास किए। हमें आज से सेवाओं के सामान्य होने की उम्मीद थी, लेकिन जैसे ही हमारी बस सौहार्द बॉर्डर प्वाइंट पेट्रापोल पर पहुंची तो हमें बताया गया कि अंतर-देशीय बस सेवाएं अगली सूचना तक बंद कर दी गई हैं।

### बांग्लादेश में गैर मुस्लिमों पर नहीं थम रहे हमले

# खतरे में अल्पसंख्यक समुदाय

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से हिंदू, बौद्ध सहित गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों पर हमलों की घटनाएं लगातार जारी हैं। विभिन्न जिलों में हिंसा, तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस अस्थिरता के माहौल में अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एक्य परिषद् ने मंगलवार शाम पिछले दो दिनों के दौरान देशभर में हुए गैर मुस्लिम समुदाय (हिंदू, बौद्ध और क्रिश्चियन) के घरों और पूजा स्थलों पर हमले की सूची जारी की है। इसके मुताबिक शेरपुर के शत्रीबर्दी में युवक एकता परिषद के अध्यक्ष के घर पर हमला कर लूटपाट की गई। इसी तरह, खुलना के रूपसा थाने के हाइसगाती गांव में श्यामल कुमार दास और स्वजन कुमार दास के घर पर हमला हुआ। खुलना जिले में ही जिला एकता परिषद के अध्यक्ष बिमान बिहारी अमित और युवक एकता परिषद के अध्यक्ष अनिमेष सरकार रिंटू के टुटपाड़ा स्थित घरों पर भी हमला कर लूटपाट की गई। दाकोप के बनिसांता के आमतली में जयंत गाइन के घर पर हमला हुआ। वहीं, खुलना के ही कई अन्य इलाकों में अल्पसंख्यक परिवारों के घरों पर हमले, तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। फेनी में दुर्गा मंदिर पर हमला किया गया। दिनाजपुर में फूलतला श्मशान घाट पर कब्जा कर लिया गया और परबतिपुर के काली मंदिर समेत पांच मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। मंगलवार को बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद ने अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले की जो सूची जारी की है, उसमें 56 घटनाओं का जिक्र है।

दिनाजपुर के सेताबगंज बोचागंज में अल्पसंख्यक परिवारों के घरों पर हमले और लूटपाट की घटनाएं जारी हैं। चिरिरपोर्ट थाने के धल्ला गांव में भी अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) के घरों पर हमला कर तोड़फोड़ की गई। नर्सिंगदी में पूजा उदयापन परिषद के नेता दीपक साहा के घर और कार्यालय पर हमला कर लूटपाट की गई। लक्ष्मीपुर में चंद्रगंज के गौतम मजुमदार के घर पर हमला, तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की गई। किशोरगंज के कुलियारचर के अगोरपुर गांव में नकुल कुमार और सुशांत के घर पर आगजनी की गई। चटगांव के राउजान में उज्ज्वल चक्रवर्ती के घर पर हमला हुआ।



### अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने को नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस राजी

**ढाका।** बांग्लादेश में लंबे समय तक सत्तारूढ़ रहीं शेख हसीना के छात्र आरक्षण आंदोलन की हिंसक लपटों के बीच देश छोड़ने के बाद अंतरिम सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। बांग्लादेश के प्रमुख बांग्लाभाषी अखबार प्रोथोम अलो के अनुसार, नोबेल पुरस्कार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने को राजी हो गए हैं। प्रोथोम अलो और द डेली स्टार अखबार के अनुसार, आंदोलन के समन्वयकों में से एक नाहिद इस्लाम ने मंगलवार तड़के एक वीडियो संदेश में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि प्रो यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। उनकी प्रो यूनुस से बात हो गई है। छात्रों के आह्वान पर वह बांग्लादेश की रक्षा के लिए यह अहम जिम्मेदारी लेने को तैयार हो गए हैं। उन्होंने अपनी सहमति दे दी है।

### हिंसा और तख्तापलट केवल छात्र आंदोलन नहीं

## बांग्लादेश की घटना से भारत को सबक लेने की जरूरत

**» जब अमेरिकी डीप स्टेट, चीन और पाकिस्तान के साथ अन्य कई आतंकी ताकतें किसी देश में हस्तक्षेप करती हैं, तो ऐसा ही होता है।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ छात्र आंदोलन इतना बढ़ा कि शेख हसीना को अपनी सत्ता छोड़कर देश से भागना पड़ा। वह भारत पहुंचीं और कई देशों से अपने लिए शरण की गुहार लगाती दिखीं। लेकिन, यह मत सोचिए कि बांग्लादेश में जो कुछ हुआ है, वह बांग्लादेश तक ही सीमित है। क्योंकि, जब अमेरिकी डीप स्टेट, चीन और पाकिस्तान के साथ अन्य कई आतंकी ताकतें किसी देश में हस्तक्षेप करती हैं, तो ऐसा ही होता है। इसका इसके पहले सबसे बेहतर उदाहरण अफगानिस्तान और श्रीलंका में हुआ तख्तापलट है। लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई शेख हसीना की सरकार ने ये सोचा भी नहीं होगा कि पाकिस्तान की राह पर चलकर वहां भी सेना के इशारे पर तख्तापलट की साजिश होगी और वह भी छात्र आंदोलन की आड़ में, जिसमें देश की आतंकी ताकतें भी शामिल होंगी।

यह जो आंदोलन बांग्लादेश में देखने को मिला, यह केवल बांग्लादेश तक ही सीमित है, ऐसा सोचना हमारे लिए भी खतरनाक हो सकता है। क्योंकि, पश्चिमी देश जो दूसरे देशों के लोकतंत्र में हस्तक्षेप करते हैं, तो उसका असर ऐसा ही होता है। शेख हसीना लोकतांत्रिक तरीके से चुनावी प्रक्रिया के जरिए चौथी बार चुनकर वहां की सत्ता पर काबिज हुई थीं। लेकिन, वहां बेगम खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन, जमात-ए-इस्लामी यह पचा नहीं पा रही थी और फिर अमेरिकी डीप स्टेट, चीन और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का जिस तरह से उन्हें सपोर्ट मिला, उसी की तस्वीरें आपको बांग्लादेश में नजर आ रही है। शेख हसीना अमेरिका और चीन की परवाह किए बिना बांग्लादेश को 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत के तहत विकास के रास्ते पर आगे ले जा रही थीं। इस वजह से एशिया के कई देशों के मुकाबले 'विकास और हैप्पीनेस' के मामले में बांग्लादेश बेहतर स्थिति में था, जो अमेरिका और चीन सहित पाकिस्तान की कई ताकतों को एकदम पसंद नहीं आ रहा था। सुपर पावर अमेरिका बांग्लादेश में एयरबेस के लिए जमीन मांग चुका था और शेख हसीना ने इससे इनकार कर दिया था। अमेरिका इससे नाराज था और वह चाहता था कि हसीना बांग्लादेश का चुनाव हार जाएं।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एलओआर यानी लेटर्स ऑफ़ रेकमेंडेशन की सबसे ज्यादा जरूरत विदेश में पढ़ने जाने वाले स्टूडेंट्स को होती है। एलओआर की ही मदद से स्टूडेंट्स को एडमिशन देने वाली कमेटी समझ पाती है कि स्टूडेंट कोर्स करने की सभी योग्यताओं को पूरा करता है। एलओआर मुख्य रूप से प्रोफेसर द्वारा लिखा जाता है जो आपके बारे में सब कुछ जानता है और इसके अलावा वे यूनिवर्सिटीज के लिए स्टूडेंट्स को शॉर्टलिस्ट करने में भी हेल्प करता है। एलओआर स्टूडेंट्स के लिए यूनिवर्सिटीज में एक रैफरी की भूमिका निभाता है।

# विदेशी विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए एलओआर लिखवाना होता है अनिवार्य




*एलओआर तैयार करना कोई आसान काम नहीं है। वास्तव में, यह आपके एमएस एप्लिकेशन में एक प्रमुख मील का पत्थर है जिसके लिए बहुत समय और योजना की आवश्यकता होती है। लेकिन एलओआर लिखते समय कुछ सामान्य गलतियां होती है। यहां सबसे आम और बार-बार होने वाली भूलों की लिस्ट दी गई है-*

- सबसे पहली भूल है इंटरनेट से एक सामान्य एलओआर को कॉपी-पेस्ट करना।
- आपके रेफरी को आपको अच्छी तरह से जानना चाहिए और आपका संदर्भ लिखने के लिए उचित रूप से योग्य होना चाहिए।। गलत रेफरी को चुनना आपकी भूल हो सकती है।
- आपका एलओआर केवल आपके एसओपी और सीवी का पुनरावलोकन नहीं होना चाहिए।
- आपका एलओआर विश्वविद्यालय के लेटरहेड पर टाइप (हस्तलिखित नहीं) होना चाहिए और एक सीलबंद लिफाफे के अंदर रखा जाना चाहिए। अन्यथा, आपके एलओआर की प्रामाणिकता संदिग्ध है।
- आपके एलओआर में प्रासंगिक जानकारी का अभाव होना आपकी गलती हो सकती है।
- वर्तनी की गलतियाँ एक बड़ी गलती हैं। यह उस व्यक्ति की विश्वसनीयता के बारे में संदेह पैदा कर सकता है जो आपकी सिफारिश कर रहा है।
- एलओआर में राजनीतिक रूप से गलत भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए।
- आपका एलओआर लगभग एक पृष्ठ लंबा होना चाहिए – जिसका अर्थ है कि ए4 पेज पर लिखे जाने पर लगभग 500 से 600 शब्द होने चाहिए।

### आवश्यक विशेषताएं

एलओआर उन उम्मीदवारों के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है जो विदेश में कोर्स करने के लिए या फिर जॉब प्रोफाइल के लिए आवेदन करते हैं। इसके लिए किसी उम्मीदवार की योग्यता निर्धारित करने के लिए आवंटित मूल्यांकन समिति ने उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात नहीं की है या उन्हें व्यक्तिगत स्तर पर नहीं जाना है और उन्हें यह नहीं पता होगा कि उम्मीदवार कितना प्रतिभाशाली और सक्षम है जब तक कि उनके मौजूद दस्तावेज उनके व्यक्तित्व और लक्षणों को उजागर नहीं करते। एलओआर का मसौदा तैयार करते समय आपको कुछ प्रमुख पॉइंट्स पर ध्यान देना है।

- एलओआर को सटीक रूप से स्पष्ट करने की आवश्यकता है। यह अनिवार्य रूप से पूरी जानकारी के साथ होना चहिए ताकि पाठक को आवेदक और उनके व्यक्तित्व के बारे में पता लगाया जा सकें।
- इसको ज्यादा आकर्षित करने की जरूरत नहीं है क्योंकि तब ऐसा लगेगा कि लिखने वाला व्यक्ति उम्मीदवार की अतिरंजित छवि पेश करने की कोशिश कर रहा है।
- एक एलओआर को होलिस्टिक एप्रोच के साथ लिखा जाना चाहिए ताकि एक उम्मीदवार की ताकत और उपलब्धियों पर जितना प्रकाश डाला जाए, उसके कमजोर बिंदुओं पर भी चर्चा की जानी चाहिए जिससे दोनों के बीच संतुलन बना रहे।
- इसमें मौलिकता की भावना के साथ-साथ पर्सनल टच भी होना चाहिए क्योंकि यह कहीं और से कॉपी किया हुआ नहीं दिखना चाहिए।
- एलओआर लिखते समय ध्यान रखने योग्य बातें

### एलओआर कौन लिखता है

- सबसे पहले, यह कोई ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसके साथ आपने अतीत में काम किया हो; जो आपके काम और व्यक्तित्व से परिचित है।
- दूसरे, सिफारिश किसी ऐसे व्यक्ति की होनी चाहिए जो आपका सीनियर हो। अपने साथियों और जूनियर से एलओआर मांगना उचित नहीं है।
- तीसरा, यह कोई ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो आपके काम से सकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ हो। किसी ऐसे व्यक्ति से एलओआर मांगना जो आपके काम या उसके प्रभाव को नहीं समझता है, आपके लिए सही नहीं होगा।
- जिन उम्मीदवारों ने अभी-अभी ग्रेजुएशन किया है, वे एलओआर के लिए अपने प्रोफेसर या सुपरवाइजर से संपर्क कर सकते हैं।
- जो लोग अपना व्यवसाय करते हैं या पारिवारिक व्यवसाय चलाते हैं, वे अपने वेंडर्स, बैंकरों, सलाहकारों, ग्राहकों, ऑडिशन,इन्वेस्टर्स से एलओआर के लिए संपर्क कर सकते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने परिवार के सदस्यों को आपके लिए एलओआर लिखने के लिए न कहें।

**एलओआर के प्रकार :** अकादमिक एलओआर अकादमिक एलओआर मुख्य रूप से अकादमिक इंस्टीटूशन के सदस्यों के द्वारा स्टूडेंट्स को दिया जाता है। विदेश में पढ़ाई के लिए गए स्टूडेंट्स को वहाँ कि यूनिवर्सिटीज कम से कम एक अकादमिक एलओआर की मांग करती है। ऐसे में स्टूडेंट्स अपने पुरानी अकादमिक इंस्टीटूशन से हेल्प ले सकते हैं। इस तरह का एलओआर स्टूडेंट्स की योग्यता को दिखाता है कि वे इस कोर्स को शुरू करने के लायक है।

**प्रोफेशनल एलओआर :** विदेशों में ज्यादातर यूनिवर्सिटीज मुख्य रूप से मास्टर्स एडमिशन के लिए कार्य अनुभव की मांग करती है। वहीं प्रोफेशनल एलओआर आपको आपके सीनियर द्वारा या फिर आपकी पुरानी कंपनी के सहकर्मीयों द्वारा दिया जा सकता है। इसके अलावा स्टूडेंट्स को यह पता होना चाहिए कि प्रोफेशनल एलओआर लेटरहेड पर लिखा होना जरूरी है। प्रोफेशनल एलओआर काम करने की योग्यता के साथ वहाँ के वातावरण, टीमवर्क और शहर पर फोकस करता है।

### एलओआर का फॉर्मेट क्या रहता है

आमतौर पर एलओआर का प्रारूप में 4 से 5 पैराग्राफ में लिखे जाते हैं जिनमें आवेदक की योग्यता के बारे में अच्छी तरह से बताया गया होता है। हर एक पैराग्राफ में एक मुख्य सेक्शन होता है जो कैंडिडेट के बारे में जानकारी देता है। चलिए नीचे दिए गए पाइंट्स से समझते हैं एलओआर के प्रारूप के बारे में।

**फर्स्ट पैराग्राफ :** फर्स्ट पैराग्राफमें स्टूडेंट्स और रेकमेंडेर के बीच अच्छे रिलेशन को बनाना होता है। यह आमतौर पर व्यक्ति की ऐजुकेशन के साथ-साथ प्रोफेशनल डेजिग्नेशन को बताते हुए शुरू किया जाता है और अंत में यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि रेकमेंडेर ऐसा करने में क्यों खुशी जाहिर कर रहा है।

**सेकंड पैराग्राफ :** एलओआर के दूसरे पैराग्राफ में उम्मीदवार की संभावित ताकत के साथ-साथ उन गुणों के बारे में बात करनी चाहिए जो उसे आगामी कोर्स के साथ और अधिक मदद करेंगे।

**थर्ड पैराग्राफ :** थर्ड पैराग्राफ में आपको उम्मीदवार की क्षमताओं के साथ-साथ निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के प्रति समर्पण को बताते हुए वास्तविक परिदृश्य के बारे में बताना होगा।

**फोर्थ पैराग्राफ :** आखरी पैराग्राफ में लिखेंगे कि कैसे आपकी क्षमताएं आपको उस कोर्स के लिए एक आदर्श उम्मीदवार बनाती हैं जिसमें आप नामांकन करने वाले हैं ये लिख कर अपने एलओआर को खत्म करेंगे।

### एलओआर लिखते समय ध्यान रखने योग्य आवश्यक टिप्स ये हैं-

*एलओआर आमतौर पर 400-500 शब्द का निबंध होता है। यह पत्र उम्मीदवार के कौशल, क्षमताओं, ताकत और कमजोरियों के बारे में बात करता है। ध्यान रखने योग्य सबसे महत्वपूर्ण बिंदुओं में से एक यह है कि जानकारी सटीक होनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप एसोसिएशन की प्रकृति और उसके कार्यकाल का उल्लेख कर रहे हैं। आपके एलओआर पर काम करते समय ध्यान में रखे जाने वाले कुछ पॉइंट नीचे दिए गए हैं :*

1. अधिकांश विश्वविद्यालयों को एलओआर को पिछले संस्थान या कंपनी के आधिकारिक लेटरहेड पर होना आवश्यक है।
2. एक पेशेवर एलओआर जारी करते समय, आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एलओआर लिखने वाला अभी भी कंपनी में काम कर रहा हो।
3. आपको यह समझना चाहिए कि एलओआर एसओपी के समान नहीं होता है, क्योंकि वे दो अलग-अलग दस्तावेज हैं।
4. आपके व्यक्तित्व के विभिन्न दृष्टिकोणों और पहलुओं को प्रदर्शित करने के लिए एक आदर्श एलओआर की आवश्यकता होती है जो आपके रेज़्यूमे या एसओपी में नहीं बताए गए हैं ।




### एलओआर किसके लिए और क्यों जरूरी

वे सभी जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से एलओआर की आवश्यकता होगी, विशेष रूप से वे जो विदेश में पढ़ाई करने की योजना बना रहे हैं। पढ़ाई के स्तर और कोर्स की फील्ड की परवाह किए बिना; छात्रों को आमतौर पर अकादमिक और पेशेवर पृष्ठभूमि से संबंधित 2 एलओआर की आवश्यकता होती है। कई बार, यूजी लेवल के कोर्स में दाखिला लेने वाले स्टूडेंट्स के पास कार्य अनुभव नहीं होता है; इस प्रकार, वे स्कूल के टीचर, इंस्टिट्यूट टीचर, प्रोफेसर,काउंसलर इनसे एलओआर के लिए अनुरोध कर सकते हैं। जबकि मास्टर्स करने वाले स्टूडेंट्स एलओआर के लिए अपने लास्ट नियोक्ता, इंटर्नशिप प्रबंधक, कॉलेज के प्रोफेसर से लैटर प्राप्त कर सकते हैं।